सूर्योदय 5:56 सूर्यास्त 6:48

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.0 न्यू | 22.5 अधि |
| धर्मशाला | 20.0 न्यू | 29.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81086.21 |
| निफ्टी | 24823.15 |

सोना 70,980 चांदी 91,700

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान






आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 26 अगस्त 2024 | 11 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 249, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### टेलीग्राम के सीईओ पावेल डुरोव फ्रांस में गिरफ्तार



**पेरिस।** टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप के फाउंडर एवं सीईओ पावेल डुरोव को फ्रांस के पेरिस के बार्गेट एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया है। डुरोव के खिलाफ पहले से ही वारंट जारी था। फ्रांस में टेलीग्राम पर कंटेंट मॉडरेशन में कमी बरतने का आरोप लगा है और फ्रांस पुलिस ने दावा किया कि उनके प्लेटफॉर्म के जरिए कई गैर-कानूनी कार्य जैसे ड्रग तस्करी, यौन शोषण संबंधित सामग्री साझा करना और मनी लॉड्रिंग जैसे कई कार्यों को अंजाम दिया जा रहा था। इसी मामले में फ्रांस पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है।

### चिराग पासवान बने लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष



**रांची।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में रविवार को पांच वर्ष के लिए पुनः पार्टी अध्यक्ष चुन लिया गया। पासवान ने बताया कि बैठक में यह फैसला सर्वसम्मति से लिया गया। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि बैठक में हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों पर भी चर्चा की गई।

### पाक ने एससीओ बैठक के लिए मोदी को भेजा न्योता

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) बैठक में शामिल होने के लिए पाकिस्तान आने का न्योता दिया है। यह बैठक अक्तूबर में इस्लामाबाद में होनी है और इसमें शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के राष्ट्र प्रमुख शामिल होंगे। शंघाई सहयोग संगठन की राष्ट्र प्रमुखों की बैठक में पीएम मोदी शामिल होते रहे हैं, लेकिन इस साल कजाखस्तान में हुई बैठक में पीएम मोदी शामिल नहीं हुए थे, क्योंकि यह बैठक आम चुनाव के समय हुई थी। पीएम की जगह उस बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हुए थे।

### दिल्ली दंगे के आरोपी हैदर को मिली जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने जामिया स्टूडेंट और राजद युवा विंग के नेता मीरान हैदर को जमानत दे दी है। हैदर पर नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली दंगे के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप है। दिल्ली में 23 फरवरी 2020 को शुरू हुआ दंगा 26 फरवरी को जाकर थमा था। नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में हुए इस दंगे में 53 लोगों की जान चली गई थी। दंगे में 581 लोग घायल हुए थे।

# हिमाचल में मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना को कैबिनेट की मंजूरी

## पुलिस कर्मियों को झटकाः एचआरटीसी बसों में रियायती यात्रा का मासिक शुल्क बढ़ाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिमला में रविवार को हुई मंत्रिमंडल बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में रविवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में मंत्रिमंडल ने 'मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना' को लागू करने का निर्णय लिया गया। इस योजना का उद्देश्य विधवाओं, निराश्रित महिलाओं, तलाकशुदा महिलाओं और दिव्यांग अभिभावकों को अपने बच्चों का पालन-पोषण और शिक्षा प्रदान करने में सहयोग प्रदान करना है।

वहीं, राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना-2023 के तहत ई-टैक्सियों की खरीद के लिए 10 प्रतिशत मार्जिन मनी जमा कराने और बैंक की ओर से ऋण की किस्त के वितरण के उपरांत तीन माह के भीतर 50 प्रतिशत उपदान प्रदान करने को मंजूरी दी। यूको बैंक को ऋण स्वीकृति के लिए नोडल बैंक नामित किया है। लाभार्थियों को 7.9 प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज दर पर ऋण प्रदान किया जाएगा। उधर, निरीक्षक पद तक के पुलिस कर्मियों, जेल अधिकारियों (जेल वार्डन से लेकर गैर-राजपत्रित रैंक के कार्यकारी कर्मचारियों तक) और प्रदेश सचिवालय के सुरक्षा गार्डों के लिए एचआरटीसी बसों में रियायती यात्रा के लिए मासिक शुल्क 110 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए प्रति माह करने का निर्णय लिया। मेडिकल कॉलेज नाहन में ईएनटी व मनोचिकित्सा विभाग में सहायक प्रोफेसर का एक-एक पद भरा जाएगा। अटल सुपरस्पेशियलिटी चिकित्सा संस्थान चमियाणा व आईजीएमसी में आपातकालीन सेवाओं के लिए दो इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने का निर्णय भी लिया गया।

### प्री-प्राइमरी बच्चों की आयु में छह माह की छूट

**शैक्षणिक** वर्ष 2023-24 के दौरान नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी में पहले से दाखिल बच्चों के लिए आयु में छह माह की छूट को स्वीकृति प्रदान की। इससे उन्हें पहली कक्षा तक अगली उच्च कक्षाओं में दाखिले की अनुमति मिल सकेगी। मंत्रिमंडल ने कांगड़ा जिले के डाडासीबा में एक नया उपमंडल पुलिस कार्यालय व आलमपुर में पुलिस पोस्ट स्थापित करने व संसारपुर टैरेस व मोइन पुलिस पोस्ट को पुलिस स्टेशन में स्तरोन्नत करने का निर्णय लिया।

### देहरा में खुलेगा जलशक्ति विभाग का सर्कल

**देहरा** में जल शक्ति विभाग का नया सर्कल खोलने व हरोली विधानसभा क्षेत्र के खड्ड में उपमंडल, अनुभाग स्थापित व लोक निर्माण विभाग का उपमंडल खोलने और पद सृजित करने की मंजूरी दी। शिमला के कोटखाई के गुम्मा क्षेत्र के उबादेश में अग्निशमन चौकी खोली जाएगी।

# मुख्य आरोपी संजय रॉय का हुआ पॉलीग्राफ टेस्ट

## कोलकाता रेप-मर्डर केसः अब साइकोलॉजिकल टेस्ट की रिपोर्ट से होगा आकलन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कोलकाता** के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के मुख्य आरोपी संजय का रविवार को पॉलीग्राफ टेस्ट हुआ। सीबीआई और सेंट्रल फॉरेंसिक टीम के सदस्यों ने दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक संजय से कई सवाल किए। अब सीबीआई की टीम संजय रॉय के साइकोलॉजिकल टेस्ट की रिपोर्ट से पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट का आकलन करवाएगी, ताकि यह पता लगाया जाएगा कि दोनों टेस्ट में आरोपी ने सीबीआई के सवालों में कितना सच कहा है।

शनिवार को आरजी मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष, 4 डॉक्टर और एक वॉलंटियर का पॉलीग्राफ टेस्ट किया था। गिरफ्तारी के बाद संजय ने अपराध कबूल किया था, लेकिन जब से सीबीआई ने जांच अपने हाथ में ली है, तब से वह लगातार अपना बयान बदल रहा है। सियालदह कोर्ट में उसने खुद को निर्दोष बताया था। सीबीआई पूछताछ में भी वह स्पष्ट जवाब नहीं दे रहा था।

### सीबीआई की पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के घर और अन्य लोगों के 15 ठिकानों पर छापेमारी



**आरजी** कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में कथित वित्तीय गड़बड़ी की जांच के सिलसिले में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सीबीआई के अधिकारियों ने पूर्व प्राचार्य संदीप घोष, पूर्व चिकित्सा अधीक्षक सह उपप्राचार्य (एमएसवीपी) संजय वशिष्ठ से जुड़े परिसरों सहित 15 ठिकानों पर रेड मारी। इस दौरान सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक यूनिट ने मरीजों के प्रबंधन और देखभाल के लिए सामग्री की आपूर्ति में लगे लोगों के घरों और ऑफिसों में भी तलाशी ली। केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) की 7 सदस्यीय की टीम रविवार सुबह 6 बजे पूछताछ के लिए संदीप घोष के घर पहुंची थी। हालांकि, टीम करीब 90 मिनट बाद घर में दाखिल हो पाई, क्योंकि दरवाजे नहीं खुले थे। इसके अलावा सीबीआई के अधिकारी सुबह 8 बजे से ही संदीप घोष से उनके बेलियाघाटा स्थित आवास पर पूछताछ की। इसके अलावा उपप्राचार्य संजय वशिष्ठ व अस्पताल के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के एक अन्य प्रोफेसर से भी पूछताछ की गई।

### अस्पताल के पास लागू निषेधाज्ञा की अवधि 31 तक बढ़ाई

**कोलकाता** पुलिस ने सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के निकट लागू निषेधाज्ञा की अवधि को एक और सप्ताह के लिए यानी 31 अगस्त तक बढ़ा दिया है। निषेधाज्ञा पहली बार 18 अगस्त को लागू की गई थी, जिसके तहत निर्दिष्ट क्षेत्र में पांच से अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध है।

## चिचोंग पुल से गुजर रहा डंपर भी गिरा; चालक सुरक्षित, मार्ग अवरुद्ध

# लोसर और काजा को जोड़ने वाला पुल ढहा

**कमलेश वर्मा, काजा**

**लाहौल**-स्पीति में रविवार सुबह एनएच-505 पर लोसर और काजा को जोड़ने वाला चिचोंग पुल ढह गया। इससे काजा-कुल्लू संपर्क मार्ग अवरुद्ध हो गया है। जब डंपर लोहे पुल से गुजर रहा था, तो पुल क्षतिग्रस्त हो गया।

हालांकि, इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। पुल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलते ही बीआरओ 108 आरसीसी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। बीआरओ ने डंपर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। (अनंत ज्ञान)

### डंपर में अधिक भार होने से हुआ हादसा



**बीआरओ** की 108 आरसीसी के ऑफिसर कमांडिंग राज कुमार प्रकाश ने बताया कि डंपर किसी व्यक्ति का है। डंपर में अधिक भार होने के कारण पुल क्षतिग्रस्त हुआ है। डंपर मालिक पर मामला दर्ज करवा दिया है। लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि स्पीति का चिचोंग पुल क्षतिग्रस्त हुआ है। बीआरओ जल्द ही क्षतिग्रस्त पुल को ठीक कर लेगा। फिलहाल ट्रैफिक को कियामो पुल की ओर से डायवर्ट किया गया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि लोसर से बाया कियोमो होते हुए काजा के लिए आवाजाही करें।

# राजनीति में आने वाले युवाओं को मार्गदर्शन की तलाश: मोदी

## पीएम ने 'मन की बात' के 113वें एपिसोड में अंतरिक्ष जगत से जुड़े युवाओं से की चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 113वें एपिसोड में कहा कि 21वीं सदी में भारत में बहुत कुछ ऐसा हो रहा है, जो 'विकसित भारत' की नींव को मजबूत कर रहा है। 23 अगस्त को ही देशवासियों ने पहला नेशनल स्पेस डे मनाया।

पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान-3 ने चांद के दक्षिणी हिस्से में शिव-शक्ति बिंदू पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी। भारत इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने वाला दुनिया का पहला देश बना था। उन्होंने कहा कि स्पेस टेक्नोलॉजी 'जय जवान' भी करेगी और 'जय किसान' भी करेगी।

उन्होंने कहा कि बिना पॉलिटिकल बैकग्राउंड वाले युवाओं का राजनीति में आने से लोकतंत्र मजबूत होगा। मैंने इस साल लाल किले से बिना पॉलिटिकल बैकग्राउंड वाले 1 लाख लोगों को पॉलिटिकल सिस्टम से जुड़ने की बात कही थी। हमारे युवा राजनीति में आना चाहते हैं, लेकिन उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत है। पीएम ने तिरंगा अभियान, बच्चों में न्यूट्रिशन को लेकर जागरूकता जैसे मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्रों से स्पेस सेक्टर में स्टार्टअप खड़ा करने वाले आईआईओ मद्रास के स्टूडेंट्स से भी बात की। अरुणाचल में 3-डी प्रिंटिंग का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के झाबुआ में कुछ ऐसा शानदार हो रहा है। वहां पर हमारे सफाई-कर्मी भाई-बहनों ने कमाल कर दिया है। इस टीम ने झाबुआ के एक पार्क में कचरे से अद्भुत आर्ट वर्क तैयार किया है।

### महिलाओं के खिलाफ अपराध माफी योग्य नहीं

**पीएम ने 11 लाख महिलाओं को बांटे सर्टिफिकेट**

**जलगांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी सम्मेलन में 11 लाख लखपति दीदी को सर्टिफिकेट बांटे। पीएम मोदी ने नेपाल बस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले पर कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य है और अपराध माफी योग्य नहीं है। दोषी कोई भी हो, बचना नहीं चाहिए।

# हसीना के खिलाफ हत्या के चार और मामले दर्ज

**एजेंसी, ढाका**



**बांग्लादेश** की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके पूर्व कैबिनेट सहयोगियों के खिलाफ हत्या के कम से कम चार और मामले दर्ज किए गए हैं।

वर्ष 2010 में बांग्लादेश राइफल्स (बीडीआर) के एक अधिकारी अब्दुर रहीम की मौत के मामले में रविवार को हसीना, बांग्लादेश सीमारक्षक बल (बीजीबी) के पूर्व निदेशक जनरल अजीज अहमद व 11 अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। बीडीआर के सहायक उपनिदेशक रहे रहीम वर्ष 2010 में पिलखाना में कत्लेआम मामले में आरोपी थे। उसी साल 29 जुलाई को हिरासत में रहते हुए जेल में उनकी मौत हो गई थी।


### फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश एटीएस ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड रविकेश को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। रविकेश पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम रखा था। रविकेश मूल रूप से दरभंगा (बिहार) का रहने वाला है। रविकेश ने अब तक कई राज्यों में रहकर 4 लाख से भी ज्यादा फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और पांच हजार फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए हैं। पुलिस आरोपी रविकेश से पूछताछ कर रही है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- कांग्रेस राज में विकास ठप और कुप्रबंधन अपः जयराम -पेज 3
- दुकानदार भी बेच सकेंगे अब ग्रीन कार्ड -पेज 9
- टमाटर के दामों में गिरावट, 650 रुपए प्रति क्रेट -पेज 12
- हिजबुल्लाह ने इसराइल पर दागे 300 से ज्यादा रॉकेट -पेज 13
- युवराज बन सकते हैं दिल्ली कैपिटल्स के कोच -पेज 14











## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल और सीएम ने जन्माष्टमी की दी शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां और ऊर्जा का संचार करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाओं और उनके आदर्शों को सभी को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। वर्तमान में भगवत गीता की शिक्षाएं और अधिक प्रासंगिक हैं। हम सभी को इन पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व प्रदेशवासियों के जीवन में समृद्धि और खुशहाली लेकर आएगा।

### चायल कोटी कॉलेज में एड्स पर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस जागरूकता अभियान के तहत डिग्री कॉलेज चायल कोटी के रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में एचआईवी अर्थात एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने एड्स बिमारी से बचाव बारे बच्चों का जागरूक किया। महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी, कोलाज, रंगोली, नारा लेखन आदि गतिविधियों के माध्यम से एड्स जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम संयोजक सहायक आचार्य बोबिजा शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए रेड रिबन के उद्देश्यों के बारे में बताया।

### युवा मंडल क्यार कोटी ने किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, शिमला।** युवा मंडल क्यार कोटी ने रविवार को नेरी देवधार जंगल में देवदार के 160 पौधे लगा कर वन महोत्सव मनाया। युवा मंडल क्यार कोटी के प्रधान देवेश शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा ग्राम पंचायत चैडी के प्रधान भुवनेश्वर शर्मा इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। युवा मंडल क्यार कोटी के सचिव विकास दीक्षित ने बताया कि युवा मंडल प्रति वर्ष आसपास के जंगल में पौधे लगाते हैं तथा युवा मंडल अन्य सामाजिक कार्यों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भुवनेश्वर शर्मा ने युवाओं को वन संरक्षण, भूमि संरक्षण व ग्लोबल वार्मिंग आदि विषय पर जानकारी दी। इस पौधरोपण कार्यक्रम में उमंग फाउंडेशन के ट्रस्टी विनोद योगाचार्य ने भी भाग लिया तथा युवा मंडल के सदस्य दलीप, सौरव, कुमुंद मोहन, उमेश शर्मा, कुलभूषण सुमन शर्मा , नीरज शर्मा, हरीश शर्मा, मंजीत, राज कुमार, मृदुल, नवकीर्ति, आदित्य, सोमेश शर्मा ने भाग लिया।

### पत्तल पर लंगर परोसने की तैयारियां शुरू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के स्थित ऐतिहासिक तारादेवी मंदिर में हरी पत्तल में श्रद्धालुओं को लंगर परोसे जाने की सफलता के बाद अब संकट मोचन मंदिर में भी लंगर पत्तल में परोसने की तैयारियां शुरू हो गई है। आगामी 1 सितम्बर 2024 से इसकी शुरुआत की जाएगी। जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण के आधीन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सुन्नी खंड में कार्य कर रहे सक्षम क्लस्टर लेवल फेडरेशन बसंतपुर को पत्तल बनाने का जिम्मा दिया गया है। जिला प्रशासन की योजना जिला के सभी मंदिरों में पत्तल पर लंगर परोसने की है और इसी के तहत प्रथम चरण में इसकी शुरुआत 14 जुलाई 2024 से तारादेवी मंदिर में की गई थी। अब दूसरे चरण में संकट मोचन मंदिर में पत्तल पर लंगर परोसा जाएगा।

### परीक्षा केंद्र कैंसिल करने पर जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठी का 10वीं और 12वीं का बोर्ड का परीक्षा केंद्र रद्द करने पर स्कूल प्रबंधन समिति ने अपना विरोध दर्ज किया है। यह पाठशाला प्रदेश की सबसे पुरानी पाठशाला है तथा अभी वर्तमान में जिला बिलासपुर की सबसे बड़ी पाठशाला है तथा इस पाठशाला में नजदीक की तीन प्राइवेट पाठशालाओं के बच्चों का भी परीक्षा केंद्र इसी पाठशाला में है। इस पाठशाला पर आरोप लगाया गया है कि मार्च 2024 में होने वाली 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में नकल हुई है जबकि किसी एक भी छात्र व छात्रा का कोई नकल करने का केस भी नहीं बना हुआ है। सीसीटीवी फुटेज को आधार बनाकर इस परीक्षा केंद्र को एक साल के लिए बंद कर दिया गया है ।जिसमें भी कुछ भी आपत्तिजनक या किसी अध्यापक को नकल करवाते सीसी टीवी फुटेज में नहीं पाया गया। इस पाठशाला में 500 से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं ।स्कूल प्रबंधन समिति व सभी बच्चों के अभिभावकों ने स्कूल शिक्षा बोर्ड व शिक्षा विभाग से निवेदन किया है कि परीक्षा केंद्र को बहाल किया जाए क्योंकि चार-पाठशालाओ के बच्चे परीक्षा देने कहां जाएंगे ।परीक्षा केंद्र बदलने से क्या होगा अगर बोर्ड या सरकार को ऐसा लगता है कि परीक्षा केंद्र में नकल हुई है तो बोर्ड स्कूल में अपना स्टाफ परीक्षा समय में लगवा दे तथा जो लोग उस समय परीक्षा ड्यूटी दे रहे थे उनकी ड्यूटी आइंदा के लिए ना ली जाए या दो या तीन साल तक इससे वंचित रख दें। स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेश गौतम ने बताया कि अगर परीक्षा केंद्र को समाप्त करने से बच्चों को ही परेशानी का सामना करना पड़ेगा जो बच्चों के हित में बिल्कुल भी नहीं है और परीक्षा केंद्र को एक साल के लिए बंद करने का निर्णय सही नहीं है। इसके लिए अभिभावक अगली रणनीति तय करेंगे साथ में स्कूल प्रबंधन समिति ने माननीय शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से भी इस मामले को देखने की अपील की है।

### बरोहा स्कूल में रक्तदान शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता के अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय बरोहा में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन संयुक्त रूप से इंसानियत संस्था डाहड़, रेड क्रॉस टीम जिला बिलासपुर के सहयोग से किया गया। उक्त जानकारी इंसानियत संस्था डाहड़ के अध्यक्ष पवन चंदेल ने दी। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर में एम्स बिलासपुर की टीम द्वारा रक्त इकट्ठा किया गया। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था का लक्ष्य है कि संस्था हर महीने किसी न किसी पंचायत मे रक्त दान शिविर लगाकर रक्त की कमी को पूरा करे क्योंकि देश में हर दिन हजारों लोगों की मृत्यु रक्त की कमी से होती है।इस रक्तदान शिविर में 35 लोगों ने रक्तदान किया।रक्तदान शिविर में एम्स बिलासपुर की टीम ने सेवाएं दीं। शिविर में अमित शर्मा, सौरभ ठाकुर, अजय ठाकुर, वरूण ठाकुर, धनी राम, मनोहर शर्मा, सुभाष जमवाल, राज कुमार, राम लाल, अशोक कुमार मिश्रा, कुलदीप, शमशेर, जितेंद्र, देवेंद्र समेत अनेक लोग उपस्थित रहे ।

# विपक्ष व सत्ता पक्ष तैयार, हंगामेदार रहेगा विधानसभा का मानसून सत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




हिमाचल विधानसभा मानसून सत्र को लेकर विपक्ष व सत्ता पक्ष तैयार है। विधानसभा से निपटने के लिए सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा का 27 अगस्त से शुरू होने वाला मानसून सत्र पूरी तरह से हंगामेदार रहेगा। विपक्ष ने जहां सत्ता पक्ष को घेरने की तैयारी की है वहीं सत्ता पक्ष ने भी विपक्ष के तेवरों का जवाब देने की पूरी तैयारी कर ली है। विधानसभा को प्राप्त हुए 842 प्रश्न विधायकों ने ऑनलाइन पूछे हैं। एक भी प्रश्न आफलाइन नहीं पूछा गया है। जिनमें 601 तारांकित प्रश्न और 241 अतारांकित प्रश्न आए हैं। तारांकित प्रश्नों में प्रश्नकाल के दौरान चर्चा होती है। जबकि अतारांकित प्रश्नों के केवल लिखित उत्तर दिए जाते हैं।

गौरतलब है कि विधानसभा का मानसून सत्र 27 अगस्त से 9 सितंबर तक चलेगा। सत्र में कुल 10 बैठकें आयोजित की जाएंगी। सत्र का शुभारंभ 27 अगस्त को सुबह 11 बजे विधानसभा के तीन पूर्व सदस्यों टेकचंद, नारायण सिंह स्वामी और दौलत राम चौधरी के निधन पर शोकोद्गार के साथ शुरू होगा।

इस दौरान दो दिन गैर सरकारी दिवस होगा। जिसमें विधायक अपने मसलों को नियम 101के तहत चर्चा के लिए उठाएंगे।

### 300 जवान संभालेंगे सुरक्षा का जिम्मा



विधानसभा मानसून सत्र के लिए 300 के करीब जवानों को सुरक्षा का जिमा सौंपा गया है। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए बम निरोधक दस्ते को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही घुड़सवार दल और खोजी कुत्ता दल भी सुरक्षा में तैनात रहेंगे। इसके साथ ही जिला के विभिन्न थानों से भी जवानों व अधिकारियों को विशेष रूप से ड्यूटी पर तैनात कर दिया जाएगा। सुरक्षा में खोजी कुत्ता दल को भी तैनात कर दिया जाएगा, जो संदिग्धों पर नजर रखेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने व किसी भी स्थिति से निपटने को तुरंत कार्रवाई दल पुलिस नियंत्रण कक्ष के संपर्क में होगी और किसी भी तरह की स्थिति से निपटने को तुरंत कार्रवाई करेगा। सत्र के दौरान सुरक्षा और किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए वज्र वाहन को भी तैनात किया जाएगा। दंगा नियंत्रण के लिए इसी आधुनिक वाहन का इस्तेमाल किया जाएगा। सुरक्षा कर्मियों को बाकायदा आधुनिक हथियारों के साथ लैस किया गया है।

### सादे लिवास में भी पुलिस रहेगी तैनात

विधानसभा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को पुता करने के लिए सादी वर्दी में भी जवानों को तैनात किया जाएगा। इसके लिए विशेष रुप से व्यवस्था की गई है। ये जवान कुछ भी होने पर तुरंत कार्रवाई करेंगे और सारी स्थिति पर नजर रखेंगे।

अगर कोई शरारती तत्व इस बीच किसी भी तरह की होशियरी बरतेगा तो उसे पुलिस बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं करेंगी।

# हिमोफिलिया ने बढ़ाई चिंता 100 से अधिक मरीज ग्रसित

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल में हिमोफिलिया बीमारी ने भी अब चिंता बढ़ा दी है। अब अस्पतालों में इस बीमारी के मरीज भर्ती होना शुरू हो गए है। प्रदेश में अभी तक 100 से अधिक मरीज हिमोफिया की चपेट में आए है। ये मरीज अस्पतालों में अपना उपचार करवा रहे है। लगातार आ रहे मामलों को देखते हुए अब स्वास्थ्य विभाग भी अर्लट हो गया है। विभाग ने लोगों को निर्देश दिए है कि लोग इस बीमारी को हलके में न लें। अगर इस बीमारी के कोई लक्षण दिखाई देते है तो समय से अस्पतालों में अपना उपचार करवाए।

चिकित्सक का मानना है कि अब थेरपी सहित दवाइयां भी प्रशासन की तरफ से निशुल्क मिलेगी। अगर किसी भी मरीजों को इसका फायदा उठाना है तो इसके लिए मरीज को घर से एक आधार कार्ड या फिर हिमाचली बोनोफाइड साथ लाना होगा। अगर किसी मरीज का हिमोफोलिक सोसायटी में नाम दर्ज है तो वह मरीज भी उपना इलाज करवा सकते है।

### साल में 3 बार होती है थेरेपी

**हिमोफीलिया** के मरीजों की साल में तीन बार थेरेपी होती है। ताकि रक्त का बहना कम हो। एक मरीज को थेरेपी करवाने के लिए ढाई से तीन लाख रुपए लगता है, लेकिन अब यह थेरेपी निशुल्क होगी। चिकित्सक द्वारा तर्क दिया है कि हिमोफीलिया के मरीज फायदा उठाएं।

### क्या है हिमोफिलिया

**पैतृक** रक्तस्त्राव या हीमोफिलिया एक आनुवांशिक बीमारी है जो आमतौर पर पुरुषों को होती है और औरतों द्वारा फैलती है। हीमोफीलिया आनुवंशिक रोग है, जिसमें शरीर के बाहर बहता हुआ रक्त जमता नहीं है। इसके कारण चोट या दुर्घटना में यह जानलेवा साबित होती है, क्योंकि रक्त का बहना बंद नहीं होता। विशेषज्ञों के अनुसार इस रोग का कारण एक रक्त प्रोटीन की कमी होती है। जिसे श्क्लॉटिंग फैक्टरस कहा जाता है। इस फैक्टर की विशेषता यह है कि यह बहते हुए रक्त के थक्के जमाकर उसका बहना रोकता है। इस रोग से पीड़ित रोगियों की संया भारत में कम है। इस रोग में चोट लग जाने पर बहुत अकिध मात्रा में खून का निकलना आरंभ हो जाता है।

# मंडी की भवप्रीता ने जीता महिला वर्ग का खिताब



विजेता बच्चे मुख्यातिथि व अन्य के साथ।


**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला हॉट वैदर टेबल टैनिस प्रतियोगिता के महिला वर्ग के फाइनल में मंडी की भावप्रिता ने चंडीगढ़ की अंजली शर्मा को 11-6, 6-11, 11-9 व 11-8 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

वैट्रन 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के फाइनल में बीएसएनएल शिमला के हिमांशु शर्मा ने पीएनबी के मुनीष को 11-9, 7-11, 11-8, 11-9 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पुरुष वैट्रन 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के फाइनल में एजीएचपी के जसवंत गांगटा ने सोलन के भूपेंद्र वर्मा को 13-11, 8-11, 11-9, 4-11 व 12-10 से हराया, जबकि वैट्रन 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के फाइनल में शिमला के जीता उखल ने चंडीगढ़ के एके मोदगिल को 11-8, 11-9, 11-7 से मात दी और महिला वैट्रन 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के फाइनल में चंडीगढ़ की रमा ने चंडीगढ़ की ही सविता को 11-4, 11-4, 11-5 से हराया और खिताब जीता। इस दौरान टेबल टैनिस फैडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व वरिष्ठ संयुक्त सचिव यशपाल राणा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए।

## सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनरों से किया अन्याय : मेला राम


**अनंत ज्ञान, जुंगा (शिमला)।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनरों के साथ घोर अन्याय कर रही है और जिस वर्ग ने इस सरकार को सत्ता में बिठाया, सरकार उन्हीं के साथ विश्वासघात कर रही है। यह आरोप लगाते हुए सिरमौर जिला पेंशनर्स एसो. के मुख्य सलाहकार मेलाराम शर्मा ने कहा कि सरकार पेंशनरों के प्रति नकारात्मक रवैया अपनाकर उनके बुढ़ापे को और मुसीबत में डाल रही है।



हिमाचल प्रदेश में अब यह सिद्ध हो चुका है कि कांग्रेस की सरकार पूर्ण रूप से कर्मचारियों और पेंशनर्स की विरोधी है। पेंशनर अपनी पूंजी के पाई पाई के लिए तरस रहा है।

# एबीवीपी मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में करेगी आंदोलन

**अनंत ज्ञान, शिमला**



बैठक के दौरान एबीवीपी के सदस्य।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक 25 अगस्त को संपन्न हुई। विद्यार्थी परिषद की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक साल में 2 बार होती है। बैठक में पूरे प्रदेश से कुल 102 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने बताया कि इस बार यह बैठक संगठनात्मक जिला देहरा के अंतर्गत ज्वाला जी में होनी तय हुई थी, जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से 102 कार्यकर्ताओं नें भाग लिया।

इस बैठक में अगले 1 वर्ष की पूरी योजना बनाई गई और प्रदेश के अन्य मुद्दों पर बैठक में चर्चा हुई और विद्यार्थी संगठन होने के नाते शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दे ध्यान में आय-प्रदेश के अंदर प्रदेश विश्वविद्यालय में अभी तक स्थाई कुलपति की नियुक्ति प्रदेश सरकार नहीं करवा पा रही है, परीक्षा परिणाम में अनेकों अनियमितताएं निरंतर सामने आ रही है , प्रदेश के अंदर छात्र संघ चुनाव काफी लंबे समय से बंद है।

वर्तमान सरकार निरंतर छात्र विरोधी निर्णय लेने से बाज नहीं आ रही है, इन सभी मुद्दों को लेकर विद्यार्थी परिषद ने आंदोलन की पूरी रूप रेखा तैयार की है ओर जल्द इन सभी मुद्दों को लेकर आंदोलन पूरे प्रदेश में विद्यार्थी परिषद करेगी।

## सदस्यता अभियान सर्वस्पर्शी होगा : सुरेश

**अनंत ज्ञान, शिमला।** ठियोग में भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक जिला महासु की सदस्यता अभियान जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं को 1 सितम्बर से प्रारंभ होने वाले सदस्यता अभियान की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। सदस्यता अभियान के निमित जिला के सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी सहित सभी जनप्रतिनिधियों के लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

कार्यशाला में सांसद सुरेश कश्यप, विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता बलबीर वर्मा, प्रदेश सचिव मुनीश चौहान और जिला अध्यक्ष अरुण फाल्टा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। चौपाल के विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बलबीर वर्मा ने कहा कि सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी जुट जाएं। कश्यप ने कहा कि यह सदस्यता अभियान सर्वस्पर्शी होगा।

# बिलासपुर कॉलेज में विद्यार्थियों को हिमाचल के साहित्यकारों के योगदान से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**




राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में महाविद्यालय साहित्यिक क्लब द्वारा हिमाचल प्रदेश के हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत के पुरोधा कवि, लेखकों और साहित्यकारों के जीवन, कवित्व एवं कर्तृत्व पर साहित्यिक शोध-पत्र प्रस्तुति का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएसकटवाल और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ आचार्य प्रो. प्रेमजीत रहे। साहित्यिक क्लब संयोजिका डॉ. नम्रता पठानिया ने मुख्यातिथि के स्वागत के उपरांत जानकारी देते हुए कहा कि महाविद्यालय साहित्यिक क्लब द्वारा इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को हिमाचल के आधुनिक कवि एवं लेखकों के जीवन और उनके साहित्यिक योगदान से अवगत करवाना है।

इस कार्यक्रम में सभी संकायों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने हिमाचल के विभिन्न साहित्यकारों जिनमें प्रमुखत: एसआर हरनोट, खुशवंत सिंह ,ओम प्रकाश शर्मा, आचार्य केशव राम शर्मा, रसकिन बॉन्ड, मेघना पंत पीसीके प्रेम, यशपाल शर्मा, चंद्रधर शर्मा गुलेरी, रस्किन बॉन्ड, मीनाक्षी चौधरी, मेघना पंत,उपेंद्रनाथ कौशिक, निर्मल वर्मा और पीसी कटोच आदि साहित्यकारों के जीवन एवं रचित रचनाओं पर विद्यार्थियों द्वारा प्रकाश डाला गया।

कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साहित्यिक क्लब द्वारा विद्यार्थियों की सृजनात्मकता एवं मौलिकता के विकास में एक शुरुआत के तौर पर यह पहल प्रशंसनीय है। आप सभी की आज की प्रस्तुति जहां एक और हिमाचल प्रदेश के लेखकों से हमें अवगत करवाने का कार्य करेंगी वहीं दूसरी ओर उन लेखकों के साहित्यिक योगदान के विषय में सभी की जानकारियाँ पुष्ट होंगी ।साहित्य समाज का दर्पण है और समाज की गतिविधियों का आईना साहित्य है इसलिए साहित्य का मानव जीवन में सर्वाधिक महत्त्व है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इन साहित्यकारों ने मानव मन में उठने वाली स्वर लहरियों को शब्द देकर उन्हें आम जन मानस की भावनाओं से जोड़ने का कार्य किया है। इन सभी साहित्यकारों ने मानव मन की पीड़ा से लेकर भौतिक जगत की विभिन्न विपदाओं को उजागर करके उनकी समस्या का समाधान प्रस्तुत किया है।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रचनाएं नि:संदेह प्रशंसनीय हैं और आप सभी का यह प्रयास आप सभी में छिपी प्रतिभा को उजागर करने में सहायक सिद्ध होगा ।मैं आप विद्यार्थियों से यही उम्मीद रखता हूं कि आप आने वाले समय में साहित्य जगत के इन साहित्यकारों से प्रेरणा लेकर अध्ययन के साथ-साथ अपनी मौलिक रचनाओं का निर्माण कर समाज का मार्गदर्शन करेंगे।


## बिलासपुर से चलाई जाएं लंबे रूट की 50 फीसदी बसें

**बिलासपुर।** बिलासपुर नगर परिषद अध्यक्ष और भाजपा युवा नेता कमल गौतम ने बिलासपुर में निरंतर कम होते जा रहे व्यापार को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि लंबे रूट की कम से कम 50 प्रतिशत सरकारी बसों को जनहित में वाया बिलासपुर किया जाए,ताकि लोग अपनी आजीविका अच्छे तरीके से कमा सकें। उन्होंने कहा कि बिलासपुर की जनता की यह मांग पूरी होती है तो बिलासपुर शहर की नहीं बल्कि साथ लगती पंचायतों के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि रात को बिलासपुर के लोगों को अधिकांश बसें मंडी भराड़ी में उतार देती हैं। लोगों को बिलासपुर आने के लिए टैक्सी का सहारा लेना पड़ता है, इतना किराया चंडीगढ़ से आने में बस वाले नहीं लेते जितना कि टैक्सी वाले चार्ज कर लेते हैं। वहीं सर्दियों में यह समस्या कड़ाके की ठंड में और बढ़ जाती है। बिलासपुर नगर परिषद और वरिष्ठ नागरिक सभा ने भी इस बारे में बाकायदा प्रस्ताव पारित कर सरकार से मांग की है। लोगों को बिलासपुर आना ही पड़ता है। लेकिन लंबी दूरी की बसों का लोगों को लाभ नहीं मिल पाता है। यह बसें वाया फोरलेन निकल जाती हैं।

# सचिवालय कर्मियों को गुंडे मवाली कहना गलत : गर्ग

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

सचिवालय के कर्मियों को अमर्यादित भाषा व गुंडे-मवाली के शब्द प्रयोग करने पर पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने तकनीकी शिक्षा मंत्री एवं घुमारवीं के विधायक को घेरा है। गर्ग ने कहा कि कर्मचारी वर्ग किसी भी सरकार की रीढ़ की हड्डी होती है। लेकिन, तकनीकी शिक्षा मंत्री ने जिस अमर्यादित भाषा का प्रयोग सचिवालय के कर्मियों के प्रति किया, वो निंदनीय है। तकनीकी शिक्षा मंत्री को अपने पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए, वो केवल अब घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र का ही प्रतिनिधित्व नहीं करते, बल्कि मंत्री बनने के बाद अपने विभागों के प्रति प्रदेश की जिम्मेदारी है।



उन्होंने कहा कि सचिवालय के कर्मचारियों के प्रति जो द्वेष भावना तकनीकी शिक्षा मंत्री ने दिखाई है, उससे घुमारवीं के ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लोग अचंभित हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से मंत्री ने कर्मचारियों के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग करके अपनी किरकिरी करवाई है, उससे घुमारवीं की देवतुल्य जनता के मान सम्मान को भी ठेस लगी है। जिन्होंने इनको विधायक चुनकर घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र से भेजा और जिनकी ताक़त की बदौलत मंत्री बने। गर्ग ने मुख्यमंत्री से भी इस बारे सोच विचार करने की मांग की है। गर्ग ने कहा कि माननीय तकनीकी शिक्षा मंत्री कह रहे थे कि प्रदेश में नोट छापने की कोई मशीन नहीं है। उन्होंने मंत्री से सवाल दागा है कि इससे पूर्व की सरकारों के पास भी नोट छापने की मशीन नहीं होती थी। चुनावों के समय कांग्रेस ने कर्मचारियों, महिलाओं, युवाओं, किसानों व बागवानों सहित अन्य वर्गों को झूठे वायदों की गारंटिया क्यों दी। अब सचिवालय के कर्मचारी अपने हक की बात कर रहे थे, तो उन पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि मंत्री की इस बात पर मुहर लग गई कि कांग्रेस ने केवल लोगों को छलने के लिए झूठी गारंटियां दी थी। जब कर्मचारी अपने हक की बात कर रहे हैं, तो उन पर बेवजह भड़क कर अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुंडे व मवाली जैसी भाषा का प्रयोग करना संवैधानिक पद पर बैठने वालों को शोभा नहीं देता है। (अनंत ज्ञान)

# एकीकृत पेंशन योजना कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने वाला फैसला

## महेंद्र धर्माणी बोले, इस योजना से करोड़ों कर्मचारी होंगे लाभान्वित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा कर्मचारियों के लिए नई एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) लागू करने का निर्णय ऐतिहासिक व कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने वाला है । भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्मानी ने केंद्र द्वारा कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने वाले निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक निर्णय से कर्मचारियों को भविष्य सुरक्षा और सामान पूर्वक करने का अवसर प्राप्त होंगे। महेंद्र धर्माणी ने मोदी सरकार के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना से 10 साल तक के सेवा काल में न्यूनतम पेंशन तय होने और उसे पर महंगाई भत्ता मिलने से एक निश्चित राशि प्राप्त होने से लाखों कर्मचारी लाभान्वित होंगे ।



उन्होंने कहा कि 25 वर्ष का सेवाकाल पूरा करने पर मूल वेतन का 50त्न जमा महंगाई भत्ता मिलने से देश व प्रदेश के कर्मचारी सम्मान पूर्वक अपना सेवा निवृत्ति के बाद समय बसर कर सकेंगे। इस योजना के अंतर्गत महंगाई के हिसाब से पेंशन में वृद्धि मिलेगी एकीकृत पेंशन योजना से प्रत्येक कर्मचारी को सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन प्राप्त हो सके । महेंद्र धर्माणी ने कहा कि एकीकृत पेंशन योजना 1 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होगी । यह योजना पूर्ण रूप से वित्त पोषित योजना है केंद्र सरकार की घोषित इस नई योजना में केंद्र के बड़े हुए योगदान के लिए वार्षिक आधार पर 6250 करोड रुपए रखे गए हैं । इस योजना के लागू होने उपरांत कर्मचारी अपनी इच्छा अनुसार एनपीएस या यूपीएस चुन सकते हैं। महेंद्र धर्माणी ने केंद्र की मोदी सरकार के निर्णय को ऐतिहासिक बताया और कहां इस से देश व प्रदेश के करोड़ों कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

## संस्कृत श्लोकोच्चारण स्पर्धा में मोहित प्रथम

**धर्मशाला।** एचपी केंद्रीय विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर एक में संस्कृत विभाग की ओर से संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान विभाग की ओर से कई प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। इसमें काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। सप्ताह के अंत में विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मेरठ के चौधरी चरण सिंह विवि के संस्कृत विभाग के समन्वयक तथा उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के पूर्व अध्यक्ष प्रो.वाचस्पति मिश्र ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। इस सप्ताह के दौरान श्लोकोच्चारण मंत्रोच्चारण, श्लोकस्मरण तथा संस्कृत गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्कृत श्लोक उच्चारण में मोहित शर्मा प्रथम, दिव्या वर्मा-योगेश तिवारी द्वितीय और ईशा देवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**त्योहार** | शाहतलाई में आज भव्य रथ यात्रा निकालकर मनाई जाएगी जन्माष्टमी

# मटकी फोड़ना होगा जन्माष्टमी का मुख्य आकर्षण

**निक्कू राम, शाहतलाई**



शाहतलाई बाबा बालक नाथ की धार्मिक नगरी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर सोमवार को नई शुरुआत करते हुए बैंड-बाजों और वाद्य यंत्र से सुशोभित भव्य रथ यात्रा बाजार में निकलेगी। मुख्य आयोजिक राकेश शर्मा पुजारी ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा सोमवार को जन्माष्टमी पर्व पर भव्य रथ यात्रा से पहले मटकी फोड़ने का मुख्य गेट के पास आकर्षक कार्यक्रम साय 4.15 बजे रहेगा।

इन्होंने बताया हर वर्ष की भांति मंदिर परिसर के प्रांगण में जन्माष्टमी पर्व पर रात्रि 9 बजे से भजन संध्या का आयोजन रहेगा, कार्यक्रम में श्री कृष्ण राधा की सुंदर झांकियां व बाहरी कलाकारों द्वारा समा बांधा जाएगा। श्री कृष्ण जन्म मुख्य आकर्षक कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद भी वितरित करने का कार्यक्रम रहेगा। शर्मा ने बताया पिछले 27 वर्षों से बाबा बालक नाथ तपोस्थली मंदिर के प्रांगण में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से कार्यक्रम चला हुआ है, इन्होंने समस्त जनता से अनुरोध किया है भव्य रथ यात्रा, मटकी फोड़ना निर्धारित समय अनुसार अपना सहयोग सुनिश्चित करें । शर्मा ने बताया भारतीय संस्कृति की धार्मिक धरोहर को जीवित रखने में आमजन का सहयोग अति महत्वपूर्ण है ऐसे कार्यों से सामाजिक मेल जोल के साथ-साथ आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है ।

इस मौके पर उपाध्यक्ष पं. नंदलाल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष पवन कौशल, लाला बृज लाल, नरेंद्र शर्मा, महेंद्र ठाकुर, देश राज शर्मा,सरवन पुजारी, रामस्वरूप सोनी, विशाल शर्मा,राजेश कुमार, राजकुमार कौशल, सरवन वर्मा, राजेश शर्मा, हरिदत्त कौशल, राकेश केसी, पदमदेव शर्मा, बिजेंदर भोला, राकेश शर्मा, अशोक कौशल, जीवन पटियाल, रंजीत ठाकुर, सुनील कौशल, पवन शर्मा, सुभाष सोनी, शशि पाल शर्मा, राजेश अत्री, रिखी राम शर्मा,भगवान दास, इत्यादि गणमान्य व्यक्तियों ने बैठक में भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस राज में विकास ठप और कुप्रबंधन अप : जयराम

## कहा–सीएम साहब! भाषण बहुत हुए, अब समाधान का समय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान जयराम ठाकुर व अन्य भाजपा नेता।

भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश मुख्यालय दीपकमल चक्कर में पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एवं जिला शिमला सदस्यता अभियान 2024 की कार्यशाला में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेम ठाकुर द्वारा की गई।

जयराम ठाकुर ने कहा 'मन की बात' कार्यक्रम पीएम मोदी का सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम है। 'मन की बात' में आईआईटी मद्रास के बच्चों से जिस प्रकार से बात कर उनका हौसला बढ़ाया वह स्टार्ट अप योजना के लिया बड़ा प्रोत्साहन है। जयराम ठाकुर ने कहा की भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनने ले लक्ष्य से आगे बढ़ रही है। इस अभियान का शुभारंभ देश में 1 सितंबर और प्रदेश में 2 सितंबर को होगा। जयराम ठाकुर ने कहा की जब चुनाव चल रहे थे तब ओपीएस को लेकर हमने कर्मचारियों को आश्वासन दिया था की भाजपा देश भर में कर्मचारियों को लेकर गंभीर है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा गंभीरता से आगे बढ़ी और देश भर में एकीकृत पेंशन योजना लाने का काम किया, जिससे पूरे देश के कर्मचारी खुश है। जयराम ठाकुर ने कहा की सीएम सुक्खू को कर्मचारियों के मुद्दे पर अपना रवैया स्पष्ट करना चाहिए। हिमाचल में कर्मचारियों, मंत्रियों, मुख्यमंत्री, के बीच में जो वातावरण चल रहा है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। आज कर्मचारी सड़को पर क्यों हैं? कर्मचारी परेशान क्यों है? पूरे प्रदेश में प्रमोशन, डीए, एरियर सब लंबित क्यों है? उन्होंने कहा की सीएम साहब भाषण बहुत हुए अब समाधान का समय है। कांग्रेस राज में विकास ठप और कुप्रबंधन अप हो चुका है।

बैठक में पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव सैजल ने सदस्यता अभियान की प्रस्तुति कार्यकर्ताओं के समक्ष रखी। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव सैजल, संजीव कटवाल, कोषाध्यक्ष कमल सूद, संगठन मंत्रियों शिमला संसदीय क्षेत्र अक्षय भरमौरी, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, सह प्रभारी प्यार सिंह, रमा ठाकुर, सुदीप महाजन, प्रत्याशी संजय सूद, रवि मेहता, कमल संदेश से गणेश दत्त, रूपा शर्मा, विजय परमार, राकेश शर्मा, अंजना शर्म, विनती, प्रेम चौहान उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने नारकंडा में पौधरोपण कर दिया 'पर्यावरण संरक्षण' का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नारकंडा में पौधरोपण करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला के नारकंडा से करीब सात किलोमीटर दूर हाटू मंदिर जाकर पूजा–अर्चना की। लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी उनके साथ थीं। राज्यपाल का हाटू मंदिर का यह पहला दौरा था। यहां के प्राकृतिक नजारे से वह बहुत प्रभावित हुए।

राज्यपाल के हाटू मंदिर पहुंचने पर हाटू मंदिर कमेटी के प्रधान भुपिन्दर सिंह कंवर, भंडारी हेत राम और सचिव ज्ञान चंद डोगरा ने स्वागत किया। भुपिंदर सिंह ने राज्यपाल को मंदिर के इतिहास और स्थानीय मान्यताओं से अवगत करवाया। राज्यपाल ने धार्मिक स्थल हाटू को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने तथा इस स्थान पर और सुविधाएं विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

बाद में राज्यपाल ने नारकंडा में पौधारोपण अभियान में भी भाग लिया। राज्यपाल और लेडी गवर्नर ने सर्किट हाउस नारकंडा के समीप पौधरोपण किया। अपने संदेश में, राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ाने के लिए पौधारोपण समय की आवश्कता है। इस दौरान राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा, उपमंडल दंडाधिकारी कुमारसैन केके शर्मा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# टैंकर और एक्टिवा की टक्कर में महिला की मौत

**नंगल ( ऊना )।** शनिवार देर रात नंगल–भाखड़ा मुख्य मार्ग पर स्थित हिमाचल के औद्योगिक क्षेत्र ग्वालथाई में हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई है। महिला की पहचान नंगल के गांव बरमला निवासी रचना देवी के तौर पर हुई।

जानकारी के अनुसार रचना अपनी बेटी को उसके ससुराल झलेवाल से एक्टिवा पर लेकर वापस बरमला की तरफ आ रही थी। ग्वालथाई के निकट एक टैंकर ने एक्टिवा को चपेट में ले लिया। इससे रचना (45 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी बेटी ममता को मामूली चोटें ही आईं।

ग्वालथाई पुलिस ने भी मौके पर पंहुचकर जांच शुरू कर दी है, क्योंकि हादसा हिमाचल में हुआ है, इसलिए शव को पोस्टमार्टम के लिए बिलासपुर भेजा गया है। थाना प्रभारी बलबीर सिंह ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित परिवार के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लोक कलाकार जोगेंद्र हाब्बी को डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

विदेशों में ख्याति प्राप्त जिला सिरमौर के लोक कलाकार जोगेंद्र हाब्बी की बेशुमार उपलब्धियों की लंबी फेहरिस्त में एक और बड़ी कामयाबी जुड़ गई है।

जोगेंद्र हाब्बी को संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अब वलर्ड रिकॉर्ड यूनिवर्सिटी यूनाइटेड किंगडम द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा जाएगा। बता दें कि जोगेंद्र हाब्बी पिछले 30 वर्षों से लोक संस्कृति के उत्थान के लिए कार्य करते हुए लगभग 5,000 से अधिक सांस्कृतिक प्रदर्शन कर चुके हैं। 1990 के दशक में उन्होंने अपने सांस्कृतिक सफर की शुरुआत की।



गुरुपद्मश्री विद्यानंद सरैक, रामलाल, धर्मपाल, सरोज, अनुजा, बिमला, गोपाल, चमन, संदीप, अमीचंद, देवीराम, बलदेव, चेतराम सरीखे सैकड़ों लोक कलाकारों समेत स्व. जयराम ठाकुर, स्व. हरिराम और स्व. रमेशचंद आदि कलाकारों के सहयोग से सिंहटू, भड़ाल्टू, डग्याली, ठोडा, रिहाल्टी गी, ढीली नाटी, धूड़िया स्वांग, करियाला व सिरमौरी नाटी जैसे पारंपरिक नृत्यों को कई राज्यों में प्रदर्शित किया।

ऑल इंडिया रेडियो से हाल ही में ए ग्रेड श्रेणी में उत्तीर्ण हिमाचल प्रदेश के एकमात्र सांस्कृतिक दल जोगेंद्र हाब्बी और साथी कलाकारों ने सरकार द्वारा आयोजित किए जाने वाले सैकड़ों अति महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में विशुद्ध लोक संस्कृति का प्रदर्शन कर सांस्कृतिक क्षेत्र में विशेष पहचान बनाई है।

कहानी-12

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

**अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाएगा। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहेगा।**


**पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य मेल पर ही लिखकर भेजें।**

# नौणी-मझगांव को स्वच्छता व जल संरक्षण से मिली पहचान

## पंचायत के विकास से पर्यटन को मिला बढ़ावा, स्वच्छता के लिए मिल चुका है राष्ट्रपति अवार्ड



मोहन चौहान
सोलन



भावना शांडिल
सोलन

आज हम बात करेंगे जिला मुख्यालय सोलन से 15 किलोमीटर दूर आदर्श ग्राम पंचायत नौणी–मझगांव की, जिसको प्रदेश की पहली बाह्य शौच मुक्त पंचायत का गौरव हासिल है। पंचायत को स्वच्छता के लिए अभी तक राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पर दर्जनों पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। पंचायत प्रतिनिधियों के सार्थक प्रयासों से यह पंचायत अब स्वावलंबन, कृषि और पर्यटन की दृष्टि से आगे बढ़ रही है। पूर्व प्रधान बलदेव ठाकुर के योगदान और अथक प्रयासों से पंचायत स्वच्छ भारत अभियान में अव्वल रही। साथ ही कूड़ा निस्तारण में भी मिसाल पेश की। उनकी दूरगामी सोच ने पंचायत के अधिकतर घरों में वर्षा जल संरक्षण, कूड़ा निस्तारण और भूमि कटाव रोकने के लिए सार्थक प्रयास किए। इसी तरह प्राकृतिक जल भंडारण के लिए गांवों में टैंक बनवाए। अब वर्तमान प्रधान मदन हिमाचली पंचायत के विकास रथ को गति दे रहे हैं। पंचायत में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, स्वच्छता, जल संरक्षण के मॉडल को समझने के लिए देश–विदेश से प्रतिनिधि आते हैं। पंचायत के विकास में डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी और वानिकी विश्वविद्यालय का भी विशेष सहयोग रहा है।



नौणी-मझगांव पंचायत के धारो की धार का प्राचीन किला।

## रोजगार के लिए कम्युनिटी भवन में बनाई छह दुकानें



मदन हिमाचली
प्रधान

**पंचायत** प्रधान मदन हिमाचली ने बताया कि स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए पंचायत नौणी गांव में कम्युनिटी भवन का निर्माण किया गया है, जिसमें 6 दुकानें और दो हॉल बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए अथक प्रयास किए हैं। वहीं, पंचायत को अभी तक जिला स्तरीय, महर्षि वाल्मीकि संपूर्ण स्वच्छता राज्य पुरस्कार जैसे पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

## पर्यटन की दृष्टि से बनी पहचान

**पंचायत** ने कई मायनों में देशभर में अलग पहचान बनाई है। पंचायत में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सीवरेज की बेहतरीन सुविधा है। पंचायत के हर गांव में घर-घर तक पक्का रास्ता, पक्की नालियां बनी हैं। इसी तरह धारो की धार जाने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों की सुविधा के रेन शेल्टर बनाए हैं। पंचायत के लोगों ने बेमौसमी सब्जी और दूध उत्पादन को स्वरोजगार का साधन अपनाया है। हर प्रकार की सुविधा होने के चलते यहां धारो की धार स्थित गोरखा साम्राज्य का किला देखने देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। किले के साथ का वन क्षेत्र पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहां पर्यटकों का पहुंचना पंचायत के प्रयासों से ही संभव हुआ है। इससे स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। पर्यटन की संभावनाएं होने के चलते पंचायत के तहत धारो की धार में होटल इंडस्ट्री को भी बढ़ावा मिला है। इसी तरह गांव का राधा कृष्ण मंदिर भी आकर्षण का केंद्र है।




नौणी–मझगांव पंचायत कार्यालय।



नौणी–मझगांव पंचायत को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार।

## बारिश के पानी का किया संरक्षण



बलदेव ठाकुर
पूर्व प्रधान

**पंचायत** में जहां घरों में रेन हार्वेस्टिंग टैंक बनाए गए हैं वहीं, पर्यावरण संरक्षण के लिए वनीकरण भी किया गया है। एक समय था जब पंचायत में पानी की किल्लत रहती थी, जिसके बाद पंचायत के प्रतिनिधियों की सोच से प्राकृतिक जल संरक्षण के लिए टैंकों का निर्माण और वाटरशेड बनाए गए। इससे प्राकृतिक जल स्रोत और बावड़ियों के पानी का संरक्षण हो पाया। पानी का सदुपयोग करने के लिए घरों की रसोई से निकलने वाले को संरक्षित कर इसका उपयोग खेतों में सिंचाई के लिए किया जा रहा है। किसानों के लिए पंचायत में सिंचाई के लिए टैंकों का निर्माण भी किया गया है, जिससे गर्मी में भी किसान फसलों में सिंचाई कर अपनी फसलों को अच्छी फसल मिल पाती है। पंचायत में कुल 50 टैंक बनाए गए हैं।



नौणी–मझगांव पंचायत में बना पानी का टैंक।

## 2007 में बनी बाह्य शौच मुक्त

**पंचायत** को 2007 में बाह्य शौच मुक्त घोषित किया गया। तब यह पंचायत प्रदेश की पहली बाह्य शौच मुक्त पंचायत बनी। इसके लिए पंचायत के तत्कालीन प्रधान बलदेव ठाकुर को राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। इस उपलब्धि के बाद 2007 में पंचायत को राष्ट्रपति पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया। इसके तहत हर गांव में सार्वजानिक शौचालय का निर्माण किया गया है जिन्हें पानी की जरूरत के लिए टैंको से जोड़ा गया है।

## कूड़ा निस्तारण के लिए लगाई गई मशीन

**पंचायत** में कूड़े के निवारण के लिए जगह-जगह कूड़ा निस्तारण के यंत्र लगाए गए हैं, जिसमें एक मिनट में करीब 20 किलो तक सूखा कूड़ा जलाया जा सकता है। वहीं, गीले कूड़े से जैविक खाद का उत्पादन कर किसानों को सस्ते दामों में बेचा जाता है।



पंचायत में लगा कूड़ा निस्तारण यंत्र।

# हेल्थ इज वेल्थ

# शरीर को निरोगी बनाए रखेंगे औषधीय पौधे

**औषधीय पौधे से भोजन संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ती ही नहीं होती, बल्कि जीव जगत से नाजुक संतुलन बनाने में भी ये आगे रहते हैं। कार्बन चक्र हो या भोजन श्रृंखला के पिरामिड में भी ये सर्वोच्च स्थान हासिल करते हैं। इनकी उपयोगिता को देखते हुए इनको अनेक संवर्गों में बांटा गया है। इनमें औषधीय पौधे न केवल अपना औषधीय महत्व रखते हैं, बल्कि आय का भी एक जरिया बन जाते हैं। हमारे शरीर को निरोगी बनाए रखने में औषधीय पौधों का अत्यधिक महत्व होता है। भारतीय पुराणों, उपनिषदों, रामायण एवं महाभारत जैसे प्रमाणिक ग्रंथों में इसके उपयोग के अनेक साक्ष्य मिलते हैं। इससे प्राप्त होने वाली जड़ी-बूटियों के माध्यम से न केवल हनुमान ने भगवान लक्ष्मण की जान बचाई, बल्कि आज की तारीख में भी चिकित्सकों द्वारा मानव रोगोपचार हेतु अमल में लाया जाता है। यही नहीं, जंगलों में खुद-ब-खुद उगने वाले अधिकांश औषधीय पौधों के अद्भुत गुणों के कारण लोगों द्वारा इसकी पूजा-अर्चना तक की जाने लगी। जैसे तुलसी, पीपल, आक, बरगद तथा नीम इत्यादि। प्रसिद्ध विद्वान ऋषि चरक ने तो हरेक प्रकार के औषधीय पौधों का विश्लेषण करके बीमारियों में उपचार हेतु कई अनमोल किताबों की रचना तक कर डाली है, जिसका प्रयोग आजकल मानव का कल्याण करने के लिए किया जा रहा है।**





### नीम सबसे गुणकारी

**भारत** में नीम हर स्थान पर पाया जाने वाला पौधा है। इसमें विशेष औषधीय गुण पाए जाते हैं। इसे भारतीय लिलाक या मार्गोसा के रूप में भी जाना पहचाना जाता है। यह एशिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों का मूल पौधा भी है। नीम सबसे विविध और बहुमुखी पेड़ है, और इसका उपयोग कई आयुर्वेदिक और हर्बल उत्पादों को बनाने में किया जाता है। इसमें कई अत्यधिक लाभकारी गैर-लकड़ी की वस्तुएं भी हैं, जैसे कि बीज, तेल, नीम की खली, गोंद, पत्ते, छाल, फूल और फल। नीम को अन्य पेड़ प्रजातियों की तुलना में सबसे उपयोगी पेड़ के रूप में जाना जाता है। संस्कृत में, नीम को अरिस्टा के रूप में जाना जाता है, जिसका अर्थ है अविनाशी, पूर्ण और परिपूर्ण। घर के आसपास नीम के पेड़ की उपस्थिति घर के वातावरण को स्वच्छ रखती है। कई तरह के संक्रमण के खतरे को भी कम करती है।



डॉ. कोमल पटियाल
आयुर्वेदिक चिकित्सक अधिकारी

### सूजन और गठिया का इलाज

कई अध्ययनों से पता चला है कि नीम आसानी से सूजन और गठिया का इलाज कर सकता है। इस पौधे में निंबिडिनी नामक एक रसायन होता है, जिसमें गठिया-रोधी और सूजन-रोधी गतिविधियां होती हैं। निंबिडिन न्यूट्रोफिल और मैक्रोफेजग की भड़काऊ क्रियाओं को रोक सकता है। यह सूजन को कम करने में भी सहायता कर सकता है और दर्द और सूजन दोनों को भी कम कर सकता है। नीम उन लोगों के लिए भी बेहद फायदेमंद है जो रुमेटीइड गठिया से पीड़ित हैं। यह एक ऐसी बीमारी है जो ऑटो-इम्यून रिएक्शन के कारण मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द और सूजन का कारण बनती है।

### डेंगू और चेचक में कारगर

**नीम** उन लोगों की मदद कर सकता है, जो डेंगू बुखार से पीड़ित हैं क्योंकि यह डेंगू वायरस के विकास को रोक देगा। आप नीम का उपयोग वायरल रोगों, जैसे चेचक और चिकनपॉक्स के लिए भी कर सकते हैं और उनके लक्षणों को कम कर सकते हैं। इसके अलावा, नीम त्वचा और जीवाणु संक्रमण का भी इलाज कर सकता है। हाल के एक अध्ययन से पता चला है कि इस पौधे में जीवाणुरोधी गतिविधियां होती हैं, जो दांतों की कैविटी और मसूड़ों की समस्याओं के इलाज में मदद करती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि नीम का उपयोग स्कैबीज के प्रबंधन के लिए भी किया जा सकता है, लेकिन मानव अध्ययन के लिए इस पर बहुत अधिक वैज्ञानिक डेटा नहीं है।

# स्क्रब टायफस से बचाव जरूरी

## घास पत्तों के बीच जाने से करें परहेज

## तेज बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों में अकड़न पर तुरंत करवाएं जांच



***हिमाचल प्रदेश में स्क्रब टायफस से पीड़ित होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। स्क्रब टाइफस से पीड़ित होने के कारण चंबा में मां बेटे की मौत से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है, लेकिन इस बीमारी से बचाव ही एक मात्र उपाय है। दरअसल प्रदेश भर में खासकर ग्रामीण परिवेश में बरसात के मौसम में उगने वाले घास के बीच संक्रमित पिस्सू के काटने से यह बीमारी पनपती है। प्रदेश में इस सीजन में अभी तक 100 के करीब स्क्रब टाइफस से पीड़ित हो चुके हैं। हालांकि की बीमारी के उपचार संभव है लेकिन बुखार बढ़ने से जान को खतरा हो जाता है।***



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

### बरसात शुरू होते ही बढ़ जाता है स्क्रब टायफस का प्रकोप

**दरअसल,** हिमाचल में बरसात शुरू होते ही हर साल स्क्रब टायफस शुरू हो जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता ने बताया कि स्क्रब टायफस एक जीवाणु से संक्रमित पिस्सू के काटने से फैलता है, जो खेतों, झाड़ियों और घास में रहने वाले चूहों में पनपता है। बरसात हो या फिर कोई भी सीजन में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में जिन्होंने घर में पशु रखे हुए हैं उन्हें घास के लिए जंगलों में जाना पड़ रहा है। ऐसे लोगों के स्क्रब की चपेट में आने की ज्यादा आशंका रहती है। स्क्रब टायफस के लिए जिम्मेदार रोगाणु ओरिएंटिया त्सुत्सुगामुशी के वाहक हैं। हिमाचल प्रदेश में 2023 में इस बीमारी के 1,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए थे और स्क्रब टाइफस के कारण पंद्रह लोगों की मौत हो गई।

### स्क्रब टायफस के लक्षण और रोकथाम

**हेल्थ** एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि स्क्रब टायफस के लक्षणों में मरीज को तेज बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों में अकड़न और शरीर टूटता है। मरीजों को इस इन लक्षण होने पर तुरंत अस्पताल में आकर स्क्रब का टेस्ट करवाना चाहिए। मरीज का जितनी जल्दी इलाज शुरू होगा, उसे बचाने में सफलता उतनी ही ज्यादा रहती है। लोगों को इस तरह के लक्षण दिखते ही अस्पताल आना चाहिए। स्क्रब टायफस होने पर मरीजों को साफ-सुथरे कपड़े पहनाएं। घर के बाहर जाते समय बच्चों को जूते पहनने चाहिए। बगीचों में झाड़ियों के आसपास नहीं जाना चाहिए।

*प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन*

# ड्रग एडिक्शन और ड्रग एब्यूज में अंतर



**ड्रग एडिक्शनः** ड्रग एडिक्शन जिसे आम भाषा में नशाखोरी कहा जाता है, वर्तमान समय में एक सामाजिक बीमारी बन चुकी है। किशोरावस्था से युवावस्था तक की नौजवान पीढ़ी नशे की गिरफ्त में पड़कर अपना व देश का भविष्य गर्क कर रहे हैं। नशाखोरी का कारण शराब का अत्यधिक सेवन, भांग, चरस,गांजा, हेरोइन, हषीश, चिट्टा, अफीम, नाशयुक्त कैप्सूल व इंजेक्शन, कोडीन युक्त कफ सिरप का अत्यधिक सेवन माना जाता है। इससे शरीर के मुख्य अंगों यथा गुर्दे, जिगर, फेफड़े, हृदय पर दुष्प्रभाव पड़ता है। पीड़ित व्यक्ति का समय रहते उपचार न करने से कालांतर में मृत्यु भी हो जाती है।


**ड्रग एब्यूजः** ड्रग एब्यूज यानी कि दवाखोरी भी भारत में अनचाही बीमारियों का गंभीर कारण बनकर तेजी से अपने पांव पसार रही है। ड्रग एब्यूज को हम सरल भाषा में यूं भी समझ सकते हैं कि छोटी मोटी बीमारी में बिना डॉक्टर की सलाह के अपनी मर्जी से ही दवाई खा लेना, जोकि धीरे-धीरे व्यक्ति की प्राकृतिक प्रतिरोधात्मक शक्ति (इम्युनिटी) को कम कर देती है। और शरीर बीमारियों का सहज बसेरा बन जाता है।आमतौर पर जब भी परिवार में किसी को हल्का सा सिरदर्द भी हो तो तुरंत ही किसी बड़े परिजन द्वारा उस सिरदर्द का कारण जाने बिना ही कोई भी गोली खिला दी जाती है और दर्द ठीक भी हो जाता है। बाद में जब भी उक्त पीड़ित को सरदर्द होती है और उसी दवाई का सेवन कर लिया जाता है, जबकि सिरदर्द स्वयं में कोई बीमारी न होकर बीमारी का मात्र एक लक्षण ही होता है। यूं ही सिरदर्द की दवाई खा लेना ही ड्रग एब्यूज या दवाखोरी कहलाता है। अब शोध से पता चला है कि डिक्लोवन नामक दवाई का सेवन जब ज्यादा समय तक लगातार बिना डॉक्टरी सलाह के किया जाए तो अस्थिमज्जा ह्रास (बोन मेररो डिप्रेशन) हो जाता है, जिससे खून की कमी यानि एनीमिया हो जाता है जोकि अन्य कई गंभीर बीमारियों का जनक माना गया है। इसी प्रकार गुर्दे की पथरी के इलाज में आमतौर पर पीड़ित घरेलू नुस्खों और शर्तिया इलाज करने वालों के चक्कर में फंसकर गुर्दों का नाश कर लेते हैं, जिसे किडनी फेलियर कहा जाता है। बिना डॉक्टरी सलाह के किए गए उपचार को ड्रग एब्यूज ही कहा जाता है। सलिए जरूरत इस बात की है कि ड्रग एडिक्शन के साथ-साथ ड्रग एब्यूज के बारे भी जन जागरण अभियान चलाया जाए, जिससे कई कीमती जिंदगियां बचाई जा सकें।



डॉ. रामस्वरूप चांद
बीएएमएस,डीएनएनवाई



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी
के उपलक्ष्य पर समस्त प्रदेशवासियों को
मणिमहेश यात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं


ओ पी शर्मा
प्रभारी
जिला चंबा
आभार
हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार।
आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।
मुकेश कुमार
वरिष्ठ संवाददाता
डलहौजी जिला चंबा
बबलू पठानिया
संवाददाता भटियात
आजम डार
संवाददाता चुराह



मणिमहेश यात्रा
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
विक्रम वर्मा
संस्थापक
एवं मुख्य सलाहकार
विवेकानंद विज़न यूथ क्लब
मरौर जिला चम्बा


G. R. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL ULLANSA
की तरफ से
मणिमहेश यात्रा की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं


मणिमहेश यात्रा
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
सुखविंद्र सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री हि.प्र.
कुलदीप सिंह पठानिया
विधानसभा अध्यक्ष
ललित ठाकुर
निदेशक हिमाचल प्रदेश
स्टेट कोऑपरेटिव बैंक
हेमराज कालरा
सदस्य जनजातीय सलाहकार
समिति एवं उप प्रधान
ग्राम पंचायत उलांसा


कूंर
हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट
की तरफ से
मणिमहेश यात्रा
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं


मणिमहेश यात्रा
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
ठाकर सिंह भरमौरी
पूर्व वन मंत्री
भजन ठाकुर
अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस भरमौर


मणिमहेश यात्रा
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
देश राज शर्मा
(राजी भाई)
पूर्व प्रधान पंचायत पियूहरा
एवं प्रसिद्ध समाजसेवी
बत्ती हट्टी गैहरा जिला चंबा हि.प्र.


ठाकर सिंह भरमौरी
पूर्व वन मंत्री
मणिमहेश यात्रा
अमित भरमौरी
कांग्रेस प्रवक्ता
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कमलेश ठाकुर
चेयरमैन सहकारी विपणन
एंव वितरण संघ समिति भरमौर


ठाकर सिंह भरमौरी
पूर्व वन मंत्री
मणिमहेश यात्रा
अमित भरमौरी
कांग्रेस प्रवक्ता
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पवन शर्मा
पंचायत समिति सदस्य
गरोला उलासा


ठाकर सिंह भरमौरी
पूर्व वन मंत्री
अमित भरमौरी
कांग्रेस प्रवक्ता
मणिमहेश यात्रा
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
संजय ठाकुर
पूर्व निदेशक हिमाचल प्रदेश
फॉरेस्ट कॉरपोरेशन
शशि बलवीर ठाकुर
वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्लॉक
कांग्रेस कमेटी भरमौर


श्री मणिमहेश ट्रस्ट, भरमौर, हि० प्र०
SHRI MANIMAHESH TRUST, BHARMOUR, H.P.
श्रीकृष्ण जनमाष्टमी
के उपलक्ष पर सभी भक्तों को मणिमहेश यात्रा
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
चौरासी मंदिर परिसर
मणिमहेश यात्रा में क्या न करें
बेस कैंप हड़सर से सुबह 04.00 बजे से पहले और शाम 04.00 बजे के बाद यात्रा न करें।
अकेले यात्रा न करें, साथियों के साथ ही यात्रा करें। बलपूर्वक न चढ़ें और फिसलन वाले जूते न पहनें, यह घातक हो सकता है।
खाली प्लास्टिक की बोतलें और रैपर खुले में न फेंके, अपने साथ लाएं और कूड़ेदान में डालें।
जड़ी-बूटियों और दुर्लभ पौधों से छेड़छाड़ न करें।
किसी भी प्रकार के मादक द्रव्य, मांस, शराब आदि का सेवन न करें। यह एक धार्मिक यात्रा है, इसकी पवित्रता का ध्यान रखें।
इस यात्रा को पिकनिक या मौज-मस्ती के रूप में न लें और केवल भक्ति और विश्वास के साथ ही तीर्थ यात्रा करें।
पवित्र मणिमहेश डल झील के आस-पास स्नान के बाद कचरा, गीले कपड़े और अपने अधोवस्त्र न फैंके, उन्हें पास में लगे कूड़ेदान में फैंके।
किसी भी तरह के शार्ट कट का इस्तेमाल न करें।
प्लास्टिक का प्रयोग न करें।
ऐसा कोई भी काम न करें जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो और पर्यावरण को कोई नुक्सान न पहुंचे।
यात्रा के दौरान यदि मौसम खराब हो तो हड़सर और डल झील के बीच धनचो, सुंदरसी, गौरीकुंड और डल झील के बीच किसी सुरक्षित स्थान पर रूकें। यात्रा तभी शुरू करें जब मौसम अनुकूल हो।
जन्माष्टमी पर्व
25-26 अगस्त 2024 अष्टमी 3.40 रात्रि शुरू
26 अगस्त 2024 अष्टमी दोपहर 2.20 मिनट तक
राधाष्टमी पर्व
10-11 सितंबर 2024 अष्टमी 11.13 रात्रि शुरू
11 सितंबर 2024 अष्टमी दोपहर 2.20 मिनट तक
पुलिस सहायता संपर्क: 100
www.manimaheshyatra.hp.gov.in Email: smmtyatra@gmail.com
श्री मणिमहेश न्यास भरमौर आपके सहयोग के लिए आभारी रहेगा तथा आपकी मंगलमय यात्रा की कामना करता है।
जारीकर्त्ता:- अध्यक्ष श्री मणिमहेश न्यास-एवं-अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर, जिला चंबा (हि.प्र.)
संपर्क करें:- 93174-53839, 94594-80602

## न्यूज ब्रीफ

### पारस स्कूल में मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पारस पब्लिक स्कूल भवारना में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसमें विद्यालय के निदेशक महेश चंद्र कटोच व प्रधानाचार्या नीलम राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इसमें कक्षा नर्सरी से केजी के बच्चों ने श्रीकृष्ण, राधा गोपियों व ग्वाल-बालों की आकर्षक वेशभूषा में सुसज्जित होकर मनमोहक नृत्य पेश किया। नन्हे बाल-गोपालों ने अपने अभिनय से श्रीकृष्ण भक्ति का समा बांध दिया। कक्षा दूसरी से आठवीं तक के चारों सदनों के छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं। नीले व हरे सदन के बच्चों ने श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित लघु नाटिका पेश की तो पीले और लाल सदन के छात्र-छात्राओं ने श्री कृष्ण की महिमा को दर्शाता मनमोहक सामूहिक नृत्य पेश किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी वैदिक संस्कृति का सम्मान करना चाहिए और उसे संजो कर रखना चाहिए।

### सिलिकॉन स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शनिवार को सिलिकॉन मॉडल स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इसमें नन्हे कृष्ण और राधा स्कूल प्रांगण में देखे गए। परिसर में बाल गोपाल श्रीकृष्ण का झूला डाला गया। कार्यक्रम का आगाज़ स्कूल के प्रधानाचार्य वरुण शर्मा, अध्यक्ष सीपी ठाकुर, सचिव अमिता ठाकुर, स्कूल के शिक्षकों व बच्चों द्वारा स्कूल प्रांगण में श्रीकृष्ण पूजन से हुआ। प्री प्राइमरी के नन्हे बाल गोपाल व नन्ही राधाओं ने सुंदर प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर कक्षा प्रथम से 5वीं के विद्यार्थियों के मध्य सांस्कृतिक हाउस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने खूबसूरत प्रस्तुतियां दीं। अंत में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्पेस हाउस ने बहुत तेजी से मटकी फोड़ी और विजेता बनी। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बारे में संबोधित किया और जन्माष्टमी की बधाई दी।



### ठाकुर काशीराम स्कूल में जन्माष्टमी की धूम



**अनंत ज्ञान, गगल।** ठाकुर काशीराम सीनियर सेकेंडर पब्लिक स्कूल मस्तपुर में जन्माष्टमी के पर्व पर नन्हे-नन्हे बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्री प्राइमरी के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और प्रस्तुति की। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य उपेंद्र गुलेरिया के द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित कर बच्चों के साथ अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य उपेंद्र गुलेरिया ने बच्चों को बधाई तथा मिष्ठान वितरित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जन्माष्टमी पर योल में निकाली जाएंगी झांकियां

**अनंत ज्ञान, योल।** प्राचीन शिव मंदिर नरवाना बाजार में सोमवार को जन्माष्टमी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। जन्माष्टमी महोत्सव के उपलक्ष्य में सायं 4 से 6 बजे तक राधा-कृष्ण मंदिर योल द्वारा झांकियां निकाली जाएंगी और इन झांकियों का स्वागत एवं झांकियों के साथ आई संगत की सेवा नरवाना वासी करेंगे। इसके उपरांत रात्रि 8 से12 बजे तक श्री कृष्ण जन्म महोत्सव एवं कथा का भी आयोजन किया जाएगा।

### हॉलीफेथ पठियार में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** हॉलीफेथ पठियार में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित और मां सरस्वती की वंदना से की गई। कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों ने श्रीकृष्ण, राधा, गोपियों, तथा ग्वालों की आकर्षक वेशभूषा पहनकर मनमोहक नृत्य पेश किया। नन्हें बाल गोपालों ने अपने अपने अभिनय से श्रीकृष्ण भक्ति से समा बांध दिया। कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के लड़कियों से अंतर सदन मटकी सजावट प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें सैटर्न सदन ने पहला तथा वीनस सदन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवमी से बारहवीं तक के लड़कों से अंतर सदन नोटिस बोर्ड सजावट प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें मार्स सदन ने पहला तथा सैटर्न सदन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर कक्षा के बच्चों द्वारा मटका फोड़ो प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें बच्चों द्वारा मख्खन से भरे मटके को तोड़ा गया।



### शाइनिंग स्टार स्कूल में मनाया जन्माष्टमी पर्व

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शाइनिंग स्टार ग्लोबल स्कूल साई थुरल में जन्माष्टमी का उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान सभी बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम कर अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दीं। जिसमें मटकी सजाने की प्रतियोगिता, राधा-कृष्ण नृत्य, लघु नाटिकाएं आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छोटे-छोटे बच्चे राधा-कृष्ण के परिधान पहने हुए बहुत सुंदर लग रहे थे। बच्चों ने बाल नाटिकाओं द्वारा श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, चंचल मन और उदार हृदय का मनमोहक प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य ने बच्चों की इन मनमोहक प्रस्तुतियों के लिए उनकी हौसला अफजाई की। इस मौके पर अनुराधा,शिवाली कटोच,दिक्षा भूरिया,नीलम आदि शिक्षक मौजूद रहे।





शिवालिक पब्लिक स्कूल धर्मशाला में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में राधा श्रीकृष्ण और सुदामा बने नन्हे मुन्ने बच्चे।

## अवैध खनन करने पर की कार्रवाई

**बैजनाथ।** बैजनाथ क्षेत्र लगातार हो रहे अवैध खनन को लेकर पुलिस विभाग ने माफिया पर शिकंजा कसा है। शनिवार देर रात चढ़ियार में नाकाबंदी के दौरान अवैध खनन सामग्री के ट्रांसपोर्ट के उल्लंघन पर तीन ट्रक चालकों पर कार्रवाई अमल में ला गई। डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने बताया कि अवैध खनन से न केवल सरकार को राजस्व की हानि होती है, बल्कि पर्यावरण क्षरण भी होता है। अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस आने वाले दिनों में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

# कांग्रेस ने पहले बेरोजगार युवकों, अब कर्मियों और पेंशनर्स को उतारा सड़कों पर : परमार

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस सरकार की नाकामी पर उठाए बड़े सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**


हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा भाजपा प्रभारी एवं सुलाह के विधायक विपिन सिंह परमार भी कर्मचारियों और पेंशनरों की मांगों का समर्थन में उतर आए हैं। साथ ही कांग्रेस सरकार पर उन्होंने कर्मियों के शोषण करने और बेरोजगार युवाओं को रोजगार की गारंटी के नाम पर ठगने पर बड़े सवाल उठाए हैं।

परमार ने कहा कि अब हर वर्ग के कर्मचारी और पेंशनर्स सड़कों पर उतर रहे हैं, जबकि युवा वर्ग को पहले ही सुक्खू की सरकार ने सड़कों पर धरने-प्रदर्शन और आंदोलन करने को मजबूर करके रखा हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से सवाल पूछा है कि आखिर वह राज्य को किस दुर्गति की ओर धकेलने की साजिश कर रही है?

पूर्व विस अध्यक्ष ने डंके की चोट पर कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार विश्वासघाती और धोखेबाज है। पूर्व में भाजपा की सरकार में कभी ऐसा नहीं हुआ कि कोई कर्मचारी संगठनों को साढ़े चार साल तक अपनी मांगों के लिए धरना और प्रदर्शन करना पड़ा हो, जबकि हर मोर्चे पर फेल रहने वाली कांग्रेस सरकार का डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में ही कर्मचारी वर्ग को सड़कों की धूल फांकनी पड़ रही है। सरकार व कर्मचारियों-पैंशनर्श की आपसी समझ व रुतबे को कांग्रेस ने ग्रहण लगा दिया है। उन्होंने करारा प्रहार करते हुए कहा कि चुनावों से पूर्व कांग्रेस नेताओं ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि हम सत्ता में आएंगे तो आउटसोर्स बंद कर हर वर्ष एक लाख पक्की नौकरी देंगे, लेकिन अब मुख्यमंत्री सुक्खू सार्वजनिक मंचों से ही कह रहे हैं कि हम इतने पद आउटसोर्स से भरने जा रहे हैं।

हद तो तब हो गई है जब शिक्षकों के वेतन को लेकर कहा जा रहा है कि इनको देश में सबसे ज्यादा वेतन मिलता है। हैरानी की बात है कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले प्रदेश में जब यह वर्ग बेहतरीन सेवाएं दे रहा है, तो उनको प्रोत्साहित करने की बजाय उनके वेतन को लेकर कटाक्ष किया जा रहा है।

### सरकार को जनता के कठघरे में करेंगे खड़ा



**परमार** ने कहा कि भाजपा ने पांच वर्ष आर्थिक संकट व कोरोना महामारी से उत्पन्न हुई विपरित परिस्थितियों के बावजूद सरकार चलाई और कभी ऐसा नहीं हुआ कि किसी महीने कर्मचारियों की पगार रोकनी पड़ी हो या डीए और एरियर देने में देरी की हो। यह पहली ऐसी सरकार है जो ऋण तो बेतहाशा ले रही है, लेकिन न तो समय पर सैलरी मिल रही है और न डीए व एरियर । उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू को चेताते हुए कहा कि अब भाजपा हर मोर्चे पर सड़क पर उतरकर कांग्रेस सरकार को जनता के कठघरे में खड़ा करेगी।

### भव्य होगा जिला स्तरीय दशहरा मेला : केवल पठानिया

## शाहपुर दशहरा मेले में सांस्कृतिक संध्याओं के साथ खेलें भी होंगी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर में जिला स्तरीय दशहरा मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा, दशहरा मेले में सांस्कृतिक संध्याओं के साथ-साथ इस बार खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। शाहपुर में दशहरा मेले के आयोजन की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि 12 अक्तूबर को दशहरा होगा, जबकि 9, 10 तथा 11 अक्तूबर को सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन करने किया जाएगा।

बैठक में यह भी सहमति बनी कि इस बार रामेश्वरम मंदिर शाहपुर से दशहरा मैदान तक शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार मेले में कुछ नवाचार किए जाने चाहिए, ताकि पिछले वर्ष की तुलना में इसे और अधिक भव्य एवं मनोरंजक बनाया जा सके। उपमुख्य सचेतक ने कहा कि कमेटी में वह सदस्य शामिल किए जाएं जो पूरी लग्न एवं सेवा भाव से अपना सहयोग तथा योगदान दें।

उन्होंने कहा कि दशहरा उत्सव के सफल आयोजन सभी नागरिक अपना रचनात्मक सहयोग सुनिश्चित करें। इससे पहले दशहरा कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम शाहपुर करतार चंद ने उपमुख्य सचेतक एवं बैठक में उपस्थित अन्य नागरिकों का स्वागत किया और गत वर्ष मेले की गतिविधियों के अनुभव सांझा किये। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय दशहरे के आयोजन के संदर्भ में अभी यह पहली ही बैठक थी। विभिन्न कमेटियों के गठन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इन कमेटियों में सरकारी तथा गैर सरकारी सदस्य शामिल होंगे।

## यूपीएस से 23 लाख कर्मचारियों को होगा फायदा: बिक्रम ठाकुर

**धर्मशाला/गरली।** भारतीय जनता पार्टी के संसदीय प्रभारी व पूर्व में उद्योग मंत्री रहे विधायक बिक्रम ठाकुर ने एनपीएस और ओपीएस के बीच का संशोधित रास्ता निकाल प्रधानमंत्री द्वारा एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) लागू करने के लिए आभार व्यक्त किया है। पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लाई गई एकीकृत पेंशन योजना सरकारी कर्मचारियों के लिए एक वरदान है।



इस योजना से 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा होगा और उन्हें सुरक्षित भविष्य की गारंटी मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) की तरह ही है, जिसमें सरकारी कर्मियों को रिटायरमेंट के बाद औसत मूल वेतन की 50 फीसदी राशि मिलेगी। प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच और नेतृत्व क्षमता के कारण ही ऐसी योजनाएं संभव हो पा रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को इस योजना के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि भाजपा पार्टी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकारी कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए बल्कि देश के विकास के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना से सरकारी कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और वे अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे।

## रुपाली प्रधान और दिवांशी चुनी उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



जागोरी संस्था द्वारा रविवार को लाखा मंडल पंचायत में किशोरी पंचायत का उद्घाटन किया गया। इसमें 87 किशोर-किशोरियों व माताओं ने भाग लिया। पंचायत प्रधान, उपप्रधान निगरानी समिति के सदस्य व पंचायत के वार्ड पंच आंगनबाड़ी वर्कर्स ने भी भाग लिया। किशोरी पंचायत की शुरुआत मला की किशोरी पंचायत की जागोरी के परिचय से हुई। जागोरी की सारी कार्यप्रणाली का वर्णन किया गया और मला में किशोरी पंचायत की शुरुआत कैसे हुई, इसके बारे में बताया गया। इसके बाद स्थानीय लाखा मंडल पंचायत के प्रधान नीरज ने किशोरी पंचायत की सराहना करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। इसके बाद मतदान प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमें 18 प्रत्याशी खड़े हुए। प्रधान पद पर रुपाली, उपप्रधान पद पर दिवांशी व सचिव पद पर मंजू को चयनित किया गया। चुने गए प्रतिनिधियों ने शपथ ली कि वे पूरी ईमानदारी से अपनी पंचायत में कार्य करेंगे।

## सर्वोदय में दो सितंबर से नियमित पढ़ाई शुरू

**धर्मशाला।** हिमाचल इलैक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक संघ की ओर से आयोजित एक दिवसीय मासिक बैठक में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से चिकित्सकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. उत्तम चंद ने की, जबकि आईईआरई के चेयरमैन डॉ. संजीव शर्मा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि इलैक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति एक संपूर्ण शास्त्र है, जिसमें हर प्रकार के रोगों का इलाज संभव है। सर्वोदय इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि दो सितंबर से यहां नियमित पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी। पहली बार देश भर के छात्रों को प्रवेश परीक्षा में पास होने के बाद डिप्लोमा कोर्स में एडमिशन दी जाएगी । यहां पढ़ाई के दौरान छात्रों को प्रैक्टिस करने के तरीके बताए जाएंगे, जिससे यह पद्धति जन-जन तक पहुंच सके।

## प्रशासन कर रहा धीरा उपमंडल को हरित क्षेत्र बनाने का प्रयास

**राकेश डोगरा, डरोह**



धीरा प्रशासन द्वारा क्षेत्र के विकास हेतु भविष्योन्मुखी पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी बचाने हेतु प्रयास अमल में लाए जा रहे हैं। एसडीएम धीरा राकेश शर्मा ने प्रेस को दिए एक बयान में कहा कि क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार ग्रामीण विकास विभाग व वन विभाग के संयुक्त प्रयासों से वन भूमि, सरकारी भूमि व मलकियत भूमि पर पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है।

विदित रहे कि पिछले वर्ष मानसून की बारिश से क्षेत्र को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा था और भू-क्षरण और भू-स्खलन के परिणाम स्वरूप उपजाऊ जमीनें व घर बह गए थे। क्षेत्र में बह रहे नदी नालों में भी अवैध खनन की वजह से गहराई बढ़ गई है, जिसकी रोकथाम भी की जा रही है। खनन विभाग व पुलिस विभाग के सहयोग से अवैध खनन पर पूरी नकेल कसी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों खड्डों को जाने वाले सभी रास्ते लोक निर्माण विभाग व स्थानीय पंचायतों के सहयोग से बंद कर दिए गए हैं। पौधरोपण पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है और वह सभी भूभाग जिनका क्षरण हो रहा था को भी प्राथमिकता के तौर पर लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस सारे कार्यक्रम की मॉनीटरिंग निरंतर की जा रही है और हर संभव सहायता सभी विभागों को पहुंचाई जा रही है। धीरा उपमंडल को हरित क्षेत्र बनाने का यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा। (अनंत ज्ञान)

## लोधवां में दो युवकों की लाशें मिलने से सनसनी

**इंदौरा।** पंजाब हिमाचल सीमा पर चक्की दरिया के गांव लोधवां में दो युवकों की लाशें मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। दोनों की मृतकों की पहचान नीरज कुमार पुत्र रवि कुमार और दूसरा रिंकू उर्फ पट्ढू पुत्र यशपाल निवासी विष्णु नगर लमिनी पठानकोट के रूप में हुई है। थाना मामून की पुलिस ने दोनों के शव कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच कर रहे एएसआई नरिंदर कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि चक्की दरिया में दो शव तैर रहे है, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच एनडीआरएफ की टीम को बुलाया। एनडीआरएफ ने दोनों शवों को पानी से बाहर निकाल पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है।

**पर्यावरण संरक्षण** सेवा भारती ने सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए किया प्रेरित

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**संजीव महाजन, नूरपुर**



नूरपुर के गांव सुलयाली में सेवा भारती जिला नूरपुर इकाई ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने को लेकर सेवा भारती जिला नूरपुर इकाई अध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल यशपाल पठानिया की अध्यक्षता में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र शर्मा मुख्यातिथि के रुप से शिरकत की। कार्यक्रम में सेवा भारती जिला नूरपुर इकाई के अन्य सदस्य भी शामिल रहे और एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत उन्होंने पौधरोपण किया।

नूरपुर इकाई अध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल यशपाल पठानिया ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने को लेकर आज सुलयाली गांव में पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में सेवा भारती के हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र शर्मा को न्योता दिया था और वे यहां आए हैं, हम उनका धन्यवाद करते हैं। इसके साथ ही हमारे जिला नूरपुर इकाई के सभी सदस्य यहां हैं और सभी ने एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया है। सेवा भारती का पर्यावरण को सुरक्षित रखने के अभियान के तहत यह कार्य गयाकिया है। (अनंत ज्ञान)

## बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** विद्युत उपमंडल चढ़ियार के भुलाना-आशापुरी 11केवी फीडर के अंतर्गत अलग-अलग दिनों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए सहायक अभियंता उपमंडल चढ़ियार ओम प्रकाश राणा ने बताया कि बिजली की पुरानी तारों को बदलने के कार्य के चलते गांव टांची, भुलाना, द्रुग, कोलकर, ढंडेरा, तिनबड़ मे 27, 29 अगस्त और 1 व 3 एवं 5 सितंबर को सुबह 9:30 से लेकर कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अगर किसी कारण वश दी हुई तिथियों को कार्य पूरा नहीं हुआ तो उसके अगला दिन कार्य दिवस माना जायेगा। सहायक अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## हैप्पी बर्थडे



चंबी चिरान की वाणी डढवाल को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## चिट्टे के दो मुख्य आरोपी चंडीगढ़ से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत थाना डमटाल के अंतर्गत मई महीने में चक्की दरिया में नशा तस्करों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई थी, जिसमें करण कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी नमिनी जिला पठानकोट के कब्जे से 8 .45 ग्राम हीरोइन बरामद की थी। इस पर थाना डमटाल में इस अभियोग में कार्रवाई करते हुए जून महीने में एक अन्य आरोपी गौरव पुत्र सुभाष चंद्र निवासी पठानकोट को भी पठानकोट में पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की थी। पुलिस जिला नूरपुर के उपरोक्त अभियोग में गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ करने पर पाया गया कि इस नशा तस्करी के मुख्य आरोपी विशाल कुमार उर्फ गुल्ला पुत्र सोहनलाल तथा अभिषेक पुत्र अश्विनी कुमार दोनों निवासी छन्नी बेली तहसील इंदौरा के निवासी हैं, उन्हें गत रात्रि चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया गया है।



## सत्संग सुनने से दूर होते हैं मनुष्य के दुख



**अनंत ज्ञान, गगल।** सत्संग में बिताया समय कभी की व्यर्थ नहीं जाता तथा सत्संग में मिलने वाला ज्ञान का प्रकाश दुखों के अंधेरे को दूर करता है, इसलिए मनुष्य को चाहिए कि जहां भी सत्संग के ज्ञान की वर्षा हो रही हो वहां वह ज्ञान की डुबकी अवश्य लगाए। गगल के राधा-कृष्ण मंदिर में श्री राम शरणाम से जुड़े इलाके के सादकों द्वारा आयोजित श्री अमृतवाणी मासिक सत्संग में गांव की वरिष्ठ साधिका इंदिरा शर्मा ने कहा कि सत्संग के ज्ञान में मनुष्य की जीवन धारा ही बदल जाती है वरिष्ठ साधकों हरीश शर्मा रामधन आदि ने बताया के सत्संग में बड़ी संख्या में इलाके के सादकों ने भाग लिया।


## तृप्ता स्कूल में शिक्षकों ने सीखे पढ़ाने के गुर



**अनंत ज्ञान, जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में अध्यापकों के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन एमबीडी ग्रुप के तत्वावधान से किया गया। इसमें प्रशिक्षण शिविर का मुख्य विषय आर्ट ऑफ इंटीग्रेटेड एजुकेशन था, जिसमें रिसोर्स पर्सन पूजा सिंह ने बड़े ही सुंदर ढंग से इस प्रशिक्षण को करचाया और अध्यापकों को इसके बारे बहुत जानकारी प्रदान की। विद्यालय चेयरमैन बीरेंद्र नारियल व प्रधानाचार्य राकेश राणा ने उन्हें समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि अध्यापकों को शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली कठिनाइयों को किस प्रकार की समस्या आती है और उनका हल खेल खेल में और आर्ट ऑफ इंटीग्रेटेड से किया जा सकता और बच्चों को बड़ी आसानी से सिखाया जा सकता है। इस के लिए प्रशिक्षण का होना अति आवश्यक है।

## डीएवी लंबागांव में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** डीएवी पब्लिक हाई स्कूल लंबागांव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की छात्राओं ने सुंदर व आकर्षक परिधानों में श्री कृष्ण व राधा रानी बनकर एक से एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी ने बच्चों द्वारा पेश की गई प्रस्तुतियों को खूब सराहा। प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने विद्यार्थियों को जन्माष्टमी पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दीं।



## पैसे के लालच में भतीजे ने ही कर दी थी ताई की हत्या



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पठानकोट शहर के न्यू टीचर कॉलोनी में दो दिन पहले हुई महिला की मौत के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले की जांच में पुलिस ने आरोपी राम प्रसाद उर्फ रामू पुत्र राज कुमार निवासी टीचर कॉलोनी पठानकोट और इसका दूसरा साथी नानक देव उर्फ नानकू पुत्र राम कुमार निवासी वार्ड नंबर 2 डमटाल थाना डमटाल जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश को काबू किया है। दोनों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया है। एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लों के मुताबिक आरोपी राम प्रसाद उर्फ रामू मृतक महिला नीलम के देवर का बेटा है और उसे पता था कि नीलम कुमारी ने जमीन बेचने के बाद पैसे घर में रखे हुए हैं। इसके बाद राम प्रसाद ने कोई काम धंधा न होने पर पैसों के लालच में नानक देव के साथ मिलकर महिला के घर चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए प्लानिंग बनाई।

दोनों महिला के घर घुसे और महिला का मुंह पकड़ दबाने लगे इसी बीच महिला की मौत हो गई। उसके बाद दोनों 4 लाख 50 हजार रुपए नकदी और दो सोने की चूड़िया व बालियां लेकर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों को काबू कर इनसे 4 लाख 23 हजार रुपए नकदी और सोने के जेवरात बरामद कर लिए है। पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश करके आगे की कार्रवाई अमल में लाएगी। (अनंत ज्ञान)

## ट्रांसफार्मर चोरी करते 3 गिरफ्तार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत ट्रांसफार्मर चोरी करने की कोशिश करने वाले तीन लोगों की गिरफ्तारी का मामला सामने आया है। इनमें एक स्थानीय जबकि 2 अन्य राज्य से हैं। जानकारी के अनुसार इंद्रूनाग क्षेत्र में एक ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते बिजली विभाग ने उसे निकाल कर रिपेयर को रखा हुआ था। इसी दौरान कबाड़ का काम करने वाले कुछ लोग उसे चोरी करके ले जा रहे थे तो कुछ लोगों ने उन्हें देख कर पुलिस को सूचित किया। हालांकि ये चोर मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने जांच के बाद तीन को गिरफ्तार कर लिया है। इनकी पहचान धर्मशाला के तोता रानी निवासी संजय पुत्र पुरुषोत्तम, सुशील कुमार पुत्र दशरथ निवासी बिहार तथा सतीश निवासी बिहार के रूप में हुई है। तीनों चरान खड्ड क्षेत्र के एक कबाड़ वाले के पास काम करते हैं। अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर अन्य संलिप्त चोरों की तलाश शुरू कर दी है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस अन्य चोरों की तलाश में जुटी हुई है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### भगवती पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनाई जन्माष्टमी



**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी के छात्रों ने जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया, जिसमें छात्रों ने श्रीकृष्ण और राधा की लीलाओं का बखान किया। इस अवसर पर सातवीं कक्षा की छात्रा प्रियांशी ने अपने विचार प्रकट किए। कक्षा अध्यापिका इंदु ने भी भाषण के माध्यम से बच्चों को जन्माष्टमी पर्व के बारे में बताया। तीसरी कक्षा से अवलीन ने केशव,माधव,गोपाल, राधा ढूंढ रही पर बहुत ही तन मोहक नृत्य किया। बच्चों ने इस उपलक्ष्य पर राधा कृष्ण की वेशभूषा धारण कर जन्माष्टमी का पर्व मनाया। जिसमें कक्षा नर्सरी, जूनियर केजी और सीनियर केजी से बच्चों ने भाग लिया। प्रिंसिपल आरती कटोच ने छात्रों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। यह पर्व पूरी दुनिया में पूर्ण आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

### पतंजलि ने भरेड़ी में लगाया योग शिविर



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत पतंजलि योगपीठ द्वारा भरेड़ी में निशुल्क एकदिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें देवकी शर्मा राज्य प्रभारी महिला पतंजलि योग समिति हिमाचल प्रदेश द्वारा ग्रामीणों को योग करवाया गया व उन्हें योग का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि वह पिछले 8 सालों से योग से जुडी हुई हैं। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच विद्यसागर शर्मा, मनोहर लाल शर्मा, मनोहर लाल भारद्वाज, प्रताप सिंह, सरिता आदि ने भाग लिया।

### देशराज बने टीजीटी कला संघ के उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय टीजीटी कला संघ ने राज्य कार्यकारिणी में रिक्त उपाध्यक्ष का पद नामित करते हुए भर दिया है। संघ ने देशराज कालिया को प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल ने बताया कि मंडी जिला के राजकीय उच्च विद्यालय ज्वालापुर में तैनात देशराज कालिया संघ के उपाध्यक्ष होंगे। वीरभद्र सिंह नेगी की प्रवक्ता पदोन्नति के उपरांत रिक्त पद को नामित कार्यकारिणी सूची अनुसार भरा गया है। इसी तरह रिक्त हुए जिला कांगड़ा के अध्यक्ष और सचिव पद, हमीरपुर और मंडी में जिला सचिव को भी इस सप्ताह भरा जाएगा। संघ ने समस्त जिलाध्यक्षों से अपील की है कि अपनी कार्यकारिणी के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया पूरी कर लें।

### होटल में चार व्यक्ति जुआ खेलते काबू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना सदर हमीरपुर के तहत पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने हमीरपुर शहर के एक होटल के कमरे छापा मारा, जिसमें चार लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त चारों व्यक्तियों को नियमानुसार गिरफ्तार करके इनके के कब्जा से 2500 रुपए बरामद किए गए तथा इनके विरुद्ध धारा 4 व 13 जुआ अधिनियम (गैंबलिंग एक्ट) के अधीन मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# प्रदेश में 2 सितंबर से होगी भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत

## जिला हमीरपुर में सदस्यता अभियान को लेकर बनाई 6 सदस्यीय कमेटी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर की सदस्यता अभियान की कार्यशाला जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश के महामंत्री एवं इस सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक बिहारी लाल, संसदीय क्षेत्र के सदस्यता अभियान के प्रभारी राजेश ठाकुर, सहप्रभारी पायल वैद्य उपस्थित रहे।

कार्यशाला की शुरुआत करते हुए देशराज शर्मा ने अभियान को लेकर एक नंबर 8800002024 लॉन्च किया, जिसके मिस्ड कॉल देने से भाजपा के नए सदस्य बनाने के लिए एक लिंक आएगा उस लिंक में जो सदस्यों की डिटेल है वह भरी जाएगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सदस्यता अभियान को लेकर जिला हमीरपुर से भी 6 सदस्य कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें देशराज शर्मा, महामंत्री राजेश ठाकुर, अजय रिंटू, जिला उपाध्यक्ष उषा बिरला, अभय वीर सिंह लवली, जिला सचिव विनोद ठाकुर कमेटी के प्रमुख होंगे।

राजेश ठाकुर ने कहा कि 17 अगस्त को भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा दिल्ली में एक कार्यशाला आयोजित हुई और उस कार्यशाला में देशभर के राज्यों से भाजपा का नेतृत्व शामिल हुआ, इसमें हिमाचल का नेतृत्व भी उस कार्यशाला में उपस्थित रहा। भाजपा प्रदेश द्वारा भी 22 अगस्त को सदस्यता अभियान की कार्यशाला सुंदरनगर में हुई थी जिसमें जिला से भी जो प्रदेश पदाधिकारी हैं एवं जो कमेटी सदस्यता वहन के लिए बनाई गई है वह उसका साल में शामिल हुए। पायल वैद्य ने पीपीटी के माध्यम से संबोधित करते हुए सदस्यता अभियान की जानकारी सभी पदाधिकारियों को दी।

उन्होंने कहा कि इस अभियान की शुरुआत एक सितंबर से राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रथम सदस्य बनाकर इस अभियान की शुरुआत करेंगे। उसके बाद 2 सितंबर को प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को सदस्य बनाकर हिमाचल में सदस्यता अभियान की शुरुआत करेंगे। 4 सितंबर से इस अभियान की शुरुआत हर जिला वह मंडल में की जाएगी। मंडलों की कार्यशाला 30 अगस्त तक करना सुनिश्चित की गई है। कार्यशाला में देशराज शर्मा के अलावा महामंत्री राकेश ठाकुर, प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल, प्रदेश प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री, महिला मोर्चा की अध्यक्ष वंदना योगी, पूर्व विधायक अनिल धीमान आदि उपस्थित रहे।

# स्कूली बच्चों को किताबें बांट शहीद अंकुश ठाकुर को दी श्रद्धांजलि



शहीद अंकुश ठाकुर सेना मेडल चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य व बच्चे सामूहिक चित्र में।

**एसके शर्मा, जाहू**

शहीद सिपाही अंकुश ठाकुर सेना मेडल चैरिटेबल ट्रस्ट की स्थापना को एक वर्ष पूरा हो गया है। इस उपलक्ष्य में चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके लिए शहीद अंकुश के घर कड़ोहता में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रधान संध्या वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर स्कूली बच्चे भी शामिल हुए तथा उनके लिए दोपहर के भोजन की भी व्यवस्था की गई। इसके साथ ही ट्रस्ट की ओर से पांच स्कूलों मनोह, लदरौर, पट्टा, गुरुकुल और शिशु निकेतन स्कूल के विद्यार्थियों को किताबें और पेन भी वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्यातिथि संध्या वर्मा ने कहा कि शाहिद अंकुश ठाकुर ने देश के लिए अपनी जान न्यौछावर कर जो बलिदान दिया है उसे इतिहास हमेशा याद रखेगा।

इस अवसर पर शहीद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा उषा रानी, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, वित्तीय सचिव प्रदीप कुमार, कमल डोगरा, बलदेव जस्वाल, रीना कुमारी, सुमना कुमारी, विनय, शिवदत्त शर्मा, बांका राम और ट्रस्ट के सभी सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# सेवानिवृत्ति के बाद यूपीएस से मिलने वाली वित्तीय सुरक्षा बढ़ाएगी अधिकारियों का मनोबल: धूमल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को मंजूरी देने के फैसले का हार्दिक स्वागत किया।

उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय को कर्मचारियों के हित में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम बताया, जिससे सरकारी कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित और संरक्षित रहेगा। प्रो. धूमल ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के पश्चात यूपीएस द्वारा मिलने वाले वित्तीय सुरक्षा लाभों से कर्मचारी और अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा। 25 वर्ष नौकरी करने के पश्चात कर्मचारियों को उसकी एवरेज बेसिक पे का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलेगा और यदि कर्मचारी 10 साल नौकरी करता है तो उसको कम से कम 10000 पेंशन प्रतिमाह जरूर मिलेगी। यही नहीं सेवानिवृत कर्मचारियों की मृत्यु के पश्चात उसकी पत्नी को 60 प्रतिशत पेंशन मिलेगी। यूनिफाइड पेंशन स्कीम आने के उपरांत जो कर्मचारी और अधिकारियों के मन में सेवानिवृत्ति के पश्चात आर्थिक सुरक्षा को लेकर एक शंका का माहौल बना हुआ था वह समाप्त होगा।

धूमल ने कहा कि यूपीएस के तहत कर्मचारियों के भविष्य की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। इस योजना के अंतर्गत, कर्मचारी और नियोक्ता दोनों द्वारा अंशदान किया जाएगा, जो एक केंद्रीय कोष में जमा होगा। इस कोष का सुरक्षित और पारदर्शी निवेश किया जाएगा, जिससे कर्मचारियों को उनकी सेवा के बाद पेंशन के रूप में एक स्थिर आय प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम में पेंशन प्रक्रिया को पारदर्शी और स्थिर बनाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यूपीएस ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के बीच के अंतर को समाप्त कर दिया है। यूपीएस के माध्यम से कर्मचारियों को पेंशन की गारंटी मिलने से उनके परिवार सुरक्षित महसूस करेंगे।

# भोरंज मुख्यालय का सुविधाओं से होगा शहरीकरण : सुरेश

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



लोगों से बातचीत करते भोरंज विधायक सुरेश कुमार।

भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने रविवार को बस्सी चौक पर नालियों के निर्माण को लेकर चल रहे विवाद को खत्म करने के लिए भोरंज पंचायत प्रतिनिधियां, स्थानीय व्यापार मंडल के सदस्यों व लोगों से बातचीत की तथा विकास कार्यों में सहयोग करने का आह्वान किया।

इस दौरान विधायक ने कहा कि बड़सर, नादौन, सुजानपुर, घुमारवीं और सरकाघाट उपमंडल की अपेक्षा भोरंज उपमंडल हैडक्वार्टर पिछड़ा हुआ है। इसके लिए पूर्व में रहे मंत्री, विधायक व भाजपा के नेता जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि सभी उप मंडलों के हैड क्वार्टर शहरीकरण की ओर बढ़े हैं, लेकिन भोरंज-बस्सी अभी तक गांव की तरह है। अब इसके शहरीकरण की तरह बनाने की ओर कार्य शुरू किया गया है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही सुविधाओं के विकसित होते ही भोरंज उप मुख्यालय शहरीकरण की तरह लगेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने सिविल अस्पताल में 6 विशेष चिकित्सकों के पद भरे गए हैं। यहां पर जल्द शल्य चिकित्सा की सुविधा मिलेगी। प्रथम चरण में आंखों की ऑप्रेशन की सुविधा शुरू की जाएगी। इसके अलावा अस्पताल में बल्ड बैंक, डायलिसिस व अल्ट्रासाउंड की बेहतर सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि भोरंज मुख्यालय को दो पुराने रोड़ बस्सी चौक से सम्मू ताल व सम्मू ताल से बैलग सडक का निर्माण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा के भोरंज स्कूल में आधुनिक सुविधाएं बच्चों के लिए मुहैया करवाई जा रही है। बस अड्डे, सम्मू ताल पर पार्क बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, लेकिन भाजपा विकास कार्यों पर राजनीति करके लोगों को ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप, तहसीलदार डॉ. आशीष, भोरंज थाना प्रभारी निर्मल सिंह, पंचायत प्रधान पूजा देवी आदि उपस्थित रहे।

# राजेश धर्माणी पर टिप्पणी करने से पहले अपने गिरेबान में झांके भाजपा प्रदेशाध्यक्ष : सांख्यान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष के वक्तव्य पर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष को अपनी बोल वाणी और भ्रामक राजनीतिक छींटाकसी से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। तकनीकी शिक्षा मंत्री एकदम साफ छवि के आदमी हैं, जबकि वर्तमान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के ऊपर पहले ही कई आरोप लग चुके हैं उनको बताना चाहिए कि जब वह प्रेम कुमार धूमल की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे तो तत्कालीन विधानसभा चुनावों से पूर्व उनको क्यों हटाया गया, क्या इनके ऊपर अटल एंबुलेंस सेवा 108 खरीद के आरोप नहीं लगे थे।

वर्तमान भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष को यह भी बताना चाहिए कि जब पूर्व में भाजपा की सरकार बनी तो उन्हें मंत्री क्यों नहीं बनाया गया, क्यों इन्हें विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया, फिर वहां पर भी विधानसभा में भर्ती घोटाले के आरोप इन पर लग गए। सांख्यान ने कहा कि वर्तमान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बताएं कि उक्त समय मे इन्होंने किन-किन अपने चहेतों को नौकरियां बैक डोर से विधानसभा में बांट दी।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से पूछा है कि वह बताएं कि क्या कारण था कि कोविड काल में मई 2020, में इस्तीफा इसलिए देना पड़ा क्योंकि हिमाचल प्रदेश में कोरोना महामारी के बीच मेडिकल आपूर्ति में रिश्वतखोरी के एक मामले की जांच के बीच में उनका भी नाम आ गया। उन्होंने कहा कि आपको प्रदेश के स्वच्छ छवि और ईमानदार व्यक्तित्व वाले प्रदेश तकनीकी शिक्षा मंत्री पर और प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांक लेना चाहिए।

# गुदवीं में घर के ताले तोड़ कर तीन बटलोइयां, दो सिलेंडर व बर्तन चोरी

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल की अमरोह पंचायत के गुदवीं गांव में शनिवार रात घर के ताले तोड़ कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

प्रधान मीना कुमारी प्रेमी ने बताया कि चोरों ने गांव गुदवीं में अमीं चंद पुत्र बसंत राम के घर पर चोरी की है। अमीं चंद का परिवार दिल्ली में रहता है और उसके माता-पिता हनोह पंचायत के जड़ोह गांव में रहते हैं और 7 दिनों में एक बार गुदवीं में आकर बेटे के घर की साफ-सफाई करते हैं। जैसे ही वे रविवार दोपहर को गुदवीं में घर की साफ-सफाई करने के लिए आए तो उन्होंने देखा की घर के गेट पर लगे और कमरों के ताले टूटे हुए थे। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार रात्रि चोरों ने इस चोरी की घटना का अंजाम दिया। घर में कोई न होने का फायदा उठाकर चोर घर तीन बटलोइयां, दो गैस सिलेंडर तथा रसोई घर में रखे सभी बर्तन और कपड़े चुरा ले गए।

प्रधान मीना कुमारी प्रेमी ने बताया कि चोरी की घटना की पुलिस को सूचना दे दी गई है। इधर, भोरंज थाना प्रभारी निर्मल सिंह का कहना है कि पुलिस टीम घटना स्थल पर गई और चोरी की घटना की जांच कर रही है।

# धनेटा में गूंजी गुग्गा जाहरवीर जी की गाथाएं

**अनंत ज्ञान, नादौन**



नादौन के धनेटा में गुग्गा जाहरवीर के सेवक जागरण मंडली घर-घर जाकर गुग्गा गाथा का गुणगान कर रहे हैं। गुग्गा जाहरवीर मंदिर लालां दा टियाला धनेटा के मुख्य सेवक मनीष शर्मा ने बताया कि

गुग्गा मंडली में मनीष शर्मा, राज कुमार, कमल दत्त, लक्की, गुरभक्त सिंह, सुरेश कुमार, ओंकार चंद, देश राज, बलबीर सिंह, जीवन, गुरदास राम आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गुग्गा जाहरवीर जी की वीर गाथा रक्षाबंधन के दिन शुरू होकर कृष्ण जन्माष्टमी के दिन तक चलती है। जिसमें गुग्गा बाबा जी का छतर उठाकर बाबा जी की महिमा का गुणगान करते हैं। सभी बाबा जी के छतर के आगे नतमस्तक होकर मन्नतें मांगते हैं। गुग्गा नवमी के दिन बाबा जी को रोट चढ़ाया जाता है और मेला होता है। प्रदेश की लोक संस्कृति में गोगा जी के प्रति अपार आदर भाव देखते हुए कहा गया है कि गांव-गांव में खेजड़ी, गांव-गांव में वीर गोगाजी का आदर्श व्यक्तित्व भक्तजनों के लिए सदैव आकर्षण का केंद्र रहा है। गोगाजी राजस्थान के लोक देवता हैं। जिन्हें जाहरवीर गोगा के नाम से भी जाना जाता है। गुग्गा जी के प्रतीक के रूप में पत्थर या लकड़ी पर सर्प मूर्ति उत्कीर्ण की जाती है। लोक धारणा है कि सर्प दंश से प्रभावित व्यक्ति को यदि गुग्गा की माड़ी मंदिर तक लाया जाए तो वह व्यक्ति सर्प विष से मुक्त हो जाता है।

# भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ने पीएम मोदी का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्चना चौहान ने पीएम मोदी और उनकी कैबिनेट का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू की गई है जो आने वाले वर्ष 2025 से लागू होगी। इस पेंशन स्कीम के लागू होने से देशभर के कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) में कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद 50 प्रतिशत एश्योर्ड पेंशन मिलेगी यह 12 महीने की एवरेज बेसिक पे का 50 प्रतिशत होगा। कर्मचारी की मौत होने पर फैमिली पेंशन का प्रावधान होगा। कर्मचारी की सर्विस 25 साल से कम तो 10,000 रुपए प्रतिमाह पेंशन रखी गई है 2004 से मार्च 2025 तक रिटायर हुए लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा, जिसने सरकार का योगदान 18.5 प्रतिशत होगा।

# डाइट हमीरपुर में विद्या समीक्षा केंद्र के स्विफ्ट चैट पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान हमीरपुर।** शिक्षा विभाग और समग्र शिक्षा द्वारा डाइट हमीरपुर में चल रही चार जिला हमीरपुर, ऊना, कांगड़ा और चंबा की 15 दिवसीय इंडक्शन ट्रेनिंग के पांचवें दिन के पहले सत्र में स्त्रोत व्यक्ति किरण लता ने मानव संचार प्रणाली के विभिन्न तरीकों और उनके महत्व के बारे में बताया। दूसरे सत्र में उत्सर्जन तंत्र के बारे में चर्चा की, जिसमें मानव शरीर में उत्सर्जन की प्रक्रिया और उसके महत्व के बारे में बताया। तीसरे सत्र में स्त्रोत व्यक्ति किरण बाला ने प्रजनन प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी। चौथे सत्र में स्रोत व्यक्ति परमजीत ने विद्या समीक्षा केंद्र के बारे मे, जिसमें स्विफ्ट चैट के बारे में बताया कि कैसे अध्यापकों की हाजिरी, बच्चों की हाजिरी और अभ्यास कैसे करवाएं, साथ में प्रबंध, शगुन, दीक्षा और निष्ठा पोर्टल की जानकारी दी। जिला समन्वय पुनीत कुमार ने बताया कि इस ट्रेनिंग से अध्यापक अपने आप को अपडेट रखेंगे और विभाग द्वारा समय समय पर लांच की जा रही मोबाइल एप और पोर्टल की जानकारी हासित करते रहेंगे।

# राजेंद्र राणा करते हैं नेगेटिव और ओवर पॉलिटिक्स : प्रेम कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



प्रदेश कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने पूर्व विधायक द्वारा प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री के विषय में की जा रही बयानबाजी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जारी प्रेस बयान में कहा कि राजेंद्र राणा नेगेटिव और ओवर पॉलिटिक्स करते हैं और अपनी अति महत्वाकांक्षी राजनीतिक इच्छाओं के चलते ही वह कभी एक जगह ठहर नहीं पाते।

भाजपा से निर्दलीय, निर्दलीय से कांग्रेस और फिर कांग्रेस से भाजपा का उनका राजनीतिक सफर यही साबित करता है कि राणा दूसरों का रास्ता रोकते-रोकते अपना रास्ता भटक जाते हैं। कौशल ने कहा कि राजेंद्र राणा को न तो भाजपा का नेतृत्व अपना रहा है और न ही भाजपा कार्यकर्ता उन्हें पचा पा रहे हैं। इसलिए वह भाजपा में अपना स्थान बनाने की मंशा से कांग्रेस और कांग्रेस के नेताओं के विरुद्ध लगातार बयानबाजी कर रहे हैं।

विकास कार्यों को लेकर राणा की चिंता वास्तव में दिखावटी है, क्योंकि यदि उन्हें हमीरपुर जिला के विकास की चिंता होती तो वह जिले से संबंधित दो दो मुख्यमंत्रियों के खिलाफ साजिशें करने की बजाय उनके साथ तालमेल स्थापित कर जिले को आगे ले जाने की राजनीति करते। कांग्रेस के विधायकों के भाजपा के संपर्क में होने के उनके दावे पर भी व्यंग्य करते हुए कौशल ने कहा कि छह विधायक पहले ही उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा और उकसाने की वजह से अपने राजनीतिक करियर की अग्नि कुंड में आहूति देकर घर बैठ चुके हैं और अब कोई विधायक भाजपा के झांसे में आकर राजनीतिक आत्महत्या करने की भूल नहीं करेगा।

# जगजीत ठाकुर बने हिमाचल एफिलिएटिड पब्लिक स्कूल संघ के प्रदेशाध्यक्ष

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



हिमाचल एफिलिएटिड पब्लिक स्कूल संघ की बैठक रविवार को भोटा के-स्टार होटल में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव भी किया गया जिसमें सर्व सहमति से जगजीत सिंह ठाकुर को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।

उन्होंने कहा कि निजी स्कूल समाज निर्माण में देश भर में अहम भूमिका निभा रहे हैं और लाखों शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं। निजी स्कूलों से पढ़कर अधिकतर बच्चे आज देश के अहम पदों पर देश की सेवा कर रहे हैं, लेकिन देश निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे निजी स्कूलों के साथ भेदभाव किया जा रहा है, जो की असहनीय है। उन्होंने प्रदेश भर के समस्त स्कूल प्रबंधकों से आग्रह किया कि वे एक संगठन में शामिल हो होकर समस्त समस्याओं का हल सरकार से करवा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूलों की समस्याओं को एकजुट होकर सरकार से हल करवाया जाएगा। हम सरकार व प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। बोर्ड द्वारा निजी स्कूलों के संदर्भ में किए गए अहम बदलावों पर सर्वसम्मति से बोर्ड सचिव का विशेष तौर पर आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी व जिला कार्यकारिणी की भी घोषणा की।

प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, मुख्य सचिव डॉ. सुमन ठाकुर, सहसचिव अतुल ठाकुर व रजत डोगरा, कानूनी सलाहकार वीरेंद्र चौधरी, सचिव प्रताप वर्मा व नरेंद्र ठाकुर, मुख्य सलाहकार महेश राणा, कोषाध्यक्ष अनिल ठाकुर, प्रिंट मीडिया एन भारती व सोशल मीडिया जोगिंद्रदेव आर्य को भी चुना गया। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** दो दिवसीय सम्मेलन में प्रमुख संस्थानों के वक्ताओं ने दिए व्याख्यान

# एनआईटी हमीरपुर में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



एनआईटी हमीरपुर में रविवार को इलेक्ट्रिकल सिस्टम और एनर्जी टेक्नोलॉजीज पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (ईएसईटी-2024) का समापन किया गया। इस सम्मेलन में प्रस्तुति के लिए 60 से अधिक पत्रों का चयन किया गया।

उद्घाटन सत्र को निदेशक एनआईटी हमीरपुर प्रो. एचएम सूर्यवंशी, प्रो. आईके भट्ट समारोह के विशिष्ट अतिथि, डॉ. अर्चना संतोष नानोटी रजिस्ट्रार एनआईटी हमीरपुर, डीन संकाय कल्याण प्रो. अनूप कुमार ने संबोधित किया। सम्मेलन की शुरुआत (ईएसईटी-2024) के अध्यक्ष डॉ. अमित कौल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के परिचय से हुई, इलेक्ट्रिकल इंजी. विभाग प्रमुख भारत भूषण शर्मा ने इंजीनियरिंग विभाग की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। एनआईटी के निदेशक एचएम सूर्यवंशी ने संस्थान में ऐसे सम्मेलन आयोजित करने के महत्व पर प्रकाश डाला और एनआईटी हमीरपुर की उपलब्धियों को भी गिनवाया।

संस्थान की रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष नानोटी ने विद्युत प्रणालियों और ऊर्जा प्रौद्योगिकियों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के विषय और बड़े पैमाने पर समुदाय के लिए ऐसी प्रौद्योगिकियों के विभिन्न लाभों का वर्णन किया। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के इन दो दिनों के दौरान प्रमुख संस्थानों के प्रख्यात वक्ताओं द्वारा एक मुख्य व्याख्यान और दो पूर्ण वार्ताएं दी गईं। इसके अलावा देशभर से आए शोधकर्ताओं ने अलग-अलग सत्रों में अपने शोध निष्कर्ष प्रस्तुत किए, जिन्हें सम्मेलन के छह ट्रैक के अनुसार विभाजित किया गया है। संस्थान द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता के अलावा, सम्मेलन को वित्तीय सहायता और समय पर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए हमारे प्रायोजकों द्वारा प्रायोजित किया गया था।

कुल-मिलाकर छह ट्रैक थे और दो दिनों के दौरान छह तकनीकी सत्रों में तकनीकी वार्ता, पेपर प्रस्तुत किए गए। समापन सत्र के दौरान प्रतिनिधियों और छात्र समन्वयकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# स्पिक मैके ने भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में युवाओं के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सोसायटी (स्पिक मैके) द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत, कला, संस्कृति, योग, और नृत्य के प्रति जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. किरण सेठ मुख्यातिथि के रूप में पधारे। स्पिक मैके का उद्देश्य आज के बच्चों और युवा वर्ग को भारतीय और विश्व विरासत में निहित प्रेरणा और रहस्यवाद का अनुभव कराना है। इस संगठन के तहत हर साल लगभग 5000 कार्यक्रम आयोजित होते हैं, जो भारत के लगभग 500 शहरों और विदेश में लगभग 50 स्थानों पर होते हैं। डॉ. किरण ने 1977 में स्पिक मैके की स्थापना की तथा उन्हें 2009 में कला में आपके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया गया। इसी मुहिम के तहत उन्होंने भारतीय संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु श्रीनगर से कन्याकुमारी तक 13000 किलोमीटर की साइकिल यात्रा की एवं लाखों लोगों से संवाद किया। कार्यक्रम का प्रबंधन एवं संचालन शिक्षकों तथा हिन्दी समिति द्वारा किया गया। संस्थान की कुल सचिव डॉ. अर्चना संतोष नानोटी ने हिमाचली संस्कृति के अनुसार मुख्यातिथि का स्वागत किया एवं संस्थान के निदेशक प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी ने मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न भेंट करके उनका सम्मान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### चुराह में नहीं कोल्ड स्टोर, बागवानों को लूट रहे बिचौलिए

**आजम डार, चुराह।** जिला चंबा के चुराह विस क्षेत्र में आज दिन तक कोल्ड स्टोर की सुविधा नहीं मिल पाई है। बागवानों की फल और सब्जियां या मंडी तक पंहुचने से पहले ही या तो खराब हो जाती है या रोड ब्लॉक होने से खेतों में ही खराब हो जाती हैं। यही कारण है कि चुराह के बागवान और किसान काम दामों में ही सब्जियां और फल बेच रहे हैं। जिस बजह से किसानों को काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है, सबसे ज्यादा नुकसान छोटे किसानों को भुगतना पड़ रहा है। इन लोगों को अपने फल और सब्जियां बेचने के लिए पंजाब की मंडियों का रुख करना पड़ रहा है उन्हें जालंधर चंडीगढ़ पठानकोट अमृतसर इत्यादि जगहों पर भारी भरकम किराया देकर अपना माल पंहुचाना पड़ रहा है। वहीं मंडी में बैठे बिचौलिए किसानों को लूटने का काम करते हैं। वहीं मेहबूब खान, रशीद मोहम्मद , हरी राम, लतीफ मोहम्मद, नरेंद्र कुमार, घसीटू राम, भूपेंद्र, सूर्य सेम, बलदेव राम, चंचलो देवी, हुशियारी, हुकम चंद का कहना है कि चुराह में सरकार द्वारा जल्द से जल्द कोल्ड स्टोर खोला जाए।



### केंथली के कोटला मैदान में पहली बार होगा छिंज मेला

**अनंत ज्ञान, चुराह।** चुराह विस क्षेत्र के तहत आने वाली कुहाल पंचायत के केंथली में एक विशाल दंगल मेले का आयोजन किया जा रहा। मेले के सफल आयोजन के लिए मेला कमेटी की बैठक हुई इसमें मेले में होने वाली प्रतियोगिताओं के विषय पर चर्चा की गई। वहीं यह मेला पहली बार हो रहा है। मेला कमेटी ने फैसला लिया की मेले का आयोजन एक सितंबर को किया जाएगा। मेले के दौरान दुकानें भी सजेंगी साथ ही स्थानीय व्यंजनों के स्टाल भी लगेंगे।



इस बैठक में मेला कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार, सचिव नरेश कुमार, सुरेश पवन रफीक मोहम्मद, मीडिया प्रभारी मोहम्मद आशिक व अन्य लोग उपस्थित रहे। मेला कमेटी ने सभी लोगों से मेले में आने को कहा और और मेले की शोभा बढ़ाने की अपील की।

### पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर लूना से दुनाली के बीच में लगा भारी जाम

# 15 घंटे जाम में फंसे श्रद्धालु

**ओपी शर्मा, भरमौर**

पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर पिछले 15 घंटे से मणिमहेश यात्री जा में फंसे रहे। यह जाम लूना से लेकर दुनाली तक लगा हुआ था। यह जाम शनिवार शाम 6:00 बजे से लेकर रविवार करीब 10:00 बजे तक लग रहा। इस जाम को खुलवाने के लिए पुलिस प्रशासन स्थानीय लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

गौरतलब है इस बार लाखों के हिसाब से भगवान भोलेनाथ के श्रद्धालु पवित्र मणिमहेश डल झील की ओर आए हैं। सड़क तंग होने के कारण यहां पर लोग जाम में फंस रहे हैं। जन्माष्टमी के दो दिन पहले ही जाम को खोलने के लिए और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस प्रशासन के पसीने छूट रहे हैं। आलम यह है कि यहां पर लोग अपनी गाड़ियों को छोड़कर पैदल ही मणिमहेश की ओर रुख करने को मजबूर हो गए हैं।

हर वर्ष मणिमहेश यात्रा के सफल आयोजन को लेकर कई बैठकें की जाती है, जिसमें सड़क की दशा को सुधारने के लिए सबसे ज्यादा जोर दिया जाता है। लेकिन पिछले करीब 10 सालों से यहां पर एनएच द्वारा सड़क चौड़ी करने का काम चला हुआ है जो कछुआ गति से चला है। सरकार व प्रशासन द्वारा अभी तक भी इस ओर कठोर कदम नहीं उठाए गए हैं जिसके कारण हर वर्ष श्रद्धालुओं को इस परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बग्गा से लेकर भरमौर तक सड़क की दशा यहां पर आने जाने वाले श्रद्धालुओं व यात्रियों को चिढ़ा रही है और यहां के विकास को चारों तरफ पहुंचा रही है।



वाहनों का लगा हुआ जाम, जिस कारण यात्रियों को काफी परेशान होना पड़ा।

यातायात व्यवस्था देख रहे पुलिस उपाधीक्षक मयंक शर्मा ने बताया कि एकाएक यात्रियों के वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण ऐसी स्थिति हुई थी, जिसे नियंत्रित करके सुचारू रूप से चलाने की कार्य योजना तैयार की गई है। जिसे लागू कर दिया गया है। लोगों को भी पुलिस का सहयोग करना चाहिए। जान बूझकर जाम न लगाने की अपील की है।

### पुलिस अधीक्षक ने लिया ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा

**पुलिस** अधीक्षक अभिषेक यादव ने रविवार को भरमौर जाकर मणिमहेश मेले के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मौके पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने बड़ी गाड़ियों को जब तक ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू नहीं हो जाती है सुरक्षित स्थानों पर खड़े रहने के आदेश दिए। दो दिनों से बड़ी गाड़ियां ट्राले व सीमेंट से लदी बोगियां के कारण समस्या उत्पन्न होने की बात कही जा रही थी। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था के मुद्दे पर भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज ने भी प्रशासन पर की तरह के सवाल उठाए थे।



जाम में फंसे हुए मणिमहेश यात्री।

# खराब मौसम की वजह से नहीं हो पाई हवाई उड़ानें



**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर से गौरीकुंड के लिए हवाई उड़ानों का दौर थम गया है। शनिवार को दोपहर बाद मौसम खराब होने के चलते उड़ाने नहीं हो पाई तो वहीं पर रविवार को खराब मौसम के चलते एक भी उड़ान नहीं हो पाई है। हवाई सफर कर डल झील में आस्था की डुबकी लगाने की चाह रखने वाले मणिमहेश यात्रियों का इंतजार भी बढ़ गया है।

बता दें कि शनिवार दोपहर बाद से खराब मौसम के कारण हेली टैक्सी सेवा ठप पड़ी हुई है। बीते रोज शनिवार को दोनों हेली टैक्सी कंपनियों की कुल 33 उड़ानें ही दोनों तरफ हो पाई थी। बहरहाल निचले इलाकों में धूप खिली है, जबकि गौरीकुंड वाले उपर के हिस्से में खराब मौसम के चलते उड्डानें नहीं हो पा रही है। हालांकि मौसम विभाग अगले कुछ दिनों तक मौसम की खराब रहने का अनुमान जताया है। रविवार को दोपहर बाद भरमौर के अधिकतर क्षेत्रों में धूप के लिए रही लेकिन ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बादल छाए रहे जिसके कारण रविवार को भी कोई भी उड़ान नहीं हो पाई है।

उड़ाने न होने के चलते हैली टैक्सी के जरिए मणिमहेश यात्रा करने वालों का इंतजार और बढ़ गया है। हालांकि पहले दो दिनों तक मौसम की ठीक रहने पर धड़ाधड़ यह उड़ने हो रही थी। जिसके चलते पहले दो दिनों में ही प्रशासन को रॉयल्टी के जरिए लगभग 3 लाख से अधिक रुपए का लाभ हुआ है।

# जन्माष्टमी पर डल झील में होगा पवित्र स्नान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

मणिमहेश यात्रा में जन्माष्टमी पर्व पर डल झील में पवित्र स्नान का शुभ मूहर्त आज दस घंटे चालीस मिनट तक रहेगा। इस अवधि में डल झील में आस्था की डुबकी लगाना शुभ और फलदायक रहेगा। 26 अगस्त सुबह तीन बजकर चालीस मिनट पर छोटे न्हौण का स्नान आरंभ होगा और यह दोपहर बाद दो बजकर बीस मिनट तक चलेगा। बहरहाल मणिमहेश यात्रा में जन्माष्टमी के पावन स्नान के लिए श्रद्वालुओं का भरमौर पहुंचने का सिलसिला जारी है।

उल्लेखनीय है कि प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा का अधिकारिक तौर पर आगाज 26 अगस्त को हो रहा है। हांलाकि मई माह से ही डल झील की ओर यात्रियों का जाने का क्रम शुरू हो गया था।



वहीं अगस्त माह में भी अब तक हजारों की संख्या में श्रद्वालु डल झील पहुंच कर आस्था की डुबकी लगा चुके है। इस शुभ मूहर्त में डल झील में स्नान करने का शास्त्रों में विशेष महत्व है और पडोसी राज्य जम्मू-कश्मीर के अलावा स्थानीय लोग भी इसी शुभ घड़ी में डल में आस्था की डुबकी लगाते है।

कार्यवाहक एडीएम भरमौर कुलवीर सिंह राणा ने कहा कि स्थानीय पंडितों से न्यास एवं प्रशासन ने संपर्क करने के बाद जन्माष्टमी और राधाअष्टमी के शुभ मूहर्त की समयावधि श्रद्वालुओं के लिए जारी की है। इसके तहत जन्माष्टमी पर्व पर डल झील में स्नान करने का शुभ मूहर्त 26 अगस्त तडके तीन बजकर चालीस मिनट पर आरंभ होगा और यह दोपहर बाद दो बजकर बीस मिनट तक रहेगा। उन्होंने बताया कि राधाअष्टमी का पावन स्नान 10 सिंतबर रात 11 बजकर 13 मिनट पर आरंभ होगा और 11 सितंबर बाद दोपहर 2 बजकर 20 मिनट तक चलेगा। कुलवी सिंह राणा ने बताया कि जन्माष्टमी के पावन स्नान को लेकर डल झील समेत यात्रा के विभिन्न पडावों पर सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली है। वहीं शनिवार शाम को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ तैयारियों को लेकर रिव्यू बैठक भी की है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्षो की तुलना में जन्माष्टमी पर डल झील में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा इस वर्ष अधिक रहने की उम्मीद है।

# 9 सितंबर को संचूई के शिव गूर मणिमहेश के लिए होंगे रवाना

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

राधा अष्टमी के दिन पवित्र मणिमहेश डल झील तोड़ने की परंपरा का निर्वहन करने के लिए संचूई के शिव गूरों का दल 9 सितंबर को मणिमहेश के लिए रवाना होगा। 9 सितंबर के दिन शिव गुरु का यह दल धनछो में रूकेगा। 10 सितंबर के दिन 12 बजे से लेकर 1 बजे के बीच तक पवित्र मणिमहेश डल झील तोड़ने या क्रॉस करने की परंपरा की रस्म अदा की जाएगी। इस दौरान त्रिलोचन महादेव के वंशज संचूई के चेलों का दल 7 और 8 सितंबर को दो दिन 84 परिसर में रूकेंगे। इस दौरान यह शिव गूर शिव मंदिर चौरासी में दो दिनों तक श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे।



जानकारी देता हुआ संचूई के शिव गूरों का दल ।

इसकी जानकारी देते हुए शिव गुरु व कमेटी के प्रधान धर्म सिंह , उत्तमचंद, मखौली राम, चमन लाल , जगदीश कुमार, विजय कुमार ने कहा है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस रस्म को बड़ी धूमधाम से अदा किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि हर वर्ष संचूई के शिव गूरों का दल इस पवित्र डल झील तोड़ने की रस्म को अदा करता है जिसके बाद ही शाही स्नान शुरू होता है।

हर वर्ष संचूई के शिव भक्तों का दल पारंपरिक वेशभूषा पहनकर 84 परिसर में माथा टेकने के बाद पवित्र स्थल मणिमहेश के लिए निकलता है। इस पल को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग शामिल होते हैं। मान्यता के अनुसार भगवान भोलेनाथ ने यहां के शिव भक्तों को आशीर्वाद दिया है कि उनके डल तोड़ने की रस्म के बाद ही पवित्र स्थल मणिमहेश में शाही झील में स्नान करना अति उत्तम होगा। लिहाजा इस रस्म का निर्माण यह चेले सैकड़ों बरसों से कर रहे हैं।

मान्यता के अनुसार भगवान त्रिलोचन महादेव को शिव जी का परम भक्त माना गया है। भगवान भोलेनाथ ने अपनी भक्ति और अपना आशीर्वाद भगवान त्रिलोचन महादेव को दिया था। इसके बाद बरसों की परंपरा को निभाते हुए त्रिलोचन महादेव के वंशज हर वर्ष पवित्र मणिमहेश डल झील तोड़ने की रस्म को दा करते आ रहे हैं। उनकी इस दृश्य को देखने के लिए हजारों लोग साक्षी बनते हैं।

# परमात्मा को जानने के लिए तपस्या या भक्ति जरूरी नहीं : अनिल

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

निरंकारी मिशन की डल्हौजी शाखा ने सत्संग का आयोजन किया जिसमें महात्मा अनिल गुप्ता जी ने संगत को प्रवचनों से निहाल किया। उन्होनें कहा कि निरंकारी मिशन सच का संदेश देश-विदेश और गांव-गांव में पहुंचा रहा है।

सच परमात्मा है और यह हमारे अंग-संग विराजमान है जिसकी अनुभूति निरंकारी मिशन करवा रहा है महात्मा ने कहा कि परमात्मा का बोध सतगुरू की कृपा से संभव है जिससे ब्रह्मज्ञान कहा गया है।

उन्होंने कहा कि जब हमें परमात्मा का दीदार हो जाता है उसके बाद कोई भ्रम नहीं रह जाता है। ब्रह्मज्ञानी वही कहलाया जाता है जो परमात्मा को अंग-संग महसूस करते हुए सद मार्ग पर चलता है। नफरत निंदा से परे हो जाता है और दूसरे के सुख में अपनी खुशियां मनाता है। उन्होंने कहा कि निरंकारी मिशन यह संदेश दे रहा है कि परमात्मा को जाना जा सकता है जिसके लिए किसी तपस्या या भक्ति की जरूरत नहीं। हमारा व्यवहार सौहार्दपूर्ण और मेल-मिलाप वाला होना चाहिए। व्यवहार से निरंकारी होना चाहिए न कि हम बोल कर बताएं कि हम निरंकारी हैं। इस दौरान सुभाष, बंदना, देव कुमार, वरुण, सूजल आदि ने भजन प्रवचनों क माध्यम से निरंकार प्रभु का गुणगान किया।



प्रवचन करते हुए महात्मा अनिल व मौजूद भक्त।

# प्रशासन नहीं कर पाया पार्किंग और यात्रियों के लिए ठहरने का प्रबंध

**ओपी शर्मा, चंबा**

मणिमहेश यात्रा के दौरान भरमौर प्रशासन के पास सरकारी अधिकारियों व वीआईपी के लिए ठहराने का भी भरमौर प्रशासन के पास उचित प्रबंध नहीं है।

यहां पर सरकारी रेस्ट हाउस का अभाव होने के चलते वीआईपी लोगों के लिए विशेष प्रावधान नहीं है। जानकारी के मुताबिक यहां पर मात्र 15 से 20 सरकारी कमरों के सहारे ही मणिमहेश यात्रा के दौरान अतिथियों को ठहराने का प्रबंध किया जाता है। यहां पर लोक निर्माण विभाग के दो रेस्ट हाउस के जरिए ही अतिथियों को ठहरने का प्रबंध है जो काफी नहीं है। हालांकि हर वर्ष मणिमहेश यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालु भरमौर से होकर मणिमहेश पहुंचते हैं। इस दौरान देश के कोने-कोने से वीआईपी अतिथि यहां पर पहुंचते हैं। जिनको ठहराने के लिए कई बार प्रशासन के हाथ पांव फूल जाते हैं। हालांकि इस बार इस तिथि को देखते हुए भरमौर प्रशासन ने प्राइवेट कमरों को हायर करने की भी सोची है।

गौरतलब है हर वर्ष मणिमहेश यात्रा पर देश-विदेश से श्रद्धालु यहां पर पहुंचते हैं। जिनमें से कई प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ कई राज्यों के सरकार के मंत्री भी यहां यात्रा पर आते हैं। जिन्हें ठहराने के लिए भरमौर प्रशासन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# मणिमहेश यात्रा के प्रबंधों पर सीएम कर रहे समीक्षा : ललित

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

मणिमहेश यात्रा के सफल आयोजन को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं पैनी नजर रखे हुए हैं। यह बात हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के निदेशक ललित ठाकुर ने कही है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री हर दिन उपायुक्त से मणिमहेश यात्रा की तैयारी की जानकारी ले रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने चंबा प्रशासन को मणिमहेश यात्रा के सफल आयोजन के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। ललित ठाकुर ने कहा है कि दूसरे प्रदेश के कोने में बैठकर मणिमहेश यात्रा के बारे में अनाप-शनाप बयान देने का कोई तुक नहीं बनता है। कुछ दिन पहले स्वयं डीसी और पुलिस अधीक्षक भरमौर मौके पर तैयारियों का जायजा लेने के लिए गए हैं। इससे पहले प्रशासनिक अधिकारी मणिमहेश जाकर तैयारीयों का जायजा ले चुके हैं और इसके सफल आयोजन के लिए सख्त निर्देश दे चुके हैं और लगातार सफल अयोजन के लिए प्रयास किया जा रहे हैं।

गौरतलब है भरमौर के विधायक डॉक्टर जनकराज ने मणिमहेश यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रशासन को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा है कि मणिमहेश यात्रा को लेकर चंबा व भरमौर प्रशासन ने पूर्ण तैयारी नहीं की है। जिसके कारण जाम की स्थिति बन रही है।

उन्होंने कहा है कि इस बार बड़ी मणिमहेश यात्रा में उम्मीद से अधिक श्रद्धालु आए हैं। जिसके कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जबकि इसके लिए पुलिस अधीक्षक ने बड़ी गाड़ियों को फिलहाल के लिए सुरक्षित स्थानों पर रोकने के लिए कह दिया है ताकि जाम की समस्या उत्पन्न न हो। ललित ठाकुर ने कहा है कि इस मौके पर भरमौर के विधायक डॉक्टर जनक राज जम्मू में जाकर बैठे हुए हैं और वह स्वयं यहां पर मौजूद नहीं है। बावजूद इस तरह की बयान बाजी दुर्भाग्यपूर्ण है।

इस तरह की जाम की स्थिति पूर्व भाजपा सरकार के दौरान भी आती रही है लेकिन किसी ने इस बात के लिए सरकार को दोष नहीं दिया है। मणिमहेश यात्रा में किसी भी श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या न हो इसके लिए सीएम ने प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं और प्रशासन भी इसके लिए कड़े से कड़े कदम उठा रहा है।

### सूडोकु 0037

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0036 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

# हेली टैक्सी के रेट से श्रद्धालुओं से हो रहा अन्याय : विपन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मणिमहेश सेवा समिति जुगियाल पठानकोट के फाउंडर चेयरमैन विपन महाजन ने मणिमहेश यात्रा के दौरान हेली सर्विस की ऑनलाइन पोर्ट्ल की कुछ बातें प्रशासन के ध्यान में लाते हुए कहा है कि हेली सर्विस द्वारा जो ऑनलाइन पोर्ट्ल जारी किया गया है उसमें बहुत अधिक हिडेन चार्जेस रखे गए हैं। जैसे टिकट का रेट तो 3850 रुपए रखा गया है लेकिन सवारी का भार जो पूर्व में 95 किलो था उसे कम कर 85 किलो कर दिया गया है जिससे जो ओवरवेट चार्जिस 95 किलो वेट से उपर वाले को देने होते थे वे अब 86 किलो से उपर वाले सभी ओवरवेट श्रृंखला में आ गए हैं। ऊपर से प्रति किलोग्राम 100 चार्ज रखा गया है जो के पूर्व में 5 किलो पर 100 रुपए था। उन्होंने कहा ही कि ये श्री मणिमहेश आने वाले श्रद्धालुओं से सरासर अन्याय है।

कंपनी सिर्फ और सिर्फ आने जाने की शटल की ही बुकिंग कर रही है जिससेजिन श्रद्धालुओं ने सिर्फ भरमौर से गौरीकुंड जाने की ही टिकट लेनी है और वापसी पैदल करनी है या गौरीकुंड से भरमौर के लिए सिर्फ वापसी ही करनी है उनके लिए किसी तरह का कोई बुकिंग का प्रावधान नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि हेली कंपनी को निर्देश जारी किए जाएं कि 85 की जगह नॉर्मल टिकट का वेट 95 किलो किया जाए और पूर्व की भांति ओवरवेट सवारी के लिए प्रति 5 किलो पर 100 ओवरवेट चार्जिस रखा जाए।

# मणिमहेश में 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

26 अगस्त को जन्माष्टमी के पावन अवसर पर 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं के मणिमहेश यात्रा पर आने का अनुमान है। जब से अधिकारी तौर पर यात्रा पर आने वालों का पंजीकरण करने की प्रक्रिया शुरू हुई है तब से लेकर अब तक 15 हजार लोगों का पंजीकरण हो चुका है। उधर, जन्माष्टमी पर डल झील में स्नान को लेकर भरमौर प्रशासन ने यात्रा की सभी व्यवस्था पूरी कर ली हैं।

एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने बताया कि ठंड से बचने के लिए डल व गौरीकुंड में बालन (जलाने के लिए लकड़ी) पहुंचा दी गई है। जैसे-जैसे और मांग आएगी तो भेज दी जाएगी।

हड़सर से मणिमहेश डल झील तक विभिन्न स्थानों पर पानी पीने के लिए नल लगा दिए गए हैं। हड़सर से मणिमहेश डल तक पैदल मार्ग का निर्माण कर लिया गया है। जगह-जगह पर सोलर लाइट लगाई गई हैं।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** आज आपको प्रगति के अवसर मिलेंगे। व्यापार मजबूत होगा। मनोबल बढेगा। लाभ आने में विलम्ब होगा। परेशानियां कम होंगी। दिनचर्या अच्छी रहेगी।

**वृषभ:** आज आपका पराक्रम बढ़ेगा। प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। परिवार का सहयोग रहेगा। भूमि-वाहन का सुख मिलेगा। संतान से सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** निर्माण कार्य में प्रगति होगी। मान-सम्मान में बढोत्तरी होगी। परिवार में सहयोग कम होगा। कार्य में विजय मिलेगी। धन आगमन में समस्या आयेगी।

**कर्क:** धन-धान्य का लाभ होगा। पराक्रम-प्रतिष्ठा में बढ़ोत्तरी होगी। राजकाज में सफलता मिलेगी। कार्य में तेजी आएगी। उत्साह बना रहेगा। स्वयं में असंतोष रहेगा। मानसिक पीड़ा होगी।

**सिंह:** धन-धान्य का लाभ होगा। व्यापार में वृद्धि होगी। मनोबल बढ़ेगा। शत्रु की हानि होगी। प्रतियोगिता में विजय मिलेगी।

**कन्या:** व्यापार में लाभ व विस्तार होगा। नौकरी में लाभ होगा। परिवार से कम सहयोग मिलेगा। यात्रा में लाभ होगा। व्यापार में लाभ होगा। मित्रों से स्नेह बढ़ेगा।

**तुला:** धन का लाभ होगा। संतान से प्रसन्नता मिलेगी। प्रियजन से मिलाप होगा। व्यापार का विस्तार होगा। दूर-समीप की यात्रा हो सकती है। धन का लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक:** मानसिक परेशानियां कम होंगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। परिवार की समस्या का हल होगा। स्वास्थ्य का सुधर होगा। मित्रों से मतभेद होगा।

**धनु:** राजकाज में प्रसिद्धि व विस्तार होगा। कार्य में मन लगेगा। उत्साह बढ़ेगा, धन का लाभ होगा। मित्रों से सहयोग मिलेगा। कार्यों में उत्साह बनेगा।

**मकर:** मानसिक तनाव रहेगा। दैनिक कार्य अस्त-व्यस्त रहेगा। धर्म में आस्था बढेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी। धन का थोडा लाभ मिलेगा। परिवारिक समस्या से परेशानी बढ़ेगी।

**कुंभ:** अकस्मात व्यय होगा। राजकाज में विलम्ब होगा। शत्रु परास्त होंगे। व्यापार का विस्तार होगा। मित्रों से सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। कार्य में प्रगति रहेगी।

**मीन:** व्यापार में लाभ होगा। मित्रों से सहयोग मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। संतान की चिंता रहेगी। धन का आगमन कठिन परिश्रम से होगा। रोजगार में वृद्धि होगी। साझेदारी से लाभ होगा।

### आज का पंचांग

**26 अगस्त, 2024, सोमवार**

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण, **तिथि** अष्टमी : (2:22): **नक्षत्र** कृत्तिका (03:55), **पक्ष :** कृष्ण **योग:** व्याघात (10:15) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:56-12:48), **राहुकाल** (07:32 -09:09)।

### विशेष दिन

- 26 अगस्त 2024 : जन्माष्टमी आज।
- 26 अगस्त 2024 : कालाष्टमी आज।
- 26 अगस्त 2024 : संत ज्ञानेश्वर जयंती आज।

# डलहौजी के लोहाली में लोहे की चादरें चोरी, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी के वार्ड नंबर 2 लोहाली में बीती रात सड़क से किनारे रेता बजरी के ढुलाई के लिए लोहे की चादरों से बने परनाले कि चादरों को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चुराने का मामला प्रकाश में आया है।

जानकारी अनुसार वार्ड नंबर 2 लोहाली के राजेश चौभियाल पूर्व अध्यक्ष विधानसभा क्षेत्र डलहौजी आम आदमी पार्टी ने अपने भवन निर्माण के लिए मुख्य मार्ग से नीचे अपने घर तक रेत-बजरी पहुंचाने के लिए लोहे की चादरों से परनाला बनाया था। किंतु बरसात होने के कारण अभी काम बंद किया गया था, लेकिन आज जब रोज की तरह राजेश चौभियाल गांधी चौक माल रोड अपनी दुकान पर जा रहे थे उन्होंने देखा कि उनके द्वारा निर्मित परनाले में लगी लोहे की चादरें गायब है, जिसकी लिखित में शिकायत दर्ज करवाई।

पुलिस थाना डलहौजी के प्रभारी जगबीर सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच प्रक्रिया शुरू की और राजेश चाबियाल को पूर्ण रूप से आश्वस्त किया कि वह जल्द ही चोरों को काबू कर लेंगे। उन्होंने तुरंत लोहाली एवं उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगालना शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी डलहौजी जगबीर सिंह ने बताया कि उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंच कर जांच प्रक्रिया को अंजाम देना शुरू कर दिया है ।

# अजीत सिंह यादगार सभा ने करवाया कुश्ती दंगल

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

देशभक्त सरदार अजीत सिंह यादगार सभा पंचपुला डलहौजी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर होने वाले कुश्ती मेलों को संपन्न किया गया जिसमें पंजाब, हरियाणा हिमाचल, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर के लगभग 162 पहलवानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। देर रात 11 बजे तक चले रोमांचक मुकाबलों के पश्चात 'उभरता सितारा' प्रतियोगिता का खिताब रोहित (चुवाड़ी) ने मुस्ताक (कंडवाल) को हराकर जीता जबकि डलहौजी कुमार का खिताब वसीम (पठानकोट) ने तेलू (सदवा) को हराकर अपने नाम किया। डलहौजी केसरी 2024 का खिताब रोचक मुकाबले में असलम (लुधियाना) में सोनू (पठानकोट) को अंकों के आधार पर हराकर अपने नाम किया और दंगल शिरोमणि 2024 के मुकाबले में पी टी (कैथल) ने गामा (लुधियाना) को अंकों के आधार पर हराकर खिताब अपने नाम किया।



पहलवानों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

उभरता सितारा प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता को नगद पुरस्कार दीपक गंडोत्रा (शहरी कांग्रेस कमेटी डलहौजी इकाई के महासचिव) द्वारा दिया गया जबकि मुख्यातिथि मनोज चड्डा की अनुपस्थिति में हरप्रीत सिंह मोनू ने दंगल शिरोमणि का पुरस्कार तथा पीतल का गुर्ज देकर पहलवानों को सम्मानित किया।

प्रतियोगिताओं का आरंभ डलहौजी हिल टॉप स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद वर्मा द्वारा पाठशाला एडमिनिस्ट्रेटर अजय सोलंकी की उपस्थिति में किया गया। वहीं शुभारंभ हेतु पहुंचे डलहौजी हिल टॉप स्कूल के गणमान्य महानुभावों को सभा के पूर्व अध्यक्ष राकेश चौहान तथा अध्यक्ष सुभाष चौहान द्वारा सम्मानित किया गया।

एक मूर्ख व्यक्ति के लिए किताबें उतनी ही उपयोगी होती हैं, जितना कि एक अंधे व्यक्ति के लिए आईना। -चाणक्य

## संपादकीय

# केंद्रीय कर्मियों की बल्ले-बल्ले

केंद्र सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम यानी यूपीएस लागू करने का फैसला लेकर केंद्रीय कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले कर दी है। सरकार के इस फैसले से 23 लाख केंद्रीय कर्मचारी लाभान्वित होंगे। हाल ही में हुए चुनावों में विपक्ष ने पुरानी पेंशन स्कीम यानी ओपीएस लागू करने का मुद्दा जोर-जोर से उठाया था और इस मुद्दे की बदौलत विपक्ष अच्छी खासी सीटें निकालने में कामयाब हुआ तथा भाजपा को इसकी वजह से भारी नुकसान उठाना पड़ा था, लेकिन केंद्र सरकार ने विपक्ष के इस मुद्दे की अब काट खोज निकाली है। केंद्र ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू करने का फैसला किया है जो मौजूदा एनपीएस यानी न्यू पेंशन स्कीम के साथ ही लागू रहेगी। यूपीएस के तहत कर्मचारियों को 25 साल काम करने पर पूरी पेंशन मिलेगी। अगर कर्मचारियों ने 25 वर्ष की सेवा दी है तो उसके अंतिम कार्य वर्ष के 12 माह के औसत मूल वेतन की 50 प्रतिशत राशि बतौर पेंशन दी जाएगी। अगर सेवाकाल 10 से 25 वर्ष का है तो पेंशन की राशि समानुपातिक आवंटन के आधार पर तय होगी। निश्चित रूप से कर्मचारियों को इस स्कीम से बहुत बड़ा फायदा होने वाला है। कर्मचारियों ने जब इस पेंशन स्कीम का अध्ययन किया तो वह खुशी के मारे फूले नहीं समा रहे हैं। वो सरकार का तहेदिल से धन्यवाद कर रहे हैं। यूपीएस में सुनिश्चित पेंशन मिलेगी। परिवार को भी पेंशन का प्रावधान है। सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन और पेंशन की राशि की महंगाई दर के साथ जोड़ने और रिटायरमेंट के समय ग्रेच्युटी के अलावा भी सुनिश्चित राशि के भुगतान की व्यवस्था सरकार ने कर दी है। एक तरह से यह स्कीम ओपीस की तरह ही होगी, लेकिन फर्क इतना सा होगा कि ओपीएस में कर्मचारियों को योगदान नहीं देना होता था, जबकि यूपीएस में नई पेंशन स्कीम की तर्ज पर 10 प्रतिशत योगदान देना होगा।

यूपीएस के लिए कर्मचारियों को कोई भी अतिरिक्त योगदान नहीं देना होगा, जबकि केंद्र की तरफ से पेंशन फंड में योगदान मौजूदा 14 प्रतिशत से बढ़कर साढ़े 18 प्रतिशत कर दिया गया है। यह हर साल जैसे-जैसे महंगाई बढ़ती जाएगी वैसे-वैसे बढ़ता रहेगा। हालांकि इससे केंद्र सरकार पर महज एक साल के अंदर 6250 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इस हिसाब से देखा जाए तो केंद्र के लिए यह सौदा घाटे वाला साबित हो सकता है। शायद यही वजह है कि विपक्षी दल इसे एक सियासी दांव मान रहे हैं। यह योजना अगले साल पहली अप्रैल 2025 से लागू हो जाएगी। एनपीएस वर्ष 2024 से लागू हो चुकी है और तब से लेकर अब तक जितने भी कर्मचारी रिटायर हुए हैं उन्हें यूपीएस के तहत पेंशन सुविधा लेने का विकल्प सरकार देगी। यदि कर्मचारी ऐसा करते हैं, तो उन्हें जो अतिरिक्त राशि व ब्याज बनेगा उसका भुगतान केंद्र से होगा। यूनिफाइड पेंशन स्कीम का रास्ता इतना आसान नहीं था। सरकारी कर्मचारी देशभर में सामान्य नागरिकों की सेवा करते हैं। चाहे शिक्षक हों, डॉक्टर्स हों, नर्सिस हों, सफाई कर्मचारी हों, पुलिस कर्मचारी हों, रेलवे या डाक सेवा के कर्मचारी हों या फिर कृषि सेक्टर में कार्यरत कर्मचारी हों, हर एक फील्ड में सरकारी कर्मचारी देशभर में सेवा करते हैं। उस सेवा से समाज की एक व्यवस्था चलती है।

सरकारी कर्मचारियों का किसी भी सोसायटी में एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रहा है। चाहे भूत देखें या भविष्य देखें या विकसित देश देखें, सब जगह सरकार के ढांचे की बहुत ज्यादा वैल्यू होती है। सरकारी कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दे हमेशा से उठाते आए हैं और समय-समय पर बहुत अच्छे निर्णय भी उनके बारे में लिए गए हैं। खासकर रिटायरमेंट के बाद जो पेंशन मिलती है वह सामाजिक व्यवस्था का एक बहुत बड़ा पिलर होता है। देशभर से सरकारी कर्मचारियों की ओर से मांग आती रही है कि एनपीएस स्कीम में सुधार किया जाए। सुधार के लिए पीएम मोदी ने एक कमेटी बनाई थी। डॉ. सोमनाथन उस कमेटी के अध्यक्ष थे। उस कमेटी ने बहुत बड़ा काम यह किया कि 100 से ज्यादा इंप्लाइज यूनियन के साथ चर्चा की। तकरीबन सभी राज्यों की इंप्लाइज यूनियनों के साथ चर्चा हुई। मीटिंगों के दौर चलते रहे। सरकार के संगठनों ने भी अपने सुझाव दिए। जिस गंभीरता के साथ पीएम मोदी ने इस विषय को लिया वह वाकई काबिले तारीफ है। दूसरी ओर पीएम मोदी की सोच यह है कि वह पहले मुद्दे को समझते हैं और उस पर विस्तार से काम करते हैं। देशहित और जनहित को भी मद्देजर रखते हैं। बहरहाल, केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी से पहले बहुत बड़ा तोहफा दिया है। कर्मचारियों को इसका आनंद लेना चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' की संस्थापक

**मदर** टेरेसा रोमन कैथोलिक नन थीं, जिन्होंने सन 1948 में स्वेच्छा से भारतीय नागरिकता ले ली थी। उन्होंने 1950 में कोलकाता में 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' की स्थापना की। 45 सालों तक गरीब, बीमार, अनाथ और मरते हुए लोगों की मदद की और साथ ही 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' के प्रसार का भी मार्ग प्रशस्त किया। मदर टेरेसा ने जिस आत्मीयता से भारत के दीन-दुखियों की सेवा की, उसके लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। मदर टेरेसा का वास्तविक नाम एग्नेस गोनक्शा बोजाक्शिहउ था, जिन्हें रोमन कैथोलिक चर्च द्वारा 'कलकत्ता की संत टेरेसा' का नाम दिया गया था। मदर टेरेसा का जन्म यूगोस्लाविया में हुआ। उनके पिता का नाम निकोला बोयाजू था जो एक साधारण व्यवसायी थे। एक रोमन कैथोलिक संगठन की वे सक्रिय सदस्य थीं और 12 वर्ष की अल्पायु में ही उनके हृदय में विराट करुणा का बीज अंकुरित हो उठा था। मदर टेरेसा का असली नाम 'अगनेस गोंझा बोयाजिजू' था। अलबेनियन भाषा में गोंझा का अर्थ फूल की कली होता है। अगनेस के पिता उनके बचपन में ही मर गए, बाद में उनका लालन-पालन उनकी माता ने किया। पांच भाई-बहनों में वह सबसे छोटी थीं। मदर टेरेसा को पीड़ित मानवता की सेवा के लिए विश्व के अनेक अंतरराष्ट्रीय सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें पद्मश्री 1962, नोबेल पुरस्कार 1979, भारत का सर्वोच्च पुरस्कार 'भारत रत्न' 1980 में। ■



मदर टेरेसा
जन्म : 26 अगस्त,1910
मृत्यु : 5 सितंबर,1997

## अपनी बात

**प्रकृति** से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है और इसके परिणामस्वरूप कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। प्रकृति से खिलवाड़ करने से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे जैव विविधता प्रभावित होती है और पारिस्थितिक तंत्र असंतुलित हो जाता है। अगर इंसान प्रकृति से खिलवाड़ करता रहा तो एक दिन उसका विनाश भी निश्चित है। यही नहीं, पर्यावरण प्रदूषण होता है, जिससे जल, वायु और मिट्टी प्रदूषित होते हैं और इसके परिणामस्वरूप स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। प्राकृतिक संसाधनों की कमी जाती है, जिससे भविष्य में संसाधनों की कमी हो सकती है। इसके अलावा प्रकृति से खिलवाड़ करने से आपदाओं का खतरा बढ़ता है, जैसे कि बाढ़, सूखा, और भूस्खलन आदि प्राकृतिक आपदाएं आती हैं। जैव विविधता की कमी भी आती है, जिससे पारिस्थितिक तंत्र असंतुलित हो जाता है और इसके परिणामस्वरूप कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसलिए, प्रकृति से खिलवाड़ करना गलत है और हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए और इसका संरक्षण करना चाहिए।

**शिवानी भटनागर, नूरपुर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# भारत की बेटियों पर दरिंदगी और हत्या कब तक

पश्चिम बंगाल में प्रशिक्षु डॉक्टर पर की गई दरिंदगी और हत्या की अभी जांच ही चल रही है और इस घटना को लेकर समूचे भारत में दुख और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। वही सभी महिलाएं सुरक्षा को लेकर पुरजोर मांग कर रही है, लेकिन बेंगलुरु में 18 अगस्त रविवार को मोटरसाइकिल सवार ने कथित तौर पर एक लड़की से यौन उत्पीड़न किया। जिसका समाचार पढ़ने को मिला, वही देहरादून और गुवाहाटी में गैंगरेप की खबर आ गई अभी पुराने समाचारों की स्याही सूखतीं नहीं है कि नई खबर आ जाती है बालात्कारों की। भारत एक ऐसा देश जहां की धरती को ही एक देवी रूप में यानी भारत मां के रूप में जाना व पुकारा जाता है, नारियों की पूजा शक्ति रूप में की जाती है। नारियों का स्थान देवियों के रूप में माना जाता है। हमारी संस्कृति ऐसी ऐतिहासिक व गौरवशाली रही है, जहां नारियों के अपमान के खिलाफ महाभारत व लंका जला दी जाती थी, लेकिन न जाने भारत में अब कितनी बेटियां यूंही हैवानों का शिकार बनती जा रही है। कभी निर्भया तो कभी मोमिता को परिवारों ने खोया है।

यह कैसा भारत व अपराधियों की कैसी अमानवीय मानसिकता। जो पीड़ित को देखे व घटना के बारे में सुने उसका हृदय कांप उठता है। भारत में निरंतर तेजी से बढ़ रहे ऐसे मामले कतई सहनयोग्य नहीं है। कभी बेटियों के कपड़ों का बहाना बनाया जाता है, तो कभी समय का, तो कभी उम्र का, तो कभी माहौल का, लेकिन हैवानों के लिए कोई वर्ग नहीं होता, चील कौओं की तरह नोचने की प्रवृत्ति इनके मन में है। अभी हाल ही में पश्चिम बंगाल में उस घिनौने कृत्य की घटित घटना में आखिर उस प्रशिक्षु डॉक्टर की क्या गलती है जो डॉक्टर के रूप में जिसे जीवनदान देने वाले भगवान का रूप माना जाता है। अपनी ईमानदारी से ड्यूटी दे रही थी, उसके साथ इस कदर हैवानियत करना मानवीय कृत्य तो कदापि नहीं, यह अमानवीय है, हैवानियत है। पहले कहा जाता था कि मनुष्य जानवर था, लेकिन अब अखबारों की सुर्खियां पढ़कर ऐसा लगता है, था नहीं अब भी जानवर ही है। भारत में बलात्कार आजकल सबसे आम आपराधिक गतिविधि सी बन गई है।



लेखक : डॉ. मनोज डोगरा
प्राध्यापक, बड़सर कॉलेज

जब किसी व्यक्ति का बलात्कार होता है, तो उसकी भावना और गरिमा का भी बलात्कार होता है। यह व्यक्ति को ऐसी भयावह और दर्दनाक स्थिति में डाल देता है, जहां से उस व्यक्ति के लिए बच पाना मुश्किल होता है। यह एक जघन्य अपराध है जो न केवल पीड़ित को बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। बलात्कार को परिभाषित करने वाली कोई एक परिभाषा नहीं है, क्योंकि कभी-कभी यह उन सभी सीमाओं को तोड़ देता है जिनकी एक व्यक्ति कल्पना कर सकता है। भारत में हर दिन बलात्कार के बढ़ते मामले महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े करते हैं। भारत में एक भी दिन ऐसा नहीं गुजरता जब बलात्कार का कोई मामला न सुनने को मिले। यह विषय हमेशा समाचारों में बना ही रहता है। आखिर कब तक यह ऐसे ही चलता रहेगा कब तक मौन व्रत व कैंडल मार्च निकाले जाएंगे। कब इन घटनाओं पर विराम लगेगा। कब ऐसे कृत्यों को अंजाम देने वाले दरिंदों को सजाए मौत दी जाएगी।

जिनका उदाहरण देखकर किसी के मन में खौफ उठेगा। कोई अपराध करने का सोच भी नहीं सकेगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस बार 15 अगस्त को लाल किले से संबोधित करते हुए कहा था कि ऐसी दरिंदगी करने वाले दरिंदों को कड़ी से कड़ी सजा होनी चाहिए, ताकि ऐसा घिनौना कार्य करने वालों की रूह कांप जाए। इसलिए सरकारों को और न्यायपालिकों को कड़े फैसले लेने होंगे तथा समाज को ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार करना होगा, सोचने विचारने का समय अब नहीं है, अब समाज और सरकार को महिलाओं, बेटियों की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध होना होगा। समाज की मानसिकता में बदलाव लाने की जरूरत है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी बेटियों के बढ़ते रुतबे को देखकर 2015 में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरुआत हरियाणा के पानीपत से की थी, ताकि देश में कोई भी बेटी ऐसी न हो जो अशिक्षित रह सके। आज बेटियां इस कदर शिखर पर पहुंच रही है कि जब कभी भी कोई प्रणाम घोषित होता है, तो समाचार पत्रों में पढ़ने को मिलता है कि किसान की बेटी या दुकानदार की बेटी ने पहला स्थान हासिल किया है, इसलिए समझ में यह जरूरी बन जाता है कि सभी महिलाओं को शिक्षित किया जाए, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और आत्मनिर्भर बन सकें। महिलाओं की मानवीय प्रतिष्ठा के वास्तविक सम्मान के लिए जो लड़ाई लड़नी है। उसके लिए अभी मीलों का सफर तय करना है और हम इस सफर को तभी तय कर पाएंगे जब महिलाएं अपने साथ होने वाले अपराधों को सहना छोड़कर उनके खिलाफ आवाज उठाऊंगी, क्योंकि हमारे भारतीय समाज में महिलाओं को सिर्फ सहना सिखाया जाता है, कहना नहीं सिखाया जाता। इसलिए जरूरी है कि महिलाएं सबसे पहले अपनी आवाज खुद उठाएं, अपनी मशाल का दीपक खुद जलाएं तथा अपनी गरिमा के साथ कोई समझौता न करें, तभी ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। हमारा समाज आदर्शों व विचारों से प्रेरणा लेने वाला समाज है।

इस समाज में सरकार से ज्यादा संस्कार प्रभावी है। अपराधों को इस स्थिति तक पहुंचने से पहले ही कानून व्यवस्था को सुदृढ़ कर समाज परिवार में अच्छे संस्कार देकर अपराधों को रोका जा सकता है। सरकार से ज्यादा संस्कार असरदार होते हैं, जिनसे अपराधों को कानूनों से ज्यादा स्तर पर रोका जा सकता है। ऐसे जघन्य अपराधों के घटित होने के पीछे नशा भी एक बड़ा कारण है। नशे में धुत व्यक्ति बिना सुध-बुध के ऐसा खौफनाक कदम उठा लेता है। जिसकी आशंका खुद उसको भी नहीं होती और सामने वाले का जीवन या तो संकट में या प्राण पूरे ही हो जाते हैं।

ऐसे घटित हो रहे कुकर्मों से सीख लेने की आवश्यकता है इनसे अगर कुछ नहीं सीखा गया तो उसका दुष्परिणाम झेलने को समाज को तैयार रहना होगा। महिलाओं के प्रति सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी,महिलाएं घर-गांव में ही स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करेगी तो आखिर कहां ही करेगी जब महिलाएं घर-गांव में ही भय के माहौल में जीएगी तो इन्सानों और गली के कुत्तों में कोई अंतर नही रह जाता है क्योंकि गली में कुता दिखने पर ही रास्ता बदला जाता है जो स्तिथि इंसानो की आने वाले समय में दिख रही है जोकि हैरान व चिंतित करने वाली है। समय अब नहीं है,अब समाज और सरकार को महिलाओं, बेटियों की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध होना होगा युं ही बेटियों की कुर्बानी नहीं दी जा सकती भले ही इसमें सुरक्षा महिलाओं की है लेकिन इसकी जिम्मेदारी पूरे समाज की है। सरकार व संस्कार ही ऐसी दो चीजें है जो इन पर लगाम लगा सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# नारी लाज बचाने को धरती पर श्रीकृष्ण की जरूरत

भगवान विष्णु के अवतार श्रीकृष्ण का जन्म ही दुष्टों के संहार हेतु हुआ था। इसी दिन को पूरे देश में जन्माष्टमी के रूप में हम मनाते हैं। कंस को तो श्रीकृष्ण ने मारा ही द्रौपदी की भी भरी सभा में लाज बचाई थी। श्रीकृष्ण सोलह कला संपूर्ण थे, बचपन से ही अपनी लीला दिखानी शुरू कर दी थी। आज फिर से श्रीकृष्ण की जरूरत इस धरती पर महसूस की जा रही है, क्योंकि एक नहीं कई कंस जैसे दैत्य उत्पात मचा रहे हैं। चीरहरण हो रहा है। संसार को गति देने वाली शक्ति ही अपनी सुरक्षा की गुहार लगा रही है, जिसकी चीख पुकार सुनने वाला कोई नहीं। श्रीकृष्ण के बिना यह कार्य नहीं हो सकता, क्योंकि वे तो सर्वशक्तिमान हैं।



मुकेश विंग
स्वतंत्र लेखक

हर मन की व्यथा-पीड़ा जानते हैं। इसके लिए उनकी प्रिय राधा रानी को भी प्रसन्न करना पड़ेगा, क्योंकि राधा की हर बात श्रीकृष्ण जरूर मानते हैं। द्रौपदी पर जो जुल्म हुए उससे भी कहीं ज्यादा आज नारी पर हो रहे हैं। जगह-जगह कंस घूम रहे हैं। उनसे टकराने वाला कोई भी नहीं, क्योंकि ऐसे दानवों का दुस्साहस बढ़ता ही जा रहा है। हमें केवल रस्म-पूर्ति ही नहीं, बल्कि इस बार पूरे सच्चे मन से कृष्ण को बुलाना है। महादेव शिव व राम की तरह श्रीकृष्ण भी जुल्म करने वाले को दंड देते हैं। फरियाद सुनकर चले आते हैं। सुदामा की तरह वे हमारे भी मित्र बनकर जुल्मों से मुक्ति दिलवाते हैं, उनका सुदर्शन चक्र ही पापियों का सर्वनाश करने को काफी है। गीता भी हमारा मार्गदर्शन कर सकती है। कंस व रावण बड़ी संख्या में आज घूम रहे हैं।

एक दैत्य से बचने को दूसरे दैत्य से फरियाद करने से कोई फायदा नहीं। श्रीकृष्ण को ये पुकारे विनती करो, लेकिन पूरी श्रद्धा से तभी जुल्मों का अंत होगा सब ताले स्वयं खुल जाएंगे। हमारा सौभाग्य है कि हम उस धरती पर जन्मे हैं, जिस पर राम, कृष्ण, बुद्ध, नानक जैसे असंख्य महापुरुषों ने जन्म लिया है, लेकिन समय बदला तो हम भी बदलकर इनकी जयंती तो मनाते हैं पूरे उत्साह से, लेकिन इनके आदर्शों व मार्ग से दूर होते जा रहे हैं। फैशन, स्वार्थ, हिसा से भी हमें बाहर निकलना होगा, तभी श्रीकृष्ण, श्रीराम को हम प्रसन्न कर सकते हैं। जन्माष्टमी का पर्व, शिवरात्रि का पर्व दशहरा, दिवाली, होली सभी महान पर्व हैं। आज के हालात भयभीत करते हैं, क्योंकि स्नेह प्यार बहुत कम हो गया है। हमें पता है पैसा, जमीन, जायदाद हमें कुछ खुशी तो दे सकते हैं, लेकिन हमें अंत में खाली हाथ ही जाना पड़ेगा तो आओ। सभी मिलकर कुछ ऐसी मिसाल कायम करें, ताकि हर तरफ खुशियों की ही बौछार हो तभी हो तभी हमारे व्रत, पूजा-पाठ, भक्ति सार्थक होंगे। स्वयं को बदलेंगे तो दुनिया बदल जाएगी, कृष्ण ने भी अच्छे कर्मों पर ही जोर दिया, जैसे कर्म होंगे वैसा ही फल भी मिलेगा गीता का भी यही ज्ञान है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## कृष्ण कन्हैया



राकेश डोगरा

*मोर मुकुट सिर, मुरली मुख पर*
*बंसी वट की छइया,*
*मस्त गोपियां नाच रहीं संग*
*नाचे कृष्ण कन्हैया।*
*मनमोहन,गिरिधर, गोपाल,*
*काहना, कृष्ण, मुरारी,*
*मुरलीधर, धनश्याम जगत में*
*तेरी महिमा न्यारी।*
*देवकी मां से बिछुड़ शीघ्र घर*
*पहुंचे यशोदा मैया,*
*मस्त गोपियां नाच रहीं संग*
*नाचे कृष्ण कन्हैया।*
*दूर राधिका नाचे छम-छम*
*देख तुझे चितचोर।*
*मस्त गोपियां नाच रहीं संग*
*नाचे कृष्ण कन्हैया।*

# दलित क्रिमीलेयर की व्यवस्था अच्छे से समझें

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदाय को मिलने वाला आरक्षण आज कुछेक घरों की चौखट तक सिमित होकर रह गया है। नतीजतन पात्र गरीब दलितों को आजादी के सात दशक बीत जाने बावजूद भी आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आरक्षण के असली हकदार आज भी अपने अधिकारों से वंचित हैं। साधन,संपन्न लोग ही आरक्षण का अत्यधिक लाभ लेकर इसकी मलाई निरंतर खा रहे हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदाय को मिलने वाले आरक्षण को क्रिमीलेयर व्यवस्था में लाने का प्रयास सराहनीय है। क्रिमीलेयर सिस्टम को पूरी तरह समझने के वजाए भारत बंद का आह्वान करना कतई उचित नहीं है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदाय को इस बाबत सर्वोच्च न्यायालय समक्ष अपना पक्ष रखना चाहिए।

भारत बंद किए जाने से देश की अर्थव्यवस्था पर विपरीत असर पढ़ता जिसे स्मरण रखना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के जजों की पीठ क्रिमीलेयर बारे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदाय को पूरी तरह जागरूक नहीं कर पाई है। नतीजतन इन समुदायों के लोग आज सड़कों पर उतरकर विरोध- प्रदर्शन कर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय को क्रिमीलेयर क्यों लागू करने के लिए बाध्य होना पड़ा। इसके लिए हमारी केंद्र सरकारें पूरी तरह जिम्मेदार हैं। क्रिमीलेयर सिस्टम लागू करने से कहीं बेहतर होता कि आरक्षण का दायरा कुछ कम किया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया कि क्रिमीलेयर सिस्टम कभी लागू नहीं किया जाएगा। भारत को लंबे संघर्ष उपरांत आजादी मिली थी। संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदाय के लिए आरक्षण दस वर्षों तक लागू रखने की योजना बनाई थी। आरक्षण लागू होने तदोपरांत भी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों पर अत्याचार का दौर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा था। कांग्रेस नेता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के आरक्षण फैसले को लेकर खुश नहीं थे।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

देश में दलितों सहित मुस्लिमों को भी आरक्षण दायरे में लाने की मांग उठ रही थी। मुस्लिम लोगों को पाकिस्तान में भेजकर आरक्षण रूपी चिंगारी शांत करने का प्रयास किया गया था। राजनीतिक दलों ने आरक्षण का दायरा निरंतर बढ़ाया है। जिन दलितों के पूर्वजों ने छुआछूत की मानसिक पीड़ा झेली उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। केंद्र सरकारों ने अन्य साधन संपन्न समुदायों के लोगों को आरक्षण दायरे में डालकर पात्र दलितों के हकों को मारने का काम किया है। ठीक इसी वजह से आर्थिक रूप से साधन संपन्न लोग ही आरक्षण का पूरा लाभ उठा रहे हैं। आरक्षण के पात्र दलितों पास उच्च शिक्षा, आर्थिक रूप से संपन्नता का अभाव रहने से वह इसका लाभ उठाने में वंचित हैं। आज प्रत्येक समुदाय आरक्षण की जद में आने की मांग उठा रहा है। सरकारों की मजबूरी बन चुकी वह उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं दे पा रही हैं।

देश में आज आरक्षण आर्थिक आधार पर लागू किए जाने की मांग उठ रही है। दलितों को मिलने वाला आरक्षण आज सभी को खटक रहा है। सवाल यह उठता की आज बगैर आरक्षण कौन सा समुदाय शेष बचा है। आरक्षण के असली हकदारों को अपने अधिकार नहीं मिल रहे और उल्टा समाज के तंज सुनने के लिए बाध्य होना पढ़ता है। सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदाय का सरकारी नौकरियों में रोस्टर सही तरीके से नहीं भरा जा रहा है। फर्जी अपंग सर्टिफिकेट बनाकर नौकरियां हड़पने की मुहिम चल रही है। पात्र लोगों को नौकरियां नहीं मिल रही और फर्जी दस्तावेज के सहारे लोग सरकारी कर्मचारी बने हुए हैं। दलितों के पास आरक्षण का लाभ होने के बावजूद वह अपना भविष्य बनाने में नाकाम हैं। दलितों को निकम्मा साबित करने की एक मुहिम चल रही है। मीडिया दलितों की मामूली बात की सुर्खियां बड़ा-चढ़ा दिखाकर उसका उपहास सदैव उड़ाता है। सोशल मीडिया पर ध्वस्त पुल की वीडियो वायरल की जाए तो उसका ठीकरा दलित इंजीनियरों के सिर पर फोड़ दिया जाता है।

भारतीय संविधान समानता का प्रतीक है। परीक्षा शुल्क छात्रों से एक समान न लिए जाने से समाज में जातिवाद की खाई अब दिनोंदिन बढ़ रही है। जातिवाद खत्म होने पर ही आरक्षण आर्थिक आधार पर लागू किए जाने का सपना देखना समझदारी है। खेद का विषय की शिक्षित लोग ही जातिवाद कोड से अधिक ग्रसित नजर आते हैं। जातिवाद आतंकवाद का रूप धारण करता जा रहा है। अधिकतर दलितों का जीवन यापन अभी तक नहीं सुधरा, जिसके लिए सरकारें पूरी तरह जिम्मेदार हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदाय के हितों की रक्षा करने में प्रशासनिक अमला पूरी तरह सफल नहीं होता है। समाज में जिन लोगों को समानता का अधिकार नहीं मिल रहा वह ईसाई बनने को मजबूर हैं। समाज का एक वर्ग इन्हें हिंदु का समान नहीं देता है। शिक्षण, संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदाय के छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं में निरंतर कटौती की जा रही है।

कहने को देश में आरक्षण सिस्टम लागू, मगर पात्र लोगों के आज भी अपने अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं। एक वार्ड पंच को उसकी जाति आधार पर चुनावों में खड़ा किया जाता है। राजनीतिक दल टिकटें जाति आधार पर बांटकर जातीय संतुलन बनाने का प्रयास करते हैं। देश का एक तबका आरक्षण आर्थिक आधार पर लागू किए जाने की मांग उठाता है। आरक्षण का दायरा कम करना केंद्र सरकारों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। राजनीतिक दलों के नेता भारतीय संविधान , आरक्षण खतरे में बताकर दलित, पिछडों को भड़काने का काम कर रहे हैं। लोकसभा चुनावों की बेला पर कांग्रेस नेताओं ने इसी बात का लाभ उठाकर भाजपा को 400 का नारा सफल नहीं करने दिया।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जीवन में आत्मसंतुष्टि ही है हर मर्ज की दवा

वर्तमान में जिस प्रकार मनुष्य अपने व्यस्तम दिनचर्या और जीवन में उलझा रहता है, जिसके कारण मनुष्य शारीरिक के साथ-साथ मानसिक रूप से भी परेशान नजर आता है। यहां तक कि आज की युवा पीढ़ी तक इस गंभीर समस्या की शिकार होती जा रही है, अर्थात मानसिक दबाव एवं परेशानी का कारण बनता जा रहा है, जानकारी अनुसार जिसका मूल कारण है अधिकांश लोगों को आत्मसंतुष्टि न होना, अगर हम अपने कार्य एवं जीवन के लिए कहीं न कहीं आत्मसंतुष्टि रखते हैं, तो कहीं न कहीं अपने जीवन को सुकून भरा जीवन भी जी सकते हैं, परंतु वर्तमान में लोगों के अंदर एक-दूसरे से आगे निकलने और दिखावे भरे जीवन का मानों एक भूत सवार हो गया है।

जिसके कारण हर मनुष्य कहीं न कहीं परेशान एवं असमंजस की स्थिति में देखने एवं सुनने को मिलता है। इसी महत्वकांक्षा के कारण समाज में विभिन्न घटनाक्रम भी देखने को मिल रहे हैं। अर्थात देवभूमि हिमाचल प्रदेश जैसे शांतिप्रिय एवं पहाड़ी प्रदेश में भी इसी महत्वकांक्षा एवं दिखावें भरें जीवन में आएं दिन अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो रही है, जिसमें अनेक कारण देखने को मिलते हैं, जिसमें पैसे के अभाव एवं किसी अन्य मानसिक परेशानियों के कारण मर्डर, बलात्कार, हिंसा, इत्यादि के रूप में विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार की घटनाएं पैदा हो रही है, तो वहीं समाज में मानों हर व्यक्ति उलझा उलझा सा नजर आता है। ऐसी स्थिति से आज का युवा भी कही न कही प्रभावित हो रहा है।

जिसका एक कारण यह भी है कि हम औरों की देखा-देखी और महत्वकांक्षा के कारण आय से अधिक खर्च करने की ओर बढ़ रहे हैं, उदाहरण के रूप में मानों हमारी आय दस हजार है, परंतु हम खर्च पंद्रह हजार करने के लिए आतुर हो रहे हैं, तो निसंदेह हम परेशान ही नजर आएंगे, जिसके कारण हमेशा दुखी एवं चिंतित नजर भी आते हैं। जिसमें हम बेफिजूल के खर्चों में बढ़ोतरी कर रहे हैं, जिसकी अतिआवश्यक भी शायद नहीं रहती है, अपनी आदतों को दिन-प्रतिदिन गलत रास्तों में झोंक रहे हैं, परंतु अगर हम अपने आय के अनुसार परिवार और जीवन को चलाने का प्रयास करें तो निसंदेह हम आपके जीवन और परिवार में सुख-शांति और फिर से हंसी भरी मुस्कान हर व्यक्ति के चेहरे पर नजर आ सकती है। जैसा कि समय-समय पर संत महात्माओं एवं बुद्धिजीवियों द्वारा भी दोहराया जाता है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इसलिए हमें इस बात को सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए कि अल्पायु के इस कलयुग में ईश्वर ने हम सभी को एक छोटा सा जीवन प्रदान किया है, तो अगर हम इस मनुष्य जीवन में आत्मसंतुष्टि के साथ जीवन व्यतीत करते हैं, तो निसंदेह अमन शांति और आनंद की भी कहीं न कहीं अनुभूति जरूर होती है। इसलिए आज आप सभी के समक्ष एक ऐसे चिंतनीय एवं गंभीर विषय पर चर्चा एवं विश्लेषण करने का प्रयास कर रहे हैं और हम सभी इस छोटे से संदेश को किसी न किसी रूप में जन-जन तक पहुंचाने का भी प्रयास करें। तो वहीं दूसरी ओर हम सभी को आगे बढ़ाने और अन्य व्यक्तियों से उनके अच्छे गुण और शिक्षाओं से जरूर सिखने और आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए, ताकि भविष्य में हम अपने जीवन, परिवार और समाज के लिए कुछ न कुछ बेहतर कर सकें, ऐसी अपेक्षा जरूर करनी चाहिए और इस प्रकार की उत्सुकता और जज्बा हर व्यक्ति एवं युवा में होना भी चाहिए, परंतु जिस प्रकार लोगों में बेफिजूल खर्च और धन का दुरुपयोग हो रहा है, वहां पर कहीं न कहीं हमेशा आत्मसंतुष्टि का अभाव देखने एवं सुनने को मिलता है, जहां कहीं न कहीं चिंता एवं दुख का भी कारण रहता है।

जिस आत्मसंतुष्टि के अभाव में हर व्यक्ति हर दिन उलझा हुआ दिखाई देता है। इसलिए हम सभी को इस गंभीर और चिंतनीय विषय पर आत्मचिंतन करने का प्रयास करना चाहिए, ताकि हमारा शेष जीवन अमन शांति और आत्मसंतुष्टि के साथ व्यतीत हो सकें, ऐसी अपेक्षा और विश्वास करते हैं, क्योंकि हम दशकों से देखते एवं सुनते नजर आ रहे हैं कि मनुष्य जीवन में संभवत कोई भी संपन्न अर्थात आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति हो या फिर किसी भी क्षेत्र से सर्वोच्च पद पर आसीन हो आज तक कोई भी आत्मसंतुष्ट नहीं हो पाया है, तो हम आप तो फिर कैसे संतुष्ट हो सकते हैं। इसलिए हम सभी को कहीं न कहीं अपने जीवन को ईश्वर के अधीन करना चाहिए, जैसा ईश्वर को मंजूर, होगा तो आखिर वही। जिस धार्मिक स्थलों एवं आस्था के कारण हम कहीं न कहीं अपने जीवन को कुछ पलों के लिए शांत एवं सुखद महसूस करते हैं। मनुष्य के जीवन में कोई न कोई उलझनें एवं परेशानी मानों ताउम्र बनीं ही रहती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सेल्ज वालंटियरों के माध्यम से होगी बिक्री : सत्तपाल



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा-एफपीओ ने अपने व अन्य एफपीओ द्वारा निर्मित उत्पादों को उपलब्ध कराने के लिए सेल्ज वालंटियर भर्ती करने की प्रक्रिया शुरू कर दी, जिसके चलते सजाओपीपलु ऑफिस में 15 वालंटियर चयनित किए गए तो सितंबर माह से कार्य शुरू करेंगे। एफपीओ के अध्यक्ष सत्तपाल सिंह चौहान ने बताया कि इन सेल्ज वालंटियरों को मार्गदर्शक कंपनी के स्रोत व्यक्ति डॉ. हरदयाल सिंह गुलेरिया और मशरूम फार्म हाउस के मालिक भूपिंद्र भूप्पी ने मॉर्केटिंग के नियमों बारे में प्रशिक्षण दिया।

### कथक सोपान पुस्तक का शीघ्र होगा लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के प्रथमपुरुष कथक स्नातकोत्तर दिनेश गुप्ता द्वारा लिखित कथक सोपान का शीघ्र ही लोकार्पण होगा। कथक सोपान न केवल कथक नृत्य के प्रशिक्षुकों को अपितु कला रसिकों के लिए ज्ञानवर्धक पुस्तक है। कथक सोपान में उन्नीस अध्याय हैं। इस पुस्तक की खास विशेषता यह है कि कथक शब्द कहां से आया, कब से भारतीय संस्कृति में कथक नृत्य का प्रचलन आया, उसके घराने व कथक नृत्य में विभिन्न तत्व कौन-कौन से हैं को समाहित किया गया है। इससे पहले भी दिनेश गुप्ता ने नृत्य शिक्षा व कथक शब्दकोश नामक पुस्तक कथक प्रेमियों के लिए लिखी हुई है। दिनेश गुप्ता हिमाचल प्रदेश के ही नहीं अपितु भारतवर्ष के जाने-माने कथक कलाकार हैं। आजकल वह डीएवी पब्लिक स्कूल सुंदरनगर में नृत्य शिक्षा के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

### महिला सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाए सरकार : जबना



**अनंत ज्ञान, मंडी।** महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार की घटनाओं में हो रही बढ़ोतरी पर देश की सबसे कम उम्र की पूर्व पंचायत प्रधान एवं प्रदेश स्तरीय समाजसेवी संस्था ओरिएंटल फाउंडेशन की संस्थापक जबना चौहान ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने प्रधानमंत्री को इस संदर्भ में चिट्ठी लिखकर महिला अत्याचारों पर अंकुश लगाने के लिए देश में सख्त कानून बनाने की मांग उठाई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से महिला सुरक्षा के लिए देश में सख्त कानून बनाने की अपील की है, ताकि कोई भी दरिंदा कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई दरिंदगी जैसी हरकत करने की हिम्मत न कर सके।

### रियूर पंचायत रिवालसर में किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, मंडी।** स्थानीय लोगों के द्वारा रियूर पंचायत में पर्यावरण की रक्षा करने के लिए देवदार और औषधीय पौधे लगाए गए, जिसमें आसपास के लोगों ने भाग लिया। बीडीसी सदस्य गीता देवी, फॉरेस्ट गार्ड श्याम, समाजसेवी रमणी चंद शर्मा, मनोज कुमार, रमा देवी, कृष्णा, कंचन, रीता, अंजना, कौशल्या, शालू आदि का कहना है कि पर्यावरण की रक्षा करने के लिए सभी का योगदान जरूरी है।

### एकीकृत पेंशन योजना से मिलेगी आर्थिक सुरक्षा : राकेश



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने प्रधानमंत्री को एकीकृत पेंशन योजना लागू करने के लिए आभार व्यक्त किया है। इस योजना से 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा होगा और उन्हें सुरक्षित भविष्य की गारंटी मिलेगी। विधायक राकेश जमवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लाई गई एकीकृत पेंशन योजना सरकारी कर्मचारियों के लिए एक वरदान है। यह योजना पुरानी पेंशन स्कीम ओपीएस की तरह ही है, जिसमें सरकारी कर्मियों को रिटायरमेंट के बाद औसत मूल वेतन की 50 फीसदी राशि मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच और नेतृत्व क्षमता के कारण ही ऐसी योजनाएं संभव हो पा रही हैं।

### राजनीतिक स्तर पर प्रेस क्लब के सदस्यों ने जताया रोष



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** प्रेस क्लब सुंदरनगर ने अपने सभी सदस्यों को अपनी सदस्यता का सत्यापन शीघ्र करवाने को कहा है। प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में इस बारे लिए गए निर्णय में कहा गया है कि सदस्यता सत्यापन कार्य पूरा करके और निष्क्रिय सदस्यों को प्रेस क्लब से बाहर करके सितम्बर में प्रेस क्लब का पुनर्गठन कर दिया जाएगा। बैठक में राजनीतिक व विभागीय स्तर पर सुंदरनगर में प्रेस क्लब सदस्यों की उपेक्षा पर सदस्यों द्वारा रोष जताया गया। सदस्यों का कहना था कि उपमंडल के तहत राजनीतिक दलों और सरकारी विभागों की प्रेस क्लब के सदस्यों को लेकर रवैया ठीक नहीं है। इसी बीच बैठक में कुल्लू व लाहौल स्पीति जिला में कार्यरत पत्रकार कमलेश वर्मा पर एक धार्मिक समारोह में किए गए हमले की निंदा की गई।

### हिम फ्लॉवर स्कूल में मनाया ग्रैंड पेरेंट्स-डे



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिम फ्लॉवर पब्लिक सीनियर स्कैंडरी स्कूल लडभडोल में रविवार को ग्रैंड पेरेंट्स-डे धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उपाध्याय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों के लगभग 200 दादा दादियों ने भाग लिय। सभी ने हिम फ्लावर परिवार के प्रयासों की खूब सराहना की, वहीं ग्रैंड पेरेंट्स के लिए चेयर रेस, गुब्बारे फुलाना, और कपल डांस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें महिला वर्ग में प्रद्युम्न की दादी ने कुर्सी दौड़ जीती जबकि पुरुष वर्ग में आरव के दादा ने कुर्सी दौड़ जीती, वहीं गुब्बारा फुलाने में प्रगुन के दादा ने बाजी मारी वहीं कपल डांस में अंश के दादा दादी ने सभी को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

## फौजियों से मारपीट के विरोध में सड़कों पर उतरे केहनवाल निवासी

# खूनी क्रशर बंद करने के लगाए नारे

**पुष्पराज, मंडी**



फौजियों के साथ हुई मारपीट के विरोध में सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन करते हुए।

बीते 16 अगस्त को केहनवाल पंचायत के बायर गांव के दो फौजियों के साथ क्रशर मालिक द्वारा की गई मारपीट का मामला अब आंदोलन की तरफ बदल रहा है। उक्त मामले को लेकर अब केहनवाल ग्राम पंचायत के लोग भी फौजियों के समर्थन में उतर गए है। वहीं इस दौरान पन्ना लाल रक्षा मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश कपूर भी दोनों फौजी भाइयों के समर्थन में उतरे है।

रविवार को केहनवाल के बायर गांव से पुलिस द्वारा मामले की जांच में बरती गई कोताही को लेकर धरना प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। पीड़ित नेत्र सिंह का कहना है कि क्रशर मालिक और उनके साथियों ने उन्हें इस तरह से मारा की उन्हें मौत के घाट उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी और यदि वहां पर उनका छोटा भाई कश्मीर सिंह नहीं आता तो शायद उन्हें मौत के घाट उतार दिया होता उन्होंने कहा की पुलिस ने जांच में कोताही बरती है जिससे वे बिलकुल भी संतुष्ट नहीं है।

उन्होंने मंडी पुलिस प्रशासन से इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर को बदलने और मामले में कोताही बरतने की जांच की मांग की है साथ ही उन्होंने आरोपियों को सलाखों के पीछे डालने की मांग ही हैं। वहीं पीड़ित कश्मीर सिंह का कहना है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने कहा की यदि उक्त स्थान पर समय से न पहुंचता तो बड़े भाई को उन्होंने खत्म कर दिया होता। उन्होंने कहा की एक पूर्व सैनिक होने के नाते प्रशासन से गुहार लगाते है की हमें इंसाफ दिया जाए।

वहीं दोनों फोजी भाईयों के समर्थन में केहनवाल पहुंचे पन्ना लाल रक्षा मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश कपूर ने कहा की 16 तारीख को जो भी दो फौजियों के साथ हुआ वह निंदनीय है यदि कोई डिस्प्यूट था तो बातचीत करके हल किया जा सकता था लेकिन इस प्रकार किसी के साथ मारपीट करना हमारे समाज के लिए बिलकुल भी स्वीकार्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि में दोनों फौजी भाइयों के साथ अंत तक खड़ा हूं और इंसाफ के लिए अगर दिल्ली तक भी जाना पड़ेगा तो उससे भी हम गुरेज नहीं करेंगे।( अनंत ज्ञान)

**कहा, इंसाफ के लिए दिल्ली तक जाने से भी नहीं करेंगे गुरेज**

### क्या है मामला

**बायर** में रोजाना की तरह नेत्र सिंह अपनी जमीन की तरफ जहां पर क्रशर लगा हुआ है, सेर के लिए गए और किराये पर दिए गए मकान में उन्होंने ताले लगा रखे थे जिन्हें उन्होंने तोड़ा हुआ पाया। जैसे ही नेत्र सिंह वहां गेट के अंदर गया तो उसके साथ उक्त लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया।

### क्रशर मालिक से होगी पूछताछ : एसएचओ देशराज

**वहीं** एसएचओ सदर देशराज द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि क्रशर मालिक को पूछताछ के लिए बुलाया गया है और मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

## जन्माष्टमी पर बच्चों ने कृष्ण जन्म पर लघु नाटक किया प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



मटकी फोड़ते हुए बच्चे।

शानन स्थित वैदिक पब्लिक उच्च वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने सदनों के आधार पर प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। स्कूल प्रधानाचार्य कंचन ठाकुर ने गीता उपदेश को दोहराते हुए हर पल मुस्कुराने की बात कही।

वहीं केजी के बच्चों ने रंगीन कागज की सहायता से बहुत ही सुंदर चित्र बनाएं और कृष्ण का झूला बनाकर अपनी कार्यकुशलता दिखाई। बच्चों ने कृष्ण सुदामा की मित्रता व कृष्ण जन्म पर एक लघु नाटक प्रस्तुत किया। स्कूल प्रधानाचार्य कंचन ठाकुर ने सभी बच्चों और शिक्षकों को जन्माष्टमी की बधाई दी।

## एक करोड़ के डेथ क्लेम का हुआ निपटारा

**अनंत ज्ञान, मंडी**

युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान को अब जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा। मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति कोर ग्रुप और साधारण सभा की बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र मोहन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर तय किया गया कि आने वाले समय में मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति, हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति, सामाजिक न्याय विभाग एवं गुंजन संस्था के साथ मिलकर पूर्व में चलाए साक्षरता अभियान की तर्ज पर जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजेंद्र मोहन ने कहा कि सूक्ष्म बीमा परियोजना के तहत अप्रैल से जुलाई तक चार महीनों में 5435 पालिसी बनाने में कामयाब हुए हैं। वहीं पर पहली तिमाही में 94 डेथ क्लेम हुए हैं जिनमें जुलाई माह में करीब एक करोड़ की राशि के 29 मृत्यु दावे प्राप्त किए गए।

## चोरों का पहरा देने वाले लोगों से आम लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में असामाजिक तत्वों के प्रति पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक रहने के लिए चलाया जा रहा अभियान अब बेगुनाहगार लोगों के लिये समस्या बनता जा रहा है।

जागरूकता अभियान के तहत चोरों द्वारा इलाके में चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने के लिए ग्रामीण स्तर पर लोगों द्वारा रात के समय ठीकरी पहरा दिया जा रहा है। ऐसे में रात के समय उन लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है जिन्हें रात के समय आवश्यक कार्य के लिये गंतव्य के लिए रवाना होना पड़ता है। भडोल की बाग पंचायत में रात के समय टेलीफोन कंपनी में काम करने वाले युवक को वहां पर ठीकरी पहरा दे रहे युवकों द्वारा रोका गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस छानबीन में पाया गया कि व्यक्ति कंपनी के काम को लेकर ड्यूटी पर था लेकिन उसे संदिग्ध समझकर उसे रोका गया। ऐसा ही मामला मटरू में भी पेश आया जब रात के समय शोर मचा कि चोर गांव में आए है तब एक व्यक्ति अपने घर से निकला तथा अन्य लोगों ने उसे ही चोर समझा लिया।

उधर थाना प्रभारी सकिनी कपूर ने लोगों से आग्रह किया कि वह सचेत रहे लेकिन किसी के लिए परेशानी का कारण बनने से बचें नहीं तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## संजीव भंडारी ने किया शनि मंदिर में मेले का समापन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** मच्छयाल में रविवार को शनिदेव मंदिर में तीन दिवसीय मेले का रविवार को समापन हुआ। इस दौरान पर मंदिर कमेटी प्रधान चुनी लाल शर्मा ने बताया कि मेले में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी संजीव भंडारी ने मेले का समापन किया।

मेले में दो दिन सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें जोगिंद्रनगर गायक अपने गानों से लोगों को नचाया। मेले में महिला मंडल के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंतिम दिन दंगल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी संजीव भंडारी ने मेले कमेटी को मंदिर सुधार के लिए धनराशि भेंट की।

## रत्ती, मुंदरू, ट्रोह सड़क बनी नाला

**अनंत ज्ञान, रत्ती**



सड़क की हालत का दृश्य।

पीपली ट्रोह सड़क पर नालियां साफ न होने के कारण यहां से आने जाने वालों के लिए मुसीबत बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग को कई बार इस सड़क की समस्या के स्थाई समाधान के लिए गुहार लगाई लेकिन आज तक कोई हल नहीं निकल पाया है। ट्रोह निवासी धर्म सिंह द्वारा समस्या के समाधान हेतु मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाई। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को निर्देश मिले की इस समस्या का समाधान जल्द किया जाए। धर्म सिंह ने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सरकार को झूठी रिपोर्ट सौंप दी कि कार्य किया जा चुका है। तब शिमला से स्थानीय अधिशाषी अभियंता उच्चाधिकारी देवी राम चौहान को इसकी पुष्टि करने के निर्देश मिले। उसमें उच्चाधिकारी देवी राम चौहान द्वारा स्पष्ट किया गया कि ट्रोह पीपली सड़क की नालियों की सफाई के लिए जेसीबी मशीन भेजी गई है व लेबर भी भेज कर नालियां साफ कर दी हैं।

उसके बाद शिकायतकर्ता को सहमति के लिए कहा गया लेकिन सहमत नहीं था। जबकि अधिकारी द्वारा यह कार्य किए जाने की पुष्टि की गई थी।

> मुंदरू ट्रोह पीपली सड़क में लोगों की वजह से समस्या आ रही है। लोगों ने निकासी नालियों को बंद कर रखा है। विभाग द्वारा नालियां साफ करवाई जाती हैं वहीं इन्हें बंद कर देते हैं। बरसात में भी तीन बार निकासी नालियों साफ की जा चुकी है। फिर भी अगर कहीं से बंद हो रही हैं तो उन्हें भी खोल दिया जाएगा। - **भूपेंद्र कुमार, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, नेरचौक।**

## जन्माष्टमी पर बच्चों की करवाई दही हांडी प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में बच्चे व अन्य।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी एक वार्षिक हिंदू त्यौहार है यह भगवान विष्णु के आठवें अवतार भगवान श्री कृष्ण के जन्म का उत्सव है। डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाते हुए बच्चों ने कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

जन्मोत्सव पर दही हांडी प्रतियोगिता का भी मंचन किया गया। जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया प्रधानाचार्य श्री संजय ठाकुर जी ने विद्यार्थियों को जन्माष्टमी के पर्व की बधाई देते हुए कहा कि जीवन की कठिनाइयों का सामना हमें धैर्य से करना चाहिए।

श्री कृष्ण जी ने भी अपनी जिंदगी में अनेक उतार चढ़ाव पार करते हुए राक्षसों का वध किया। अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए समस्त समाज का मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि समस्याएं हमारी जिंदगी में आने वाली विपरीत परिस्थितियां हैं।

अगर हम इन परिस्थितियों को अनदेखा करेंगे तो समस्या बढ़ती चली जाएगी। इसलिए जीवन में जब भी विपरीत परिस्थितियां आती हैं तो उनसे निपटाने का उपाय सोचें।

## बीबीएमबी की चारदीवारी गिरने से अरबों की मशीनरी असुरक्षित

**अनंत ज्ञान, पंडोह**



पंडोह डैम संचालक बीबीएमबी लगता है गरीबी रेखा से नीचे बीपीएल श्रेणी में आ गया है। इसकी झलक बीबीएमबी की टूटी फूटी चारदीवारी बयां कर रही है।

इस वर्कशॉप एरिया को सुरक्षित करने के लिए उसके पास पैसों की तंगी चल रही है। आन फान में बीबीएमबी अधिकारियों ने हरे पेड़ों को ही पोल बनाकर पेड़ों को लोहे की किलों से छलनी कर दिया है। हाल ही में 7 जुलाई को इसी वर्कशाप में बीएसएल परियोजना के स्थापना दिवस पर पौधरोपण किया गया था। एक दो पेड़ नहीं दर्जनों पेड़ों के साथ तारें लगाई गई है। हैरत की बात है कि वन विभाग भी चुप चाप सब देख रहा है।

बीबीएमबी के वरिष्ठ अधिशासी अभियंता विवेक चोपड़ा ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। यदि ऐसा है तो जल्द ही पेड़ों पर लगी तारों और किलों को हटा कर इन्हें मुक्त किया जाएगा।

## युवक 210 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** पुलिस थाना औट के शिल्ही लारजी में 22 वर्षीय युवक को पुलिस ने 210 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार मंडी पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक युवक की चेकिंग के दौरान उससे 210 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी की शिनाख्त मोनू पुत्र उमेद सिंह गांव व डाकघर पांची जाटान, तहसील व थाना गन्नौर जिला सोनीपत हरियाणा के तौर पर हुई है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना औट ने मामले में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

## शीतल युवक मंडल की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

**आदर्श यादव, नेरचौक**



सभी पदाधिकारी सामूहिक चित्र में।

नाचन विधानसभा क्षेत्र की जुगाहन पंचायत के शीतला युवा मंडल की एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता शीतला युवा मंडल के प्रधान रमेश कुमार ने की।

बैठक के दौरान कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें उपप्रधान हेमंत सोनी, सचिव रवि कुमार, कोषाध्यक्ष हंसराज व सलाहकार मोहन सिंह को बनाया गया, जबकि कृष्ण कुमार, चरण वालिया पवन कुमार, राहुल, मनीष कुमार, राजू व संजय कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

## पूर्णाहुति से संपन्न हुआ श्रावणी पर्व

**अनंत ज्ञान, मंडी।** आर्य समाज मंडी द्वारा श्रावणी पर्व, वेद सप्ताह, का आयोजन मोती बाजार स्थित मंदिर परिसर में किया गया। 20 अगस्त से इसकी शुरूआत चतुर्वेद शतकम यज्ञ भजन प्रवचन के साथ हुई थी जबकि इसका समापन रविवार को यज्ञ, पूर्णाहुति, आशीर्वाद प्रसाद वितरण, भजन, प्रवचन के उपरांत ऋषि लंगर से हुई।

आर्य समाज मंडी के प्रवक्ता रवि कपूर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावणी पर्व, वेद सप्ताह, का आयोजन मंदिर परिसर में पूरे विधि विधान के साथ संपन्न हुआ।

## डीएवी सुंदरनगर में मनाया जन्माष्टमी पर्व

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**




जन्माष्टमी पर लड्डू गोपाल का पूजन करते हुए चित्र में।

डीएवी विद्यालय सुंदरनगर में योगीराज श्री कृष्ण जी के जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम और हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य मोहित चुघ ने इस विशेष अवसर पर हवन-यज्ञ में भाग लिया और योगीराज श्री कृष्ण जी के चरित्र पर अपने विचार विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए कहा कि श्री कृष्ण की लीलाएं और शिक्षाएं आज भी भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी का पर्व लोगों को श्रीकृष्ण के उपदेशों और जीवन मूल्यों को याद करने का अवसर प्रदान करता है। उनके गीता में दिए गए संदेश आज भी मानव जीवन के लिए प्रासंगिक हैं। यह पर्व श्रद्धा, भक्ति, और आनंद का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर बच्चों द्वारा श्री कृष्ण की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई और नृत्य नाटिकाओं का आयोजन हुआ।

प्रार्थना सभा के दौरान दीक्षा ने शपथ, अन्वेषिका ने विचार और अनाया ने स्वास्थ्य विचार प्रस्तुत किया। योगीराज श्री कृष्ण के जीवन चित्रण से संबंधित अद्भुत तथ्यों पर गुंजन ने प्रकाश डाला और जन्माष्टमी के महत्व पर शिवन्या महाजन ने विषय प्रस्तुतीकरण किया।

**सुविधा** | फोन सिम की तर्ज पर बाजार में मिलेंगे एचआरटीसी के ग्रीन कार्ड

# दुकानदार भी बेच सकेंगे अब ग्रीन कार्ड



**अनिल शर्मा, मंडी**

राज्य सरकार हिमाचल पथ परिवहन निगम को घाटे से उबारने और अपने पैरों पर खड़ा करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

निगम के माध्यम से इस संबंध में अनेक प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि प्रदेश के आम जनमानस को दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर आवागमन की सेवाएं उपलब्ध करवाने के साथ ही निगम की कमाई को भी बढ़ाया जा सके। राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में उठाए जा रहे प्रभावी कदमों में ग्रीन कार्ड की बिक्री बढ़ाना भी शामिल है। ग्रीन कार्ड की बिक्री को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए निगम ने मुख्यमंत्री सुक्खू और उप-मुख्यमंत्री अग्निहोत्री के दिशा-निर्देशों में अब ग्रीन कार्ड आम दुकानों में बिक्री के लिए उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है।

अब कोई भी किरयाना दुकानदार या अन्य कारोबारी, परिचालक व अधिकृत व्यक्ति एचआरटीसी के एजेंट के रूप में कार्य कर एचआरटीसी की बसों में चलने वाले ग्रीन कार्ड बेच सकता है। इसके लिए निगम की ओर से कार्ड विक्रेता को प्रति कार्ड 5 रुपए कमीशन निर्धारित की गई है। मोबाइल फोन की सिम के तर्ज पर बाजार में कहीं भी, किसी भी दुकानदार, जो निगम के एजेंट के रूप में कार्य कर रहा होगा, उससे ग्रीन कार्ड लिया जा सकता है।

### कार्ड लेने की कोई सीमा नहीं

**दुकानदारों** के लिए निगम के कार्यालयों से बिक्री के लिए ग्रीन कार्ड प्राप्त करने की कोई सीमा नहीं है। कोई भी दुकानदार या व्यक्ति अपनी जरूरत के हिसाब से जितने चाहे, उतने ग्रीन कार्ड आगे बिक्री के लिए निगम के कार्यालयों से खरीद सकता है।

### करसोग डिपो में ग्रीन कार्ड का स्टॉक उपलब्ध

**डिपो** के क्षेत्रीय प्रबंधक हुमेश कुमार का कहना है कि करसोग बस डिपो को भी पर्याप्त मात्रा में ग्रीन कार्ड का स्टॉक बिक्री के लिए उपलब्ध करवाया गया है, इच्छुक विक्रेताओं को उपलब्ध करवाने की तैयारी भी करसोग डिपो ने पूरी कर ली है।

### यह कदम भी उठाए

**सरकार** द्वारा निगम की आय बढ़ाने के लिए पहले ही प्रदेश भर में एचआरटीसी की बसों में किराए की कैश लैस ऑनलाइन किराया भुगतान की सुविधा शुरू की जा चुकी है। राज्य में इलैक्ट्रिक बसों को बढ़ावा दिया जा रहा है। कैशलेस किराया भुगतान को अधिक से अधिक अपनाने के लिए परिचालकों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है और उन्हें ईनाम देकर सम्मानित किया जा रहा है।

### यात्रियों व निगम दोनों को होगा लाभ

**ग्रीन** कार्ड की बिक्री को बढ़ावा देने के संबंध में निगम द्वारा लिया गया यह निर्णय एक प्रभावी कदम है। इससे मोबाइल फोन सिम की तर्ज पर आसानी से लोगों को कहीं पर भी ग्रीन कार्ड उपलब्ध हो सकेंगे, जिसका लाभ यात्रियों के साथ-साथ निगम को भी मिलेगा।

## गणेशोत्सव 7 सितंबर से 16 को होगा मूर्ति विसर्जन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी शहर के प्राचीन श्री सिद्ध गणपति मंदिर में गणपति उत्सव का शुभारंभ 7 सितंबर से होगा। यह जानकारी देते हुए श्री सिद्ध गणपति मंदिर ट्रस्ट के प्रधान दीनानाथ सैणी ने बताया कि ट्रस्ट की बैठक में इस उत्सव को मनाने को लेकर कार्यक्रम तय किया गया। डॉ. अमन कुमार व उनके सहयोगी सांगोपांग श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का वाचन करेंगे। 7 सितंबर कलश स्थापना के साथ इसकी शुरुआत होगी।

यह कथा 7 से 15 सितंबर तक चलेगी जो रोजाना दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। 16 सितंबर को सुबह 7 बजे हवन प्रारंभ होगा, 11 बजे पूर्णाहुति होगी तथा देवी देवताओं का आगमन भी होगा। 16 सितंबर को मूर्ति विसर्जन होगा।

## श्रम कल्याण अधिकारी एक माह में पूरा करें काम : भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, मंडी**



बैठक में मौजूद मजदूर यूनियनों के पदाधिकारी।

राज्य श्रमिक कल्याण अधिकारी मंडी अनिल ठाकुर ने जिला की सभी मजदूर यूनियनों के साथ बैठक की, जिसमें श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य व सीटू के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, राजेश शर्मा, इंद्र सिंह और गोपेंद्र इंटक के वाईपी कपूर, नरेश शर्मा, चेत राम और अंकुश मोहन बीएमएस के मंगत राम नेगी कामगार संगठन के संत राम, सोभा राम और देशमित्र एटक के ललित ठाकुर व अन्य डेढ़ दर्जन सदस्यों ने भाग लिया।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि डेढ़ साल से मजदूरों के पंजीकरण, नवीनीकरण और उनकी वित्तीय सहायता जारी करने बारे जो रुकावटें थी वो अब खत्म हो गई है। 5 अगस्त को हुई बोर्ड की बैठक में ग्राम पंचायतों व नगर निकायों में काम करने वाले मनरेगा व अन्य निर्माण मजदूरों को पूर्व की भांति पंजीकृत किया जाएगा।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में बोर्ड के उपकार्यालयों व जिला कार्यालय के कर्मचारियों की बैठक बुलाई जाए, ताकि उनको भी टारगेट तय करके काम सौंपा जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व छात्र एसोसिएशन का 28 को होगा गठन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में आगामी 28 अगस्त 2024 को प्रातः 11 बजे अलमुनाई एसोसिएशन का गठन किया जाएगा। इस बैठक में भाग लेने के लिए छात्रों को अपने साथ आधार कार्ड और कॉलेज का कोई प्रूफ, (मार्क्स कार्ड या कॉलेज रजिस्ट्रेशन) का दस्तावेज साथ लेकर आना होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने कहा कि इस एसोसिएशन का उद्देश्य कॉलेज के सर्वांगीण विकास के लिए सहायता और सुविधाएं प्रदान करना, छात्रों को सामाजिक कल्याण गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करना, छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए जागरूक करना, धन जुटाने की योजनाओं के माध्यम से शारीरिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करना और उनका मार्गदर्शन करना है।


प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर

### युवक की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** थाना हरोली के तहत सैंसोवाल में विषाक्त पदार्थ निगलने से 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान अनुवीर सिंह पुत्र अशोक कुमार निवासी सैंसोवाल के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक गत दिवस अनुवीर सिंह निवासी सैंसोवाल घर पर मौजूद था। इसी दौरान अज्ञात कारण के चलते अनुवीर ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा युवक को अस्पताल लाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। डीएसपी मोहन रावत ने बताया की शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

### प्रवासी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जनपद के धमांदरी गांव में 45 वर्षीय बाहरी राज्य के व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक की पहचान दीपू निवासी हरदोई, यूपी के रूप में हुई है, जो कि पिछले 7 वर्ष से धमांदरी गांव में रहता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक गत दिवस दीपू अपने भाड़े के कमरे में धमांदरी में मौजूद था। दीपू की अचानक तबीयत खराब होने पर स्थानीय दुकानदार चेतन को कॉल पर अस्पताल ले जाने की बात कही। दुकानदार चेतन अपने साथी के साथ दीपू को गाड़ी में बैठाकर अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया की शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

### कंप्यूटर शिक्षक विधायक सुदर्शन से मिले

**विवेक शर्मा, अंब।** कंप्यूटर शिक्षक संघ इकाई अंब की प्रधान अलका शर्मा के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल विधायक सुदर्शन सिंह बबलू से मिला। रविवार को पंजोआ स्थित



विधायक के कार्यालय में आयोजित मुलाकात के दौरान कंप्यूटर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी समस्याओं के बारे अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि वे पिछले 20-22 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने मांग उठाई है कि जो प्रकिया कांग्रेस सरकार द्वारा वर्ष 2017 में उन्हें विभाग में समायोजित करने की अपनाई थी, उस प्रकिया को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कंप्यूटर शिक्षकों को नियमित अध्यापकों को मिलने वाले न्यूनतम वेतनमान की मांग के साथ-साथ उन्हें कांट्रेक्ट अथवा तदर्थ अध्यापकों के बराबर मानने की गुहार भी लगाई है। इस अवसर पर अल्का रानी, रजनी, नेहा, शिवानी, मोनू, विशाल, पूर्ण सिंह,, सचिन ठाकुर सहित कंप्यूटर शिक्षक संघ अंब इकाई के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### विधायक ने शिक्षकों को टैबलेट्स किए वितरित



**अनंत ज्ञान, अंब।** प्रारंभिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राथमिक पाठशालाओं के अध्यापकों को टेबलेट्स वितरित किए गए। रविवार को विश्राम गृह अंब में आयोजित एक कार्यक्रम में विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने विभिन्न ब्लाकों के प्राथमिक पाठशालाओं के अध्यापकों को 52.80 लाख राशि के 330 टेबलेट्स वितरित किए। इस मौके पर शिक्षा खंड जोल के 95, शिक्षा खंड अंब के 114 व गगरेट-2 स्थित शिक्षा खंड मुबारिकपुर के 121 प्राथमिक पाठशालाओं के अध्यापकों को टेबलेट्स मिले हैं। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि प्रदेश के स्कूल डिजिटल सुविधाओं से लैस हों और सरकारी स्कूलों में पढ़ने बाले बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान की जाए,यह प्रदेश की सुक्खू सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के प्रधान डॉ. रविंद्र शर्मा, नरेश बरोटिया के अतिरिक्त खंड शिक्षा अधिकारी जोल प्रदीप कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मुबारिकपुर अश्मील मोहम्मद अख्तर, खंड शिक्षा अधिकारी अंब कर्ण वीर, कांग्रेस अल्पसंख्यक सैल के ब्लाक अध्यक्ष रशाद खान, वार्ड पार्षद रितेश शर्मा, राजेश शर्मा, प्रधान खरयालता पंचायत अशोक कुमार मोनू, सरदार काबल सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

# माता जालफा मंदिर में चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

## गिरोह का एक सदस्य पंजाब के होशियारपुर जिले का

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना/नंगल**



नंगल के समीपवर्ती क्षेत्र के ऐतिहासिक शक्तिपीठ माता जालफा देवी मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश हो गया है। गिरोह का एक सदस्य होशियारपुर जिले से संबंधित है जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में चोर और उस खरीददार को अदालत में पेश किया गया जहां उन्हें दो दो दिन के रिमांड पर भेजा गया है।

पंजाब और हिमाचल की सीमा पर स्थित माता जालफा के प्रति लोगों में गहरी आस्था है। माता के दरबार में चोरी की वारदात होने पर लोगों में एक ही बात की चर्चा है कि चोरों के हाथों अब तो देवी-देवताओं के घर भी सुरक्षित नहीं रहे हैं।

वारदात शनिवार रात लगभग आठ बजे हुई थी। मंदिर के पुजारी पंडित सोहन लाल ने कहा कि वह रात के समय मंजरी में था और संगत का आना-जाना लगा हुआ था। इसी दौरान वह पांच मिनट के लिए गद्दी छोड़कर बाहर निकले और जब वापस आए तो माता रानी के पिंडी रूप से सोने के झुमके व नथली गायब थी। उसी समय मंदिर कमेटी को इसकी जानकारी दी गई। मंदिर कमेटी ने ही पुलिस को जानकारी दी और रात ही पुलिस मौके का जायजा लेने पंहुच गई।

मंदिर के पुजारी ने कहा कि एक लड़का काफी देर मंदिर के दरवाजे के साथ मोबाइल चलाता रहा। वह ही इस वारदात को अंजाम देकर भाग गया। श्रद्धालुओं ने उसे तेजी से मंदिर की सीढ़ियों से उतर एक बाइक पर जाते देखा था। पूरा मंदिर परिसर सीसीटीवी कैमरों से लैस है, लेकिन जब यह चोरी की वारदात हुई, उस समय मंदिर के कैमरे नहीं चल रहे थे, जिसे मंदिर कमेटी की लापरवाही माना जा रहा है।

थाना प्रभारी नंगल इंस्पेक्टर राहुल शर्मा ने कहा कि ऐतिहासिक शक्तिपीठ माता जालफा देवी मंदिर में इस तरह चोरी की वारदात हो जाना उनके लिए चिंता का विषय था। मामले की पड़ताल के लिए डीएसपी बलबीर सिंह के निर्देश पर टीम गठित की गई थी। इस टीम ने 24 घंटे के भीतर आरोपी जो स्थाई रूप से होशियारपुर निवासी है तथा चोरी का सामान आभूषण खरीदने वाले दुकानदार को काबू किया। उन्हें अदालत में पेश किया गया था जहां दोनों को दो दो दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

# 80 वर्ष से ओयल गूगा मंदिर का छत्र उठाने की परंपरा आज भी जारी


गूगा छत्र के साथ गूगामंडली ओयल गुणगान करती हुई।

**अनंत ज्ञान, गोन्दपुर बनेहड़ा**

प्राचीनकाल से ही श्री गूगा मंदिरों से गूगा जी का छत्र लेकर मंडलियां गूगा महिमा का गुणगान करके आमजनमानस को सुनाती आ रही है। बता दें कि प्राचीन काल से ही रखड़ पूर्णिमा के दिन से ही देव गूगाजाहरवीर के मंदिरों से गूगा मंडलियां गूगा जी का पावन छत्र उठाकर घर-घर जाकर गूगा जी की महिमा का गुणगान करके समस्त समाज को हर साल वर्षों से सुनाती आ रही हैं।

वहीं प्राचीन परंपरा की अनूठी मिसाल होने साथ-साथ धार्मिक परम्पराओं को जीवंत बनाये हुए हैं। वहीं क्षेत्र के ओयल गूगा मंदिर की मंडली के सदस्यों रविकांत, वंश, कुलभूषण, अमित, भूषण ने बताया कि ओयल गूगा जी का छत्र विगत 80 वर्षों से गूगाजी की महिमा को सुनाता आ रहा है। उनकी मानें तो उनके बुजुर्गों से विरासत में मिली श्री गूगा जी की सेवा करने प्रेरणा आज भी मिल-जुलकर निभाते हुए आगे बढ़ा रहे हैं। उनकी मानें तो प्राचीन परंपरा के अनुसार गूगा जी के सेवक छत्र, ढोलक, चिमटा लेकर नंगे पांव गूगा नवमी तक गूगा महिमा का वर्णन करके लोगों को सुनाते हैं। गूगा मन्दिरों से पहुंची इन छत्र मण्डलियों को लोग नमन करते है तथा अनाज, फल, नकद, वस्त्र आदि दान स्वरूप भेंट करके अपने परिवार समृद्धि की कामना करते है।

वहीं रात्रि को यह गूगा मंडलियां गांव में किसी घर में रुकती हैं व रात्रि भजन-कीर्तन जागरण से गूगा जी की गाथा को सुनाती हैं। वहीं सोमवार को गूगा मंडलियां शाम तक वापस गूगा मंदिर पहुंचेंगी, वहीं गूगा नवमी के दिन बुधवार को गूगा जी झंडा व रोट प्रसाद चढ़ेगा व मेलों का आयोजन होगा।

## आस्था


कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने रविवार को अपने परिवार सहित बाबा बालक नाथ जी मंदिर शाहतलाई में दर्शन करके आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पॉपुलर के पेड़ काटने की अनुमति लटकाने का आरोप

**विवेक शर्मा, अंब**

उपमंडल अंब के तहत ग्राम पंचायत धुसाडा के विकास ने फॉरेस्ट विभाग पर उनके पॉपुलर के पौधे काटने की अनुमति लटकाने की बात कही है।

विकास का कहना है कि वह प्राइवेट कंपनी में बद्दी मैं जॉब करते हैं और उन्हें छूटी बहुत काम मिलती है। जिसकी वजह से उन्होंने घर आने से पहले फॉरेस्ट गार्ड व अन्य अफसरों से अपनी निजी भूमि पर लगाए गए पॉपुलर के पेड़ कटवाने के लिए अनुमति लेने की बात कर के घर आए वा अपना काम करवाने के लिए बन विभाग के गार्ड व अन्य अधिकारियों के पास कई बार गए, लेकिन बार बार उन्हें कोई न कोई बहाना बनाकर बिना अनुमति दिए वापस भेज दिया जाता है।

### विभाग ने बताया तकनीकी कारण

उन्होंने कहा कि विभाग का कहना है कि उनकी निजी भूमि पर लगभग 100 पौधे लगे हैं जो बढ़िया किस्म के नही हैं। उन्हे करवा कर वह किसी और नसल के लगवाना चाहते थे। फॉरेस्ट गार्ड को मोका दिखाने के बाद गार्ड द्वारा कुछ बातें कही गई, जबकि नाजायज थी, लेकिन फिर भी अपनी नौकरी की बजाए से मानने के बाबजूद अभी तक मुझे अनुमति नहीं दी गई। मुझे केवल 19 पौधे काटने की अनुमति दी गई है, जबकि मुझे 100 पौधे काटने की अनुमति चाहिए थी।

**क्या कहते हैं बीओ**

**वहीं** विभाग के बीओ से बात करने पर उन्होंने कहा भूमि में और भी हिसेदार है। जिसमे उनकी अनुमति भी अनिवार्य है, जबकि उनकी अनुमति अभी नही मिल पाई है। जिस वजह से अनुमति देने मैं देर हुई है जैसे ही मुमाती मिल जायेगी उसके बाद विभाग की तरफ से जल्द ही इन्हे अनुमति दे दी जाएगी।

विकास ने बताया कि बार बार परेशान होने के बाद उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करवा दी है व अन्य भी उस अधिकारियों के धयानैन मामला उठाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा संगठन की ताकत उसके कार्यकर्ता : टंडन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय व्यापी सदस्यता अभियान के अंतर्गत जिला ऊना में जिला स्तरीय सदस्यता अभियान कार्यशाला का रविवार को आगाज किया गया। पुराना होशियारपुर रोड स्थित भाजपा कार्यालय ऊना में प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए।

संजय टंडन ने कार्यशाला में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनितिक दल बन चुका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1984 में जब भाजपा केवल दो सीटें जीत कर आई थी, तब पार्टी का उपहास किया जाता था, लेकिन विचारधारा, कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, संघर्ष और सदस्यता अभियान के कारण भाजपा आज बड़ा संगठन ही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार भाजपा सत्ता में आई है। जब जनसंघ विपक्ष बनकर उभरा, उस समय जिन दो राजनीतिक पार्टियों का अस्तित्व था। कांग्रेस और कंयुनिस्ट दोनों पार्टियों की विचारधारा ही विदेशी विचारधारा पर थी। केवल भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा ही इस माटी की उपज थी।


जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक में शामिल नेता एवं कार्यकर्ता।

इस कार्यशाला में विधायक, पूर्व विधायक, जिला, मंडल स्तरीय पार्टी के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को इस अभियान को युद्ध स्तर तक ले जाने के लिए प्रेरित किया और सदस्यता अभियान की बारीकियों को समझाया। इस अवसर पर ऊना शहरी विधायक सतपाल सत्ती, पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, पूर्व विधायक दविंद्र भुट्टो व चैतन्य शर्मा, बलबीर बग्गा, केपी शर्मा, मनोहर लाल, जिला महामंत्री श्याम मिन्हास व राज कुमार पठानिया भी उपस्थित रहे। टंडन ने कार्यशाला के दौरान कहा भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत घर-घर संपर्क अभियान चलाने जा रही है। अभियान की प्रमुख प्राथमिकता घर घर जाना और सदस्य बनना है। इस दौरान भाजपा व्यक्तिगत संपर्क करेगी। उन्होंने कहा जनसंपर्क अभियान के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों तक पहुंच लोगों को भाजपा की नीतियों से जोड़ने का काम किया जाएगा।

बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मॉल, बाजार और अन्य सार्वजनिक स्थानों में लोगों तक पहुंचा जाएगा। प्रमुख स्थानों पर सदस्यता कियोस्क की स्थापना की जाएगी। प्रत्येक शक्ति केंद्र में सदस्यता सहयोगी की नियुक्ति भी की जाएगी। सहयोगियों द्वारा अपने शक्ति केंद्र के अलावा अन्य शक्ति केंद्र में जनसंपर्क में भाग लिया जाएगा, संपर्क 7 दिनों तक चलेगा। जिसमें प्रतिदिन कम-से-कम एक बूथ पर संपर्क किया जाएगा और समाज के सभी वर्गों में प्रबुद्ध, युवा, महिला, किसान, पिछड़ा, वंचित, शोषित से संपर्क किया जाएगा।

# वशिष्ट पब्लिक स्कूल में मनाया जन्माष्टमी महोत्सव



**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। एक भव्य मंदिर बनाकर स्कूल को कृष्ण की नगरी के रूप में सजाया गया। इस अवसर पर कृष्ण कन्हैया ने मटकी फोड़ी और इसके उपरांत सभी बच्चों को माखन मिश्री का प्रसाद दिया गया।

जन्माष्टमी के इस अवसर पर 'फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता' और 'एकल गायन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने राधा-कृष्ण, सुदामा, मीराबाई, गूगल, वृक्ष आदि के रूप धारण किए थे। स्ट्रॉबेरी ग्रुप में कक्षा प्रथम के तनिप प्रथम, शौरवी, अमाहिरा द्वितीय, आराध्या, शशांक तृतीय स्थान पर रहे। दूसरी की रूही, दिव्यांश, सक्षम, प्रथम, युवान, देवांशी द्वितीय, शिवांश, नैरती, परीक्षित तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने बच्चों को जन्माष्टमी पर्व का महत्व समझाया और उन्हें भगवान श्री कृष्ण के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी।

**परेशानी** किसान बोले-मक्की की जगह लगाएंगे दूसरी फसल

# मक्की की फसल पर फॉल आर्मीवर्म कीट का हमला

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में इस समय किसान अजीब समस्या में आ गए हैं। किसानों की मक्की की फसल को फॉल आर्मीवर्म नामक कीट ने हमला कर दिया है जो कि मक्की की फसल को दिन प्रतिदिन बर्बाद करता चला जा रहा है।



जिले के पहाड़ी स्थानों पर तो किसानों ने मन बना लिया है कि अगली बार मक्की की फसल की जगह कोई दूसरी फसल लगाएंगे। किसानों का कहना है कि मक्की की फसल बीज कर अब तो खेतों में खर्चा बेकार है, क्योंकि आमदनी से दोगुना खर्चा आ चुका है। कई लोगों ने कर्ज लेकर पैदावार की है। कई किसान अब अगली बार खेतों में मक्की की बिजाई नहीं करेंगे।

रायपुर, धुंदला, डोहगी, टकोली बेहला मांजरु, दुगियार, बडोआ, रौनखर सहित अन्य स्थानों के किसानों में संजीव कुमार, राजीव शर्मा, किशन चंद, अशोक कुमार सहित अन्य किसानों का कहना है कि पहले ट्रैक्टरों का खर्चा, महंगे बीज खाद ओर अब खरपतवार नियंत्रण दवाइयों के साथ-साथ इस फॉल आर्मीवर्म नामक कीट नियंत्रण दवाईयों का खर्च करके फसल को बचाना चुनौती बन गई है। आखिर किसान करें भी तो क्या करें। हजारों रुपए खर्च करके भी आमदनी नाम मात्र की हो रही है। किसान खेती करना भी नहीं छोड़ सकते और हालात ऐसे हो गए हैं कि आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया जैसे हो गए हैं।

वहीं, पर दूसरी ओर कृषि विभाग बंगाणा के कृषि विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. सतपाल धीमान का कहना है कि उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के कृषि विभाग के कार्यालय में उचित दाम पर किसानों के लिए मक्की की फसल को फॉल आर्मीवर्म नामक कीट से बचाने के लिए उपलब्ध करवाई जा रही है। किसान कार्यालय में उचित दाम पर यह दवाई ले सकते हैं।

# हिमोत्कर्ष परिषद की लगातार दूसरी बार जितेंद्र को कमान


हिमोत्कर्ष की कार्यकारिणी नव निर्वाचित अध्यक्ष के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमोत्कर्ष साहित्य संस्कृति एवं जन कल्याण परिषद की प्रदेश स्तरीय सामान्य सभा की बैठक रविवार को ऊना के माया होटल में संपन्न हुई। बैठक में हिमोत्कर्ष परिषद के वर्ष 2024 से 2028 चार वर्ष की अवधि के लिए प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें जितेंद्र कंवर को लगातार दूसरी बार अगले चार वर्ष के लिए प्रदेशाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया।

परिषद की साधारण सभा ने नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष को राज्य कार्यकारिणी गठित करने के लिए भी अधिकृत किया। साधारण सभा ने चुनाव अधिकारी प्रो. बीके शर्मा व सहायक चुनाव अधिकारी रविंद्र डोगरा ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाई। इससे पूर्व परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र कंवर ने चार वर्ष के दौरान परिषद की विभिन्न शाखाओं द्वारा चलाई गई गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि परिषद के संस्थापक स्वर्गीय कंवर हरी सिंह की प्रेरणा से हिमोत्कर्ष परिषद प्रदेश में 8 शाखाओं के माध्यम से सामाजिक गतिविधियों का संचालन कर रही है। हिमोत्कर्ष परिषद शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण सरंक्षण, सामाजिक जन जागरूकता सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रही है। बैठक में डॉ. रविंद्र सूद, ठाकुर यशपाल सिंह, नरेश सैनी,कर्नल डीपी वशिष्ट, डीडी वशिष्ट, जय गोपाल शर्मा, कृष्णपाल शर्मा, दीप शिखा कौशल, पूजा कपिला, अशोक ऐरी आदि उपस्थित रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### गाड़ी में अचानक लगी आग, दो लाख का नुकसान



**कुल्लू।** कुल्लू जिला मुख्यालय ढालपुर के समीप बंगा ट्रेडर के समीप एक गाड़ी में आग लगने का मामला सामने आया है। रविवार को सुबह के 6:50 पर अग्निशमन विभाग कुल्लू के कार्यालय में फोन पर सूचना दी गई कि बंगा ट्रेडर के समीप खड़ी एक ट्रेवलर गाड़ी में आग लग गई। घटना की सूचना प्राप्त होते ही अग्निशमन विभाग ने त्वरित कार्रवाई अमल में लाते हुए अग्निशमन दस्ते को घटना स्थल के लिए रवाना किया। घटनास्थल पर पहुंचते ही अग्निशमन दस्ते ने ट्रेवलर गाड़ी एचपी01के-5567 में लगी आग पर समय रहते काबू लिया। अग्निशमन दस्ते की कार्रवाई के चलते करीब 8 लाख की संपत्ति को बचाया गया, जबकि आग लगने की वजह से गाड़ी को दो लाख का नुकसान हुआ है। इस दौरान किसी को भी कोई जानी नुकसान नही पहुंचा है। घटना की पुष्टि करते हुए एसडीओ प्रेम सिंह ने बताया कि रविवार को एक ट्रेवलर गाड़ी में अज्ञात कारणों से आग गई थी, जिसे दमकल दस्ते की मदद से काबू किया गया है।

### खनोरली जंगल में भांग के पांच लाख पौधे किए नष्ट



**कुल्लू।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने जिले में भांग को नष्ट करने का अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में एएनटीएफ की टीम ने भुंतर के पटवार वृत्त शिल्लीहार के खनोरनी जंगल में 10 बीघा वन भूमि में भांग की फसल को नष्ट किया है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) के डीएसपी हेमराज वर्मा ने बताया कि खनोरनी जंगल में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा एक बड़े भूभाग, करीब 10 बीघा जंगली भूमि पर बड़ी मात्रा में अवैध रूप से भांग की बिजाई की थी। एएनटीएफ की टीम ने यहां करीब पांच लाख पौधों को मौके पर नष्ट किया है। इसके साथ ही पुलिस थाना भुंतर में अज्ञात लोगों के खिलाफ दो मामले एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज किए हैं। जानकारी के अनुसार एएनटीएफ की टीम को सूचना मिली थी कि खनोरनी जंगल में भांग की बिजाई की गई है। टीम 24 अगस्त को जंगल पहुंची और यहां पर 10 बीघा भूमि में भांग के करीब पांच लाख पौधे नष्ट किए।

### देश में बेटियां सुरक्षित नहीं : इंदू पटियाल

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता इंदु पटियाल ने हाल ही में कोलकाता और मनाली में युवतियों के साथ हुई बर्बरता पर बोलते हुए कहा है कि देश में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अस्पतालों में डॉक्टर, स्कूलों ओर कॉलेजों में छात्राएं, कार्यालयों में महिला कर्मियों से यौन उत्पीडन और अपने ही घरों में नन्ही बच्चियों से यौन शौषण की घटनाएं बहुत ही चिंताजनक और निंदनीय विषय है। समस्त समाज को अपने भीतर झांकने की जरूरत है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। बात सनातन धर्म और राम राज्य की मंचों से करते हैं और धरातल पर वही लोग राक्षसी वृत्ति को अपना रहे हैं। हद तो तब होती है जब ऐसे जघन्य कृत्य को अंजाम देने वाले अपराधियों को सत्तासीन नेता भी संरक्षण देने लगते हैं और जांच को प्रभावित कर सबूतों को मिटाने तक में प्रभावशाली लोगों का सहयोग करते हैं। वर्ष 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में हम महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रहे थे और आज देश के कर्णधार संविधान के विरुद्ध व्यवहार कर रहे हैं। अपराधी बेखौफ बलात्कार और हत्याओं को अंजाम दे रहे हैं मानो उन्हें कानून का कोई डर ही नहीं। बेटियों के साथ अनाथालयों में, कोचिंग सेंटर्स में, घरों में और बाहरी संस्थानों में असुरक्षा का माहौल फैला हुआ है। लव जैहाद ने भी हमारी देश की बच्चियों को शिकार बनाया हुआ है। इंदु पटियाल ने कहा कि ये बहुत दुखद है कि दोषियों को जेल के बाद तुरंत बेल भी मिल जाती है, जबकि उन्हें फांसी की सजा मिलनी चाहिए ताकि कोई भी अपराधी ऐसा अपराध करने के बारे अपने मन में विचार तक न कर सके। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि शिक्षा में भी संस्कार की जरूरत है, नैतिक मूल्यों के बारे भावी पीढ़ी को ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने मनाली में स्थानीय युवती के साथ घटी घटना पर भी दुख व्यक्त किया और कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस प्रशासन को निष्पक्ष जांच कर सख्त से सख्त कार्रवाई को अमल में लाना चाहिए। हिंदू समाज में कन्या रूप में पूजी जाने वाली हमारी बेटियां सर उठा कर जी सकें, सशक्त हो सकें और कानून पर सबका विश्वास बना रहे।

# राधा की मूर्ति स्थापित होने के बाद लुप्त नहीं होती श्रीकृष्ण की मूर्ति

## नग्गर के ठावा में है 5000 साल पुराना राधा-कृष्ण का मंदिर, पांडवों ने अज्ञातवास के समय स्थापित किया था मंदिर

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

हिमाचल प्रदेश ऋषि मुनियों की तपोस्थली रहा है, तभी हिमाचल को देवभूमि भी कहा जाता है। प्रदेश के चप्पे पर में देवशक्तियों का वास है।

यहां के प्राचीन मंदिर व पौराणिक धरोहरें इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। पौराणिक गाथाओं के अनुसार कुल्लू के धरोहर गांव नग्गर में कई प्राचीन मंदिर हैं, जिनका जीर्णोद्धार पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान किया है। नग्गर कुल्लू की प्राचीन राजधानी भी रहा है। नग्गर से करीब 500 मीटर ऊपर ठावा नामक स्थान पर भगवान श्रीकृष्ण व राधा का मंदिर है, जो कि 5000 साल पुराना है। 5000 साल पुराने बने इस मंदिर को पांडवों ने स्थापित किया गया था। किदवंती के अनुसार अज्ञातवास में जब पांडवों ने इस स्थान पर किसी आराध्य की मूर्ति को स्थापित करने का विचार किया, तो पांचाली के नाम से विख्यात माता द्रौपदी ने मुरलीधर श्रीकृष्ण के पक्ष में अपने मत को उचित ठहराकर इस स्थान पर भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा स्थापित करने को कहा, जिसके लिए पांडवों ने सहमति जताई। तब नग्गर के ठावा स्थान पर मुरलीधर श्रीकृष्ण के मंदिर का निर्माण हुआ।

मंदिर के पुजारी पंडित जयदेव आचार्य कहते हैं कि कालांतर में उनके दादा जोगल आचार्य जब मंदिर में भोग लगाने के लिए मंदिर में जाते थे, तो कई बार मुरलीधर की मूर्ति गायब होती थी। प्रथम पहर में नग्गर के आसपास के जंगलों से उन्हें मुरली की धुन सुनाई देती थी, जब वे मधुर धुन सुनते हुए जंगल पहुंचते थे, तो धुन एकाएक बंद हो जाती थी, जब वे वापस मंदिर पहुंचते तो मूर्ति अपने स्थान पर विद्यमान मिलती थी। वह श्रद्धा नुसार भगवान की पूजा-अर्चना कर उन्हें भोग लगाते थे। इस तरह की स्थिति की जानकारी उस समय तत्कालीन राजा हीरा सिंह शांगरी को दी गई। राजा ने अपने विद्वानों को बुलाकर इस बारे विचार-विमर्श किया। विचार-विमर्श के बाद राधा जी की मूर्ति को भगवान श्रीकृष्ण के साथ स्थापित किया गया, जिस दिन राधा कृष्ण की मूर्तिया वहां स्थापित हुईं उस दिन के बाद बांसुरी की धुन का बजना, श्रीकृष्ण जी की मूर्ति का सुबह के समय लुप्त होना बंद हो गया। (अनंत ज्ञान)




जिला कुल्लू के नग्गर स्थित ठावा में भगवान मुरलीधर व राधा की सुंदर मूर्ति (दाएं) नग्गर स्थित ठावा में भगवान मुरलीधर का मंदिर।

### वाद्ययंत्रों की धुन रहती है गुंजायमान

सुबह सात बजे मंदिर में जगाऊणी आरती गाई जाती है, जिसके माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण भगवान को जगाया जाता है। उसके बाद राधा कृष्ण के स्नान उपरांत हर दिवस शुद्धि के लिए हवन किया जाता है। उसके बाद बड़ी आरती होती है, जिसमें सभी लोग भाग लेते हैं व राधा-कृष्ण को भोग लगाया जाता है। दिन में एक घंटा 30 मिनट पर शयन आरती व चार बजे चौथे पहर पूजा होती है। रात 8:30 बजे शयन आरती का आयोजन होता है, जिसमें मंदिर के साथ लगते गांव के ग्रामीण भाग लेते हैं। पूजा विधि के दौरान कुल्लवी वाद्ययंत्रों की धुन पूरे क्षेत्र में गुंजायमान रहती है। कुल्लू में सभी देवी-देवताओं के मंदिरों के अलावा अपने मढार होते हैं।

### रथ तकरीबन 51 वर्ष पुराना

विश्व धरोहर गांव नग्गर के ठावा में मूरलीधर का रथ तकरीबन 51 वर्ष पुराना हो गया है, जिसकी जगह पर अब नया रथ बनाया गया है। दशहरा उत्सव के दौरान हर साल मूरलीधर के रथ को मंदिर के प्रांगण में खिंचने की परंपरा है। नए रथ का निर्माण एक साल पहले कारीगरों में भगतराम, सेसराम राजिंद्र ठाकुर काष्ठकार हैं और लोहे का काम करने वालों कारीगरों में जिंदू राम और नरेंद्र ने किया है यह सभी लोग रूमसू व शरण गांव से ताल्लुक रखते हैं।

### भगवान रघुनाथ जी की प्रतिमाएं लाई गई थीं

**कुल्लू** का दशहरा भगवान राम माता सीता सहित हनुमान जी की मुर्तियां स्थापित होने के बाद मनाया जाने लगा। भगवान राम की प्रतिमाएं कुल्लू लाने से पूर्व प्रतिमाएं मणिकर्ण हरीपुर वशिष्ठ व नग्गर के ठावा मंदिर में रखी गईं थीं। इसी कारण कुल्लू के साथ मणिकर्ण, हरीपुर विशिष्ठ व नग्गर ठावा में भी रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। हर वर्ष ठावा मंदिर में कुल 43 उत्सव मनाए जाते हैं, जिनमें जन्माष्टमी, बसंत पंचमी, राम नवमी व दशहरा मुख्य उत्सव हैं। पांडवों के समय में शिखर शैली में बने ठावा मंदिर का जिर्णोद्धार हुआ है, जिसे गुप्तकालीन कहा जाता है। मंदिर के मुख्यद्धार पर की नक्काशी सन् 1905 में ब्रिटिश काल में अंग्रेजों ने करवाई गई थी, जिसे आर्क कहा जाता है।

# 200 पौधों का रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



एटीवी एसोसिएशन मनाली के सदस्यों के साथ पौधरोपण अभियान में भाग लेते विधायक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

मनाली विधानसभा से विधायक भुवनेश्वर गौड ने रविवार को एटीवी एसोसिएशन मनाली के साथ मिल कर उझी घाटी के कोठी में पौधारोपण अभियान में भाग लिया।

इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्यों ने लगभग 200 पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण कर हरियाली रोपने का संदेश दिया। हम पेड़-पौधों और जंगलों के माध्यम से अपनी जरूरत की चीजें बनाते हैं, इसलिए अब हम इंसानों का भी फर्ज बनता है हम भी पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और बदले में पौधरोपण कर पर्यावरण को हो रहे नुकसान की भरपाई करें। समय-समय पर पौधरोपण अभियान चलाए रखने से पर्यावरण ओर जलवायु में संतुलन बना रहेगा ओर पेड़-पौधों की मदद से ही पर्यावरण स्वच्छ एवं संतुलित रहता है। इस अवसर पर एसडीएम मनाली, एसोसिएशन के प्रधान नारायण ठाकुर, उपप्रधान दौलत राम, सचिव रोहित सह सचिव गौरव व सभी सदस्य गण, स्थानीय पंचायत के बीडीसी, प्रधान पूर्व प्रधान एवं वार्ड सदस्य विशेष रूप उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# 28 को मनाया जाएगा 17वां सूत्रधार मल्हार उत्सव

## अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारा विदुषी निधि नारंग सहित संस्था के कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सूत्रधार कला संगम कुल्लू के कोर ग्रुप द्वारा 17वें सूत्रधार मल्हार उत्सव की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने जानकारी दी कि सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी वर्षा ऋतु से संबंधित मल्हार उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

आज से पूर्व यह कार्यक्रम देव सदन कुल्लू के सभागार में आयोजित किया जाता था, लेकिन कला प्रेमियों व जनता की मांग पर इस बार यह 17वां सूत्रधार मल्हार उत्सव 28 बुधवार को अटल सदन कुल्लू के विशाल सभागार में सायं 7 से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में वर्षा ऋतु पर आधारित सदाबहार गीतों की रंगारंग गीत-संगीत व नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। यह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम 17वां सूत्रधार मल्हार उत्सव सभी कला प्रेमियों व आम जनमानस के स्वस्थ मनोरंजन के लिए निशुल्क रहेगा। इस कार्यक्रम में सूत्रधार कला संगम के कलाकारों सहित अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारा विदुषी निधि नारंग (अंबाला) की विशेष प्रस्तुतियां रहेंगी, इनके साथ प्रवीन राठी, सुधीर शर्मा, वेवेल शर्मा व सुरेंद्र विभिन्न वाद्ययंत्रों पर संगत कर अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन सहित उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगिंद्र ठाकुर, भंडार प्रभारी तिलक राज चौधरी आदि उपस्थित रहे।




मल्हार उत्सव की तैयारियों का जायजा लेते सूत्रधार कला संगम के कलाकार।

## लाहौल-स्पीति के उदयपुर में स्वर्गीय लता ठाकुर मेमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी का हुआ आगाज

# विभिन्न क्षेत्रों से आईं 15 टीमें ले रही हिस्सा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति के उदयपुर उपमंडल में स्वर्गीय लता ठाकुर मेमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता लाहौल के उदयपुर में स्थित स्वर्गीय लता ठाकुर स्टेडियम में आयोजित की जा रही है।

क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन समारोह में बतौर मुख्यातिथि पूर्व विधायक रवि ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हो चुकी है और इस प्रतियोगिता में लाहौल के विभिन्न क्षेत्रों से आईं 15 टीमें प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को संबोधित कर खेलकूद की गतिविधियों को जीवन में अपनाने के बारे में बात की और साथ ही खेलकूद के महत्व पर भी बात की। उन्होंने इस अवसर पर प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों से भेंट कर उन्हें प्रतियोगिता के लिए अपनी तरफ से शुभकानाएं भेंट कीं।



लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर उदयपुर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में भाग लेते हुए।

# कलवारी पंचायत में बीएसएनएल सहित जियो नेटवर्क की आंख मिचौली से ग्रामीण परेशान

**शीला कौल, बंजार**

**एक सप्ताह से भी अधिक समय होने से भी नहीं दूर हो पाई समस्या**

उपमंडल बंजार की पंचायत कलवारी के गांवों घर्ट गाढ़, सुवालगा, कलवारी, भुआरा, नालोट, आडेश रंभी, फरगोट, शाहिल पोखरी थाच नागाहरा, थलानु, मुजाहली आदि गांवों में बीएसएनएल सहित जियो का नेटवर्क आंख मिचौली कर रहा है।

सिग्नल की कमी के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिग्नल न के बराबर होने से इंटरनेट की समस्या से भी बच्चों को पढ़ाई के तथ्यों को निकलाने में भी समस्या आ रही है। वहीं, फलों का सीजन भी चला हुआ है, तो बागवानों को मंडियों से फलों के ताजा भाव पता करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण अनिल शर्मा, संदीप चौहान, मोना शर्मा, रीना देवी, अंशित शर्मा, वंशित शर्मा, शांता देवी, कांता देवी आदि का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से जायदा का समय हो गया है पर उपरोक्त दोनों कंपनियों के नेटवर्क की आंख मिचौली से ग्रामीण अत्यधिक परेशान होने लगे हैं। उपरोक्त ग्रामीणों का कहना है कि दोनों नेटवर्क कंपनी देश की सब से बड़ी नेटवर्क कंपनी हैं। ग्रामीणों द्वारा सब से ज्यादा इन नेटवर्क का उपयोग किया जाता है पर नेटवर्क की समस्या के कारण अब ग्रामीण दूसरा विकल्प चुनने का मन बनाने लगे हैं। ग्रामीणों द्वारा दोनों नेटवर्क कंपनियों के अधिकारियों से आग्रह किया कि अपनी सेवाओं को सही तरीके से चलाया जाए, ताकि लोगों द्वारा महीने के किए गए रिचार्ज के पैसे की बर्बादी न हो। (अनंत ज्ञान)

# टांकरी लिपि की दी विस्तार से जानकारी

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय में स्थित अटल सदन भवन में पांच दिवसीय टांकरी लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन। रविवार को अटल सदन भवन में टांकरी लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला में लगभग दो दर्जन प्रशिक्षुओं ने टांकरी लिपि की वर्णमाला को लिखने और समझने का अभ्यास किया।

इस दौरान टांकरी लिपि विशेषज्ञ यतिन पंडित ने सभी प्रशिक्षुओं को टांकरी लिपि के बारे में विस्तार से जानकारी दी और साथ ही टांकरी लिपि की उत्पत्ति के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। टांकरी लिपि की उत्पत्ति 13वीं सदी के आसपास मानी जाती है और सबसे प्रचलित अवधारणा के अनुसार टका प्रांत तक जनजाति के द्वारा ही इस लिपि की उत्पत्ति हुई थी। हिमाचल में भी टांकरी लिपि 13वीं शताब्दी में ही आया था और इस दौरान टांकरी लिपि में प्राचीन मंदिरों, देवता के मोहरे ओर भंडारगृह में अभिलेख अंकित हैं। इसके साथ ही टांकरी लिपि में तंत्र का एक हिस्सा भी लिखा गया है ओर लगभग 15वीं शताब्दी के दौरान टांकरी लिपि अपने चरम पर थी और उस दौरान टांकरी लिपि का भरपूर इस्तेमाल किया गया।

यतिन पंडित ने बताया कि टांकरी लिपि का महत्व इस लिए भी बढ़ जाता है क्योंकि कुल्लू का सारा इतिहास टांकरी लिपि में लिखा गया है इसलिए इस लुप्त होती लिपि को सहेजने की जरूरत है साथ ही टांकरी में लिखे गए इतिहास को अनुवाद करने की भी जरूरत है, ताकि हमें अपने इतिहास के बारे में जानकारी मिल सके। पहले दिन की कार्यशाला से बहुत से प्रशिक्षु प्रभावित दिखे। (अनंत ज्ञान)



प्रशिक्षुओं को लिपि के बारे में जानकारी देते हुए टांकरी विशेषज्ञ यतिन पंडित।

# जज्बे और जुनून ने विशाल को दिलाई सफलता, जेएनयू के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, आनी**

मन में अगर कुछ करने की दृढ़ इच्छाशक्ति और ललक हो तो कोई भी बाधा आपको आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती है। यह बात साबित की है आनी उपमंडल के चवाई के विशाल ने जिनका चयन जेएनयू के लिए हुआ है। बचपन से ही विशाल पढ़ाई में अव्वल रहा है। एसवीएम चवाई से अपनी पांचवी कक्षा तक की पढ़ाई करने के बाद जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ और जमा दो कक्षा तक की पढ़ाई जेएनवी कुल्लू बंदरोल से विज्ञान संकाय में अव्वल अंकों के साथ उत्तीर्ण की। पिता कीमत राम एक अव्वल दर्जे के व्यवसायी व समाजसेवी हैं और माता चंद्रा देवी एक गृहिणी हैं। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय दुनिया के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है और हर कोई यहां से पढ़ाई करने का सपना देखता है, जिसके चलते विशाल का चयन अब जेएनयू के लिए हो गया है। जारी मेरिट लिस्ट के बाद मेरिट में जगह पाने के बाद अब विशाल बीए (ऑनर्स) प्रथम वर्ष में दाखिला लेगा। बता दें, इनकी बहन बबिता जेएनयू में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है।




**ज्ञापन** बिहाली स्कूल को मर्ज करने के आदेश पर ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से सरकार व विभाग से रखी मांग

# स्कूल के दायरे में आने वाले गांवों का निरीक्षण करे विभाग

**अनंत ज्ञान, सैंज**

शिक्षा खंड सैंज के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला बिहाली को मर्ज करने के आदेश को लागू करने से पहले अभिभावकों ने स्कूल के दायरे में आने वाले गांवों का मौका निरीक्षण करने की मांग की है।

अभिभावकों ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के अलावा शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के समक्ष मांग उठाई है कि बिहाली स्कूल को मर्ज करने से पहले एक बार स्कूल के दायरे में आने वाले गांवों का निरीक्षण किया जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि बिहाली स्कूल पंहुचने के लिए स्कूल बच्चों को कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अभिभावकों ने कहा है कि जहां पहले ही नन्हे-नन्हे बच्चे बड़ी मुश्किल से शिक्षा ग्रहण करने के लिए बिहाली स्कूल पहुंचते हैं। वहीं, अब शिक्षा विभाग ने स्कूल को मर्ज कर बच्चों की कठिनाइयों को और बढ़ा दिया है। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान खेम राज, स्थानीय पंचायत प्रधान गुड्डू राम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य झाबेराम ठाकुर, लारजी पंचायत के उपप्रधान डोला सिह, वार्ड मेंबर पुष्पा देवी, पूर्व वार्ड सदस्य भीमा देवी, निर्मला देवी सहित दो पंचायत के ग्रामीण वेद राम, नीरत सिंह आदि ने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि एक बार बिहाली स्कूल के दायरे में आने वाले गांव का निरीक्षण करें, ताकि विभाग तक सही जानकारी पहुंच सके।

बिहाली स्कूल के मर्ज होने से बच्चों को जोखिम भरे मार्ग, पथरीले रास्ते और कई नालों को पार कर शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ेगा। बिहाली स्कूल तीन पंचायतों का केंद्र बिंदु है, जहां वर्तमान में दो पंचायत के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि सरकार द्वारा लागू की गई नई शिक्षा नीति के कारण बिहाली स्कूल में बच्चों की संख्या कम हुई है। इस वर्ष सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत 6 वर्ष पूर्ण करने वाले बच्चों को स्कूल में दाखिला मिला है, जबकि बाल वाटिका वन बाल वाटिका टू और बाल वाटिका तीन में करीब 10 बच्चे बिहाली स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।



सैंज घाटी की दो पंचायतों के लोग शिक्षा विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए।

### छात्र हित में स्कूलों को नहीं किया मर्ज

पूर्व पंचायत समिति सदस्य झाबे राम ठाकुर ने कहा कि छात्रों के हित में पांच से कम छात्र संख्या वाले 27 प्राथमिक व मिडल स्कूल को शिक्षा विभाग द्वारा मर्ज नहीं किया है। इन स्कूलों को यदि सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा अन्य स्कूलों में मर्ज किया जाता है, तो स्कूलों के छात्रों को खासी परेशानी उठानी पड़ेगी और स्कूलों में जाने के लिए इन छात्रों को घने जंगलों और नदी- नालों के रास्तों से गुजरना पड़ता। ऐसे में छात्र हित में सरकार ने इन स्कूलों को मर्ज नहीं किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### धूमधाम से मनाया जाएगा कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव



**रिकांगपिओ।** किन्नौर के युला कंडा में करीब 12500 फुट की ऊंचाई पर पांडव काल में निर्मित कृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारिया पूर्ण हो चुकी हैं। किन्नौर जिले के युला कंडे में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय श्री कृष्ण जन्माष्टी महोत्सव का आयोजन 25 व 26 अगस्त को किया जाएगा। इस पर्व पर डीसी किन्नौर डॉ अमित कुमार शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, जबकि उनके साथ किन्नौर प्रशासन के आला अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### चलती कार पर पेड़ गिरने से बाल-बाल बचे कार सवार



**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के नाहन शहर में प्राचीन काली स्थान मंदिर के समीप एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। एक चलती कार पर पेड़ गिरने का समाचार मिला है। यह घटना रविवार सुबह करीब 11 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मंदिर परिसर के पिछले हिस्से में एक दरख्त को काटा जा रहा था, उसी दौरान पेड़ का एक हिस्सा नीचे से गुजर रही कार पर गिर गया। कार में फंसे व्यक्ति और बच्चे को पिछले दरवाजे से सुरक्षित निकाल लिया गया है। यह हादसा न्यू ईरा पब्लिक स्कूल व महिमा पुस्तकालय के बीच में हुआ। रविवार होने की वजह से यहां आवाजाही कम थी। जानकारी यह भी मिली है कि कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। शहर में सड़कों के किनारे कई पेड़ सूखने की वजह से खतरनाक हो चुके हैं। कुछ समय पहले दिल्ली गेट पर भी बरगद के पेड़ का एक हिस्सा गिर गया था, लेकिन गनीमत यह रही थी कि उस समय वहां कोई नहीं था। काली स्थान मंदिर के पास सड़क को बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं, साथ ही पुलिस भी घटनास्थल पर कार्रवाई कर रही है।

### स्टूडेंट्स ने 100 पौधों को किया रोपित




**अर्की।** बीएल सेंट्रल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लिया पौधरोपण किया। विद्यालय प्रधानाचार्य पुर्शोतम लाल ने बताया कि वन विभाग कुनिहार के सौजन्य से कुनिहार के गांव नगर सेहांवा के वन क्षेत्र में ईको क्लब, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड एवं एनएसएस के 30 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के आमला, बेड़ा, बांस, अनार, पाजा के 100 पौधों को रोपित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न इकाइयों के प्रभारी जिसमें ईको क्लब की दीनाक्षी ठाकुर, एनएसएस की प्रभारी पूनम शर्मा, एनसीसी के प्रभारी अमरदेव एवं स्काउट एंड गाइड की प्रभारी पिंकी ठाकुर ने विद्यार्थीयों के साथ इस पौधरोपण कार्य में अपना सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस अवसर पर वन विभाग कुनिहार रेंज के अधिकारी साहिल चंदेल, वरिष्ठ फॉरेस्ट गार्ड संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

### नवोदय परिवार दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा : बाबूराम




**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन स्थित एक निजी होटल में जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व स्टूडेंट्स का मिलन समारोह संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश राज्यकर एवं आबकारी विभाग सिरमौर के उपायुक्त हिमांशु पवार ने की, जबकि नगर पालिका नाहन की अध्यक्ष श्याम पुंडीर बतौर विशिष्टातिथि मौजूद रही। इस दौरान सभी पूर्व छात्रों ने अपना-अपना परिचय दिया और अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर वाइएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन में एसीएफ के पद पर तैनात देवेंद्र दत्त शर्मा और सीमा चौधरी ने इस तरह के समारोह के आयोजन के मकसद के बारे में जानकारी दी। आज जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्र हर क्षेत्र में मौजूद हैं, जो कि नवोदय परिवार के लिए गर्व की बात है। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिमांशु पवार ने समारोह में शामिल हुए स्टूडेंट्स से आग्रह करते हुए कहा कि समय-समय पर इस तरह के आयोजन किए जाने चाहिए।

### उद्योगपतियों व व्यापारियों को किया जागरूक

**नाहन।** हिमालयन ग्रुप आफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशंस के परिसर में वस्तु एवं सेवा करदाता संवाद अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें सिरमौर के उपायुक्त राज्यकर व आबकारी हिमांशु, सहायक आबकारी व राज्यकर आयुक्त अंकुर ठाकुर एवं गुरबचन ठाकुर, राज्यकर व आबकारी विभाग के अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों के अलावा लघु उद्योग भारती, चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, हिमाचल दवा निर्माता संघ के पदाधिकारी व सदस्यों सहित अन्य उद्योगों, व्यापारियों के प्रतिनिधियों व कर परामर्शदाताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त राज्यकर व आबकारी हिमांशु ने की इस दौरान हिमालयन संस्थान के चेयरमैन रजनीश बंसल, चेयरमैन एवं प्रधान लघु उद्योग भारती विकास बंसल, संजय सिंगला, मनोज गर्ग, प्रदीप बंसल, विजय बंसल, रामजीलाल चौधरी, गौरव गांधी, डॉ. दान सिंह, निर्देश राणा आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

### लोगों को दी एचआईवी/एड्स की जानकारी



**अर्की।** अर्की के दवा विक्रेता व व्यापार मंडल के सदस्यों को एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान के तहत एचआईवी/एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यह अभियान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. तारा चंद नेगी के नेतृत्व में चलाया गया। इस मौके पर डॉ. विजय कुमार शांडिल परामर्श विशेषज्ञ सिविल अस्पताल अर्की ने उपस्थित लोगों को बताया कि एचआईवी संक्रमण होने के मुख्य चार कारण होते हैं, जिसमें पहला कारण है एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ यौन संबंध से, दूसरा कारण संक्रमित सूई, तीसरा एचआईवी संक्रमित गर्भवती मां से होने वाले नवजात शिशु को, चौथा एचआईवी संक्रमित व्यक्ति का रक्त व रक्त पदार्थ चढने से होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी एचआईवी जांच करवानी चाहिए क्योंकि यह जांच आईसीटीसी में मुफ्त होती है। एचआईवी/एडस पर अस्पतालों में उचित सलाह दी जाती है तथा इसके साथ जांच परिणाम व पहचान गुप्त रखे जाते हैं। यह अभियान 12 अक्तू बर तक चलाया जाएगा, जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक किया जा सके।

### डॉ. जगमोहन के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर

**सोलन।** प्रदेश के जाने-माने बागवानी वैज्ञानिक, बागवानी व वानिकी विवि नौणी और कृषि विवि पालमपुर के पूर्व वाइस चांसलर डॉ. जगमोहन सिंह चौहान का रविवार सुबह सोलन में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नी, दो बेटे छोड़ गए। उनके निधन से पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. जगमोहन सिंह का जन्म सिरमौर के राजगढ़ उपमंडल के गांव भुईरा में 11 नवंबर, 1945 को हुआ। हाई स्कूल की शिक्षा राजगढ़ स्कूल की। इसके बाद पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी लुधियाना से 1966 में बीएससी की डिग्री की। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से हॉर्टिकल्चर में 1969 में एमएससी व पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी लुधियाना से हॉर्टिकल्चर में 1974 में पीएचडी की।

### सिरमौर कल्याण मंच ने जताया शोक

**सोलन।** सिरमौर कल्याण मंच सोलन ने नौणी व पालमपुर विवि के पूर्व वीसी डॉ. जगमोहन चौहान के निधन पर शोक व्यक्त किया है और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताई। मंच के प्रधान प्रदीप मंमगाई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. एसएस परमार, एडवोकेट गगन चौहान, महासचिव यशपाल कपूर, वरिष्ठ सदस्य मियां प्रेम सिंह, बलदेव चौहान, कंवर वीरेंद्र सिंह, डॉ. डीपी शर्मा, यशपाल शर्मा, आदि ने उनके निधन पर शोक जताया।

# टमाटर के दामों में गिरावट, 650 रुपए प्रति क्रेट

## पिछले वर्ष इन दिनों बिक रहा था 1500 से 2500 रुपए क्रेट, किसान अभी भी दाम बढ़ने की उम्मीद लगाए हुए हैं

**आर मोहन चौहान, सोलन**

रेड गोल्ड नाम से मशहूर बेमौसमी टमाटर को सोलन और सिरमौर के किसानों की आर्थिकी की रीढ़ माना जाता है पर इस बार पिछले वर्ष के मुकाबले किसानों को टमाटर के बेहद कम दाम मिलने से यह वर्ग खासा परेशान है। उचित दाम नहीं मिलने से अधिकतर किसानों की लागत भी पूरी नहीं हो पा रही है। पहले मौसम की मार से टमाटर की फसल खराब हो गई और सीजन पीक में आते ही इसके नकदी फसल के दामों में खासी गिरावट आ गई।

इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जो ए ग्रेड का टमाटर इन दिनों 2000 से 2500 प्रति क्रेट बिक रहा था। वहीं, टमाटर अब की बार मात्र 650 रुपए प्रति क्रेट तक पहुंच गया है। औसत ग्रेड का टमाटर 400 प्रति क्रेट और निम्न ग्रेड का टमाटर 150 प्रति क्रेट तक पहुंच गया है। हालांकि किसान अभी भी दाम बढ़ने की उम्मीद लगाए हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### दामों में हल्का उछाल आने की संभावना

**मंडी** समिति सोलन के सचिव डॉ. रविंद्र शर्मा का कहना है कि फिलहाल टमाटर के दाम स्थिर हैं पर आने वाले दिनों में टमाटर के दामों में भी हल्का उछाल आने की संभावना है।



सोलन सब्जी मंडी में बिक्री को पहुंचा टमाटर।

### टमाटर की मांग देश की बड़ी मंडियों में

**सोलन** के हिमसोना किस्म के टमाटर की मांग देश की बड़ी मंडियों में रहती है, लेकिन बाहरी राज्यों के व्यापारी कच्चे हरे टमाटर की मांग कर रहे हैं। गर्मी होने के कारण लाल पका हुआ टमाटर बाहरी राज्यों की मंडियों तक पहुंचते-पहुंचते खराब हो जाता है। इसके साथ ही सोलन सब्जी मंडी में भी टमाटर के दामों में लगातार उछाल देखने को मिल रहा है। आढ़ती उम्मीद जता रहे हैं कि टमाटर की क्वालिटी इसी तरह से बरकरार रहती है और किसान कच्चा टमाटर लेकर मंडी में पहुंचते हैं, तो उसके दाम बढ़ सकते हैं। सब्जी मंडी सोलन से हरियाणा, राज्यस्थान, नासिक, पंजाब, चंडीगढ़ जैसी बड़ी मंडियों के लिए टमाटर की सप्लाई की जा रही है।

### दाम गिरने से किसान चिंतित

**सब्जी** मंडी सोलन में टमाटर का व्यापार कर रहे आढ़ती अमर सिंह ठाकुर का कहना है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर लोग खेती पर निर्भर हैं। लोग टमाटर, शिमला मिर्च, मटर, गोभी, बीन और लहसुन समेत कई अन्य नकदी फसलों की पैदावार करते हैं। सोलन की मुख्य नकदी फसल टमाटर और शिमला मिर्च है। सीजन के शुरू में किसानों को टमाटर के अच्छे दाम मिले हैं, लेकिन अब दिन-प्रतिदिन गिरते दामों से किसानों को लागत पूरी करना भी मुश्किल हो गया है। हालांकि अन्य सब्जियों के किसानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं, लेकिन जिले में अधिकतर किसान टमाटर भी ही निर्भर हैं।

### पिछले वर्ष के मुकाबले चार गुणा कम दाम

**पिछले** वर्ष किसानों को रिकॉर्ड तोड़ दाम मिलते थे, जब टमाटर का थोक भाव प्रतिकिलो 150 से 180 रुपए प्रतिकिलो तक पहुंच गया था। इस बार भी किसानों को अच्छे दाम मिलने की उम्मीद थी पर किन्हीं कारणों से सोलन सब्जी मंडी में टमाटर के उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं। इन दिनों सोलन सब्जी मंडी में रोज औसतन 10 हजार टमाटर की क्रेट पहुंच रही है पर किसानों को अपनी फसल के उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं। कारोबारियों का मानना है कि मैदानी राज्यों में बारिश से टमाटर की फसल खराब हो जाती है, जिससे सोलन के टमाटर की मांग देश की बड़ी मंडियों में बढ़ जाएगी। इससे बेस्ट क्वालिटी टमाटर के दामों में अच्छा खासा उछाल आएगा। इस बार बेंगलुरु और नासिक में टमाटर की अच्छी पैदावार हुई है, जिसका असर सोलन, सिरमौर और शिमला में पैदा हो रहे बेमौसमी टमाटर के दामों पर पड़ा है।

## संस्था के कार्यों को दें बढ़ावा

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।**

किन्नौर के रिकांगपिओ के रामलीला मैदान में आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय जिला स्तरीय रेड क्रॉस मेले के समापन समारोह में डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जिला रेड क्रॉस संस्था जरूरतमंदों एवं उपेक्षित वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि इस संस्था के कार्यों को बढ़ावा दें, ताकि निर्धन एवं निराश्रितों को संकट के समय राहत प्रदान की जा सके। रेड क्रॉस संस्था अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय कार्य कर रही है तथा पीड़ित मानवता की सेवा कर रही है। डॉ. अमित कुमार शर्मा ने जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले के दौरान आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में मीरू प्रथम व नेपाली मूल एकता समाज ने दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा महिला वर्ग में पुलिस विभाग रिकांगपिओ ने प्रथम व रॉकलैंड पांगी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता : संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि लोगों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। संजय अवस्थी सोलन के अर्की विधानसभा क्षेत्र की पंचायत सूरजपुर के पथेड़ में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने तदोपरांत पंचायत धुंदन में शिवा क्लब धुंधन द्वारा आयोजित वॉलीबाल तथा कबड्डी प्रतियोगिता के अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित किया।



सूरजपुर के पथेड़ में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते सीपीएस संजय अवस्थी।

संजय अवस्थी ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक स्वास्थ्य संस्थान को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में स्तरोन्नत करने का निर्णय लिया है। आदर्श रूप से विकसित इन स्वास्थ्य संस्थानों में लोगों को घरद्वार के समीप विशेषज्ञ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रदेश सरकार ने आरंभ में ही नागरिक अस्पताल अर्की में लोगों की सुविधा के लिए पांच विशेषज्ञ चिकित्सक नियुक्त करने का निर्णय लिया और यहां शीघ्र ही अत्याधुनिक अल्ट्रासांऊड मशीन भी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू बेहतर शिक्षा एवं गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधा सृजन तथा अच्छा सड़क नेटवर्क स्थापित करने के लिए प्रयासरत हैं और सभी के सहयोग से इन क्षेत्रों में जनहित में व्यापक परिवर्तन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिपलू घाट से पैथड़ तक सड़क को पक्का करने के लिए लिए शीघ्र ही आवश्यक स्वीकृतियां मिलेंगी। उन्होंने महिला मंडल सूरजपुर को 11,000 रुपए तथा स्वास्थ्य शिविर आयोजन समिति को 11,000 रुपए देने की घोषणा की।

## नाहन में 30 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन में एक युवक द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि शहर की पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में एक युवक ने कमरे में फंदा लगा लिया।

सूचना मिलते ही पुलिस चौकी गुन्नूघाट की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। मृतक की पहचान अंकित रावत (30) के रूप में हुई है। एएसपी सिरमौर योगेश रोल्टा ने मामले की पुष्टि की और बताया कि मेडिकल कॉलेज नाहन में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है।

# बिरोजे का एक ट्रक पकड़ा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

▶ जुर्माना लगाकर छोड़ा, मगर की गई कार्रवाई संदेह के दायरे में

फॉरेस्ट डिवीजन नाहन के द्वारा बनेठी एनएच-907ए पर लगाए गए नाके के दौरान एक ट्रक बिरोजे का पकड़ा गया। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह ट्रक उत्तराखंड से जामुन की सेर तारपीन तेल फैक्टरी में जा रहा था।

वहीं, फॉरेस्ट डिवीजन नाहन के द्वारा पूरे क्षेत्र में रुटीन कार्रवाई के तहत नाके लगाए गए थे। जानकारी के अनुसार, देर रात्रि को एक ट्रक जिसका नंबर स्पष्ट नहीं था उसे नाके पर डटी हुई फॉरेस्ट विभाग की टीम के द्वारा रोका गया। ट्रक को काली तिरपाल से पूरी तरह ढका हुआ था। वन विभाग के कर्मचारियों को कच्चे बिरोजा की महक आने पर संदेह हुआ। टीम के द्वारा जब तिरपाल हटाई गई, तो उसके अंदर कच्चे बिरोजा से भरे हुए सैकड़ों टीन थे। मौके पर तैनात वन विभाग की टीम के द्वारा रात को ही उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया। पूछताछ में अधिकारियों को बताया गया कि यह ट्रक उत्तराखंड से जामुन की सेर एक प्रभावशाली भाजपा नेता की फैक्टरी में जा रहा था। वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा ट्रक चालक पर दस हजार रुपए का जुर्माना लगाकर उसे छोड़ दिया गया। वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से वास्तविक संख्या छुपाकर कम संख्या पर केवल रात्रि मूवमेंट का जुर्माना लगाकर मामले को रफा दफा किया गया है। सूत्र यह भी बताते हैं कि बिरोजे से भरी यह गाड़ी पूरी तरह संदेहास्पद थी, जिसे दस हजार रुपए जुर्माना लगाकर छोड़ दिया गया। अब जांच का विषय यह भी है कि क्या कार्रवाई के दौरान पूरी गाड़ी की वीडियोग्राफी भी की गई थी या नहीं।

डीएफओ नाहन अश्वनी कुमार का कहना है कि नाहन डिवीजन के अंतर्गत सभी जगह रूटीन वर्क के तहत रात्रि को नाके लगाए गए थे। एक ट्रक जो उत्तराखंड से जामुन की सेर जा रहा था, उसे वन विभाग की टीम के द्वारा रोका गया। जांच में उसके पास परमिट था, मगर रात्रि को प्रतिबंधित मूवमेंट के तहत दस हजार रुपए का जुर्माना लगाकर उसे छोड़ दिया।

## जिन्होंने सत्ता दिलाई उन्हीं के साथ विश्वासघात कर रही सुक्खू सरकार : मेलाराम शर्मा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार कर्मचारियों और पेंशनर्स के साथ घोर अन्याय कर रही है और जिस वर्ग ने इस सरकार को सत्ता में बिठाया, सरकार उन्हीं के साथ विश्वासघात कर रही है। यह आरोप लगाते हुए सिरमौर जिला पेंशनर्स एसोसिएशन के मुख्य सलाहकार मेलाराम शर्मा ने कहा कि सरकार पेंशनर्स के प्रति नकारात्मक रवैया अपनाकर उनके बुढ़ापे को और मुसीबत में डाल रही है।



हिमाचल में अब यह सिद्ध हो चुका है कि कांग्रेस की सरकार पूर्ण रूप से कर्मचारियों और पेंशनर्स की विरोधी है। मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों के वक्तव्यों से यह स्पष्ट हो चुका है कि यह सरकार न तो कर्मचारियों को महंगाई भत्तों की अदायगी करना चाहती है और न ही पेंशनर्स की ग्रेच्युटी और बड़े हुए भत्तों का भुगतान करना चाहती है। पेंशनर्स अपनी पूरी जिंदगी सरकार की सेवा में लगाने के उपरांत अपने बुढ़ापे के लिए जो जमा पूंजी बचा कर रखते हैं, उसे वर्तमान सरकार ने दबा कर रखा है और बहुत सारे पेंशनर्स तो गत दो वर्षों के दौरान अपना बकाया बगैर लिए ही स्वर्ग सुधार चुके हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान कर्मचारी और पेंशनर्स ने बड़ी उम्मीद के साथ सुक्खू की सरकार को सत्ता में लाया था, लेकिन अब सभी पेंशनर्स और कर्मचारी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

उद्योगों की बिजली सब्सिडी हटाने की आहट के साथ औद्योगिक इकाइयों ने उठाया मामला कहा-

# प्रदेश के निवेश के लिए नहीं अच्छा कदम

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल में सरप्लस बिजली होने के बावजूद भी प्रदेश में चल रहे उद्योगों को भारी भरकम दरों पर बिजली सप्लाई की जा रही है।

प्रदेश के विभिन्न उद्योग कई बार प्रदेश सरकार के समक्ष भारी भरकम बिजली दरों का मुद्दा उठा चुके हैं। एक बार फिर से हिमाचल में सबसे ज्यादा बिजली की खपत करने वाली स्टील इंडस्ट्री ने महंगी बिजली दर के साथ एक रुपए यूनिट की सब्सिडी को सरकार के द्वारा वापस लेने के विचार का मामला उठा दिया है। हिमाचल स्टील इंडस्ट्री ने प्रदेश में उद्योगों के लिए महंगी बिजली को लेकर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने हर वर्ग से बिजली सब्सिडी को छीन लिया है और अब अगला निशाना उद्योग हो सकता है। एसोसिएशन का कहना है कि पिछले दो वर्षों से हर वर्ष बिजली के शुल्क व दर को बढ़ाया जा रहा है और आज आलम यह है कि उद्योगों को छह रुपए यूनिट तक बिजली मिल रही है और हाल ही में 1 अप्रैल, 2024 से बिजली दरों में एक रुपए यूनिट की बढ़ोतरी कर दी थी, लेकिन बाद में बढ़ोतरी लागू न कर सब्सिडी देने का फैसला लिया था, लेकिन अब 21 अगस्त को सामने आया है कि सरकार जल्द ही उद्योगों को मिल रही सब्सिडी भी वापस ले रही है, जो कि एक चिंता का विषय बन चुका है। उद्योगों के लिए अंतिम निर्णय 2 को सीएम व उद्योग मंत्री के साथ बैठक में फैसला लिया जाएगा, अगर सब्सिडी वापस लेने का फैसला लिया जाता है, तो उद्योग पूरी तरह से बर्बाद हो जाएंगे।

### पहले ही कई तरह का आर्थिक बोझ : सिंगला



हिमाचल स्टील इंडस्ट्री के महासचिव राजीव सिंगला ने बताया कि पहले ही स्टील इंडस्ट्री कई तरह के भारी-भरकम करों से परेशान है, जिसमें एजीटी, सीजीसीआर व महंगा ट्रांसपोर्टेशन शामिल है, अगर अब बिजली पर मिलने वाली सब्सिडी को भी वापस ले लिया, तो उद्योग बंद होने की कगार पर आ जाएंगे। सरकार को उद्योगों को हिमाचल में आकर्षित करने के लिए रियायत देनी चाहिए, लेकिन उल्टा पुराने चल रहे उद्योगों को भी बंद करने का काम किया जा रहा है।

### उद्योगों के हितों के बारे में सोचे सरकार : गर्ग

**हिमाचल** स्टील इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष मेघराज गर्ग का कहना है कि प्रदेश सरकार को वर्तमान में चल रहे उद्योगों के बारे में सोचना चाहिए, ताकि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा निवेश हो सके। बिजली सब्सिडी वापस लेने की जो चर्चाएं चल रही हैं, वह गलत हैं इससे उद्योगों को भारी-भरकम आर्थिक नुकसान होगा और उद्योगों के पास पलायन के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। गर्ग ने कहा कि हिमाचल में उद्योग करीबन 7 लाख लोगों को रोजगार दे रहे हैं और 30 हजार लोग ट्रकों से जुड़े हुए हैं उन्हें भी रोजगार मिला है।



# बद्दी पुलिस ने 13.713 ग्राम चूरा पोस्त समेत पकड़ा आरोपी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी पुलिस की ओर से नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत लगातार नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है।



बद्दी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13.713 किलोग्राम भुक्की (चूरा पोस्त) बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इस व्यक्ति की लंबे समय से तलाश थी और इसको पकड़ने के लिए व्यापक जाल बिछा रखा था। आरोपी की पहचान अमृत लाल निवासी गांव मलपुर, डा. भुड्ड ,तहसील बद्दी से हुई, जो कि नशा तस्करी का धंधा करता था। एसपी बद्दी इल्मा अफरोज ने बताया कि पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ की गई इस कार्रवाई में 13.713 किलोग्राम पोपी हस्क बरामद की है। जांच के दौरान यह भी पता चला है कि आरोपी के पास कई हल्के मोटर वाहन हैं। इस पूरे ऑपरेशन में बद्दी जिला पुलिस के विशेष सेल एक्स ने बेहद शानदार प्रदर्शन किया है, जिसकी जिला पुलिस कप्तान इल्मा अफरोज ने सराहना की है।

# संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, सोलन**

विश्व हिंदू परिषद प्रांत हिमाचल का स्थापना दिवस परवाणू में मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं केंद्रीय मंत्री विजय शंकर तिवारी और प्रांत से विश्व हिंदू परिषद के नवनियुक्त प्रांत मंत्री व अधिवक्ता तुषार डोगरा उपस्थित रहे।



तुषार डोगरा ने कहा कि प्रदेश में बढ़ रही घुसपैठ और लव जिहाद जैसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया तथा अपने जिला सोलन के सभी प्रखंडों के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज कुमार, जिला मंत्री बलवंत सिंह भट्टी, जिला बजरंग दल संयोजक कुणाल शर्मा, जिला सेवा प्रमुख राजेंद्र राणा, मंत्री मोहन सिंह, विभाग सहसंयोजक तारा सिंह, शिमला विभाग से दिलीप कुमार, मंत्री प्रांत विशेष सह प्रमुख सुरुचि शर्मा, जिला सोलन विशेष प्रमुख मनीष कुमार, जिला यात्रा महासंघ प्रमुख ब्रह्मानंद, कसौली प्रखंड अध्यक्ष चमन गोयल, प्रखंड मंत्री बबलू भट्ट, प्रखंड सहमंत्री विक्रम, परवाणू नगर अध्यक्ष सचिन गोयल, प्रखंड कंडाघाट से मोहित, नेकराम, पंकज, प्रखंड सोलन से देवानंद गौतम, दूलो राम, हरिमोहन, खंड राजगढ़ से सूरज कुमार और सुभाष आदि उपस्थित रहे।

**परेशानी** कभी भी ध्वस्त हो सकती है 300 मीटर लंबी सड़क, लगातार हो रहा कटाव, छोटे वाहनों को लेकर अतिरिक्त शुल्क देना पड़ रहा

# मारकंडा नदी के तेज बहाव से दर्जनभर उद्योगों पर मंडराया संकट

**एसपी जैरथ, नाहन**

औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में मारकंडा नदी से सटे उद्योगों पर संकट मंडराने लगा है। दरअसल, ओगली में मारकंडा नदी के तेज बहाव से डंगा क्षतिग्रस्त हो गया है।


इससे सड़क का काफी हिस्सा टूट चुका है। सड़क के साथ एक दर्जन उद्योग स्थापित हैं, यहां लगातार हो रहे भूमि कटाव से कभी भी 300 मीटर सड़क ध्वस्त हो सकती है। मौजूदा स्थिति ये है कि उद्योगों में ट्रांसपोर्टेशन का कार्य ठप पड़ गया है। उद्योगों से तैयार माल बाहर भेजने और कच्चा माल यहां तक पहुंचाने के लिए उद्यमियों को छोटे वाहनों को लेकर अतिरिक्त शुल्क देना पड़ रहा है। कई वाहन यहां अपने जोखिम पर पहुंच रहे हैं। यदि यहां जल्द डंगा नहीं लगता, तो सड़क कभी भी अवरुद्ध हो सकती है। साथ ही उद्योगों और स्थानीय लोगों की जान और माल को भी खतरा पैदा हो सकता है। मौके से प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां विशिष्ट अलॉय के साथ 10 लाख की लागत से डंगा लगाया गया था, जो गिर चुका है। इसके चलते इस सड़क के साथ सटी औद्योगिक इकाइयों पर माल-ढुलाई के लिए भारी वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। लिहाजा, उद्योगपति आपसी सहयोग से क्षतिग्रस्त डंगे के एक हिस्से को ठीक करवा रहे हैं, ताकि आवाजाही पूरी तरह ठप न हो। यहां ये भी बताना जरूरी है कि ये सड़क सरकार द्वारा बनाए गए करोड़ों रुपए के ट्रीटमेंट प्लांट तक भी जाती है। अब यदि ये सड़क ध्वस्त होती है, तो ट्रीटमेंट प्लांट को ले जाई जाने वाली गार्बेज भी रुक जाएगी। इन उद्योगों से सरकार को लाखों रुपए का राजस्व प्राप्त होता है।



ऐसे में सरकार की भी जिम्मेदारी बनती है कि उद्योगों सहित स्थानीय लोगों को रास्ते को सरकारी खर्च पर ही रिटेनिंग वॉल लगाकर सुरक्षा प्रदान किया जाए। स्थानीय निवासी रंगलाल, सुभाष, सुरेंद्र और हरिंद्र शर्मा समेत उद्योगपति अशोक विशिष्ट, शिवम विशिष्ट, हरिदत्त शर्मा, राजीव आदि ने सरकार व प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि मारकंडा नदी के साथ टूटी रिटेनिंग वॉल को आपदा प्रबंधन के फंड के तहत फिर से तैयार किया जाए। इसके लिए कुशल इंजीनियर से परामर्श लिया जाए, ताकि हर साल मारकंडा नदी में आने वाली बाढ़ से उद्योगों और स्थानीय लोगों की जान और माल को सुरक्षा मिल सके। (अनंत ज्ञान)

**उधर,** मेंबर सेक्रेटरी डीआईसी रचित शर्मा ने बताया कि नदी के साथ लगते डंगे के लिए 10 लाख रुपए का पहले सहयोग किया जा चुका है। उद्योगपतियों व सरकार के सहयोग से नदी के साथ रिटेनिंग वॉल लगाए जाने को लेकर योजना बनाई जाएगी।

**वहीं,** एडीसी सिरमौर एलआर वर्मा ने बताया कि समस्या गंभीर है। लिहाजा, संबंधित विभागों को तुरंत समाधान के लिए निर्देश दे दिए हैं। आपदा प्रबंधन के तहत बजट का प्रावधान कर सड़क के साथ रिटेनिंग वॉल लगाकर उद्योगों व स्थानीय लोगों के जान व माल को सुरक्षित किया जाएगा।




## न्यूज ब्रीफ

### रेडक्रॉस एक विश्वयापी कल्याणकारी संस्था : मुकेश



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ द्वारा वात्सलय ग्राम वृंदावन में विश्वविद्यालयों के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर व काउंसलर के तीन दिवसीय राज्य स्तरीय वर्कशॉप का समापन हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर मुकेश अग्रवाल महासचिव, भारतीय रेडक्रॉस समिति हरियाणा रेडक्रॉस चंडीगढ़ के कर कमलों द्वारा किया गया। साथ में बतौर विशिष्ट अतिथि के तौर पर एनके सिंह, उपसचिव इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली से मौजूद रहे। समापन कार्यक्रम की शुरुआत रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हैनरी डुनान्ट की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित करके किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि रेडक्रॉस एक विश्वयापी कल्याणकारी संस्था है जो समाज कल्याण एवं मानवता की सेवा के लिए सदा तत्पर रहती है। एनके सिंह द्वारा रेड क्रॉस के मूलभूत सिद्धांतों के बारे जानकारी प्रदान की और यह भी बताया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रेडक्रॉस की क्या भूमिका रहती है, युद्ध बंदियो से संबंधित जेनेवा कन्वेंशन की बारे में भी जानकारी सांझा की।

### कपूरथला में आठ साल की बच्ची से बलात्कार

**कपूरथला।** पंजाब के कपूरथला में आठ वर्षीय बच्ची से एक व्यक्ति ने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बच्ची की मां ने इसकी शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद उसी इलाके में रहने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। बच्ची की मां ने पुलिस को बताया कि जब उसकी बेटी शुक्रवार को बकरियां चराने गई थी तभी यह घटना हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने उसे बहला-फुसलाकर अपने घर में बुलाया और उससे कथित तौर पर बलात्कार किया। बाद में बच्ची ने अपनी मां को घटना के बारे में बताया।

### इंडोनेशिया के पूर्वी टर्नेट द्वीप पर बाढ़ से 13 की मौत



**टर्नेट द्वीप।** इंडोनेशिया के पूर्वी टर्नेट द्वीप पर मूसलाधार बारिश के बाद आई बाढ़ में रविवार को 13 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर काम कर रहे खोज और बचाव दल ने उत्तरी मालुकु प्रांत के रुआ गांव में 10 शव बरामद किए हैं। द्वीप की खोज और बचाव एजेंसी के एक अधिकारी ब्रैम मद्या टेमारा के अनुसार, टीम एक और शव को निकालने के लिए मशक्कत कर रही है। बाढ़ से कई रिहायशी इलाकों को बहा दिया और दर्जनों इमारतें और घर मलबे में दब गए।

### बांग्लादेश के पूर्व मंत्री ढाका में गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व कपड़ा एवं जूट मंत्री गुलाम दस्तगीर गाजी को ढाका से गिरफ्तार कर लिया गया है, क्योंकि पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के अधिकारियों और मंत्रियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। 76 वर्षीय नेता को शनिवार देर रात करीब तीन बजे राजधानी ढाका के पियरगोली इलाके में एक घर से हिरासत में लिया गया।

### पाकिस्तान में दो हादसों में 37 लोगों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में रविवार को हुई दो अलग-अलग बस दुर्घटनाओं में 11 श्रद्धालुओं सहित कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। पाकिस्तान में पहली दुर्घटना उस दौरान हुई जब ईरान से 70 शिया जायरीन को लेकर आ रही बस बलूचिस्तान प्रांत में मकरान तटीय राजमार्ग से रास्ता भटक गई थी। इस हादसे में भी 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 35 श्रद्धालु घायल हो गए हैं। ज्यादातर लोग लाहौर या गुजरांवाला के निवासी थे। वहीं, दूसरी दुर्घटना पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में 35 लोगों को ले जा रही एक बस खाई में गिर गई थी। इस हादसे में 26 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में अब तक 26 लोगों की मौत हुई है और तीन घायल हैं।

# मार्च 2026 से पहले देश से वामपंथी उग्रवाद पूरी तरह खत्म हो जाएगा : अमित शाह




**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ और उसकी सीमाओं से सटे राज्यों के पुलिस महानिदेशकों और मुख्य सचिवों के साथ नक्सल विरोधी ऑपरेशन की समीक्षा के दौरान स्पष्ट कर दिया कि मार्च 2026 से पहले देश से वामपंथी उग्रवाद पूरी तरह खत्म हो जाएगा।

साथ ही, शाह ने वामपंथी उग्रवाद में शामिल युवाओं से अपील किया कि वे हिंसा का त्याग करें और विकास के महायज्ञ में शामिल हों। बीते कुछ वर्षों पर नजर डालने से पता चलता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में रूथलैस अप्रोच के साथ वामपंथी उग्रवाद के पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करने की लड़ाई अब अपने अंतिम चरण में है। शाह की सटीक रणनीति के तहत पिछले 8 महीने में छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ जोरदार तरीके से ऑपरेशन को अंजाम दिया गया, जिसका नतीजा है कि 147 नक्सली मुठभेड़ में मारे गए, 631 ने सरेंडर किया और 723 को गिरफ्तार किया गया। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के नए शिविर की स्थापना, उनकी तैनाती और उनके द्वारा विकास कार्यों की निगरानी से पता चलता है कि यह लड़ाई अब निर्णायक दौर में है।

दशकों से देश के विकास में नासूर बने वामपंथी उग्रवाद में लिप्त युवाओं को आत्मसमर्पण का मौका देना शाह की पहली प्राथमिकता है। (अनंत ज्ञान)

### मादक पदार्थों का अवैध कारोबार एक अंतरराष्ट्रीय समस्या

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मादक पदार्थों का अवैध कारोबार न केवल भारत के लिए चुनौती है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है। उन्होंने कहा कि यदि दृढ़ संकल्प और रणनीति के साथ आगे बढ़ा जाए, तो देश इस खतरे के खिलाफ लड़ाई जीत सकता है। शाह ने रविवार को नवा रायपुर के एक होटल में छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर एक बैठक को संबोधित किया। शाह ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ लड़ाई में सफलता प्राप्त करने के लिए 'मादक पदार्थों का पता लगाने, नेटवर्क को नष्ट करने, अपराधी को हिरासत में लेने और नशे के आदी लोगों का पुनर्वास' करने के चार सूत्रों पर जोर दिया।

### श्रीबद्री केदार रामलीला कमेटी का गठन, आनंद प्रसाद शर्मा बने प्रेसिडेंट



श्रीबद्री केदार रामलीला कमेटी के चुने गए पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

श्रीबद्री केदार रामलीला कमेटी, सेक्टर 45-46-47 की एक बैठक सेक्टर 45 में आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से वर्ष 2024-25 के लिए कमेटी का प्रेसिडेंट आनंद प्रसाद शर्मा को बनाया गया। कमेटी की यह विशेष बैठक कमेटी के चेयरमैन भूपेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में आयोजित की गई थी।

कमेटी के अन्य सदस्यों में जनरल सेक्रेटरी पद के लिए बीरपाल सिंह नेगी, उप प्रधान पद हेतु बृज मोहन फौंदणी, संयुक्त प्रधान पद के लिए लक्ष्मी प्रसाद शर्मा को, सचिव पद के लिए जितेन्द्र मेहरा, कोषाध्यक्ष पद हेतु मनोहर लाल अमोला, मुख्य सलाहकार पद के लिए महेश चंद ध्यानी, दलीप सिंह पंवार, कमेटी की निर्देशक पद के लिए आनंद सिंह कोरंगा, धीरज कुमार, पूनम कोठारी, विनोद कुकरेती, हर्षपाल रावत, कमेटी के सलाहकार पद के लिए दलीप पंवार, महेश चंद, प्रेम सिंह नेगी, यशपाल नेगी, देवी प्रसाद थपलियाल, बृज मोहन, गोविंद सिंह, माल मंत्री पद के लिए जेपी पांडे, हरीश पोखरियाल, मीनू, प्रेस सचिव पद के लिए प्रशांत शर्मा, बृज मोहन, जीतेन्द्र मेहरा, सजा निर्देशक पद के लिए सुरेंद्र सिंह भंडारी तथा स्टेज सेक्रेटरी पद के लिए पंडित लाखी राम को नियुक्त किया।

### एनआरआई गोलीबारी मामला

## पीड़ित की पहली पत्नी के पिता सहित पांच लोग गिरफ्तार

**एजेंसी, चंडीगढ़**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पंजाब के अमृतसर में एक अनिवासी भारतीय (एनआरआई) को गोली मारे जाने की घटना के एक दिन बाद पुलिस ने रविवार को घटना के सिलसिले में पीड़ित की पहली पत्नी के पिता सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में अमेरिका से लौटे सुखचैन सिंह पर गोली चलाने वाले दो फरार अपराधियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। हमलावरों ने घटना को शनिवार को उस वक्त अंजाम दिया जब सुखचैन सिंह सुबह की सैर के लिए शहर के बाहरी इलाके में दाबुर्जी गांव स्थित अपने घर से निकल रहे थे। पुलिस के अनुसार, हमलावर एनआरआई के घर में घुस गए और भागने से पहले उन पर तीन गोलियां चलाईं। हमले में सुखचैन सिंह को दो गोलियां लगीं, जिनमें एक उनके सिर में और दूसरी उनकी छाती के पास लगी। उनकी हालत खतरे से बाहर है।

अमृतसर के पुलिस आयुक्त रणजीत सिंह ढिल्लों ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सुखचैन सिंह पर हमला उनकी पहली पत्नी के परिवार ने कराया। उन्होंने कहा कि सुखचैन सिंह की पहली पत्नी ने दिसंबर 2022 में आत्महत्या कर ली थी और उसका परिवार उनसे द्वेष रखता था। पुलिस ने कहा कि अनिवासी भारतीय की हत्या के लिए दो अपराधियों सुखविंदर उर्फ सुक्खा और गुरकीरत सिंह उर्फ गुरी को सुपारी दी गई थी।

### सीमा पर ड्रोन रोकने के लिए अतिरिक्त बटालियन की मांग

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मादक पदार्थ और गोला-बारूद के साथ पाकिस्तान की ओर से पंजाब की सीमा में ड्रोन के प्रवेश को रोकने के लिए एक अतिरिक्त बटालियन तैनात करने की मांग की है।

बीएसएफ के पास वर्तमान में, पंजाब की पाकिस्तान से लगी 500 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा की रक्षा के लिए लगभग 20 बटालियन हैं, जिनमें से 18 सीमा पर "सक्रिय रूप से तैनात" हैं, जबकि बाकी को अमृतसर में अटारी एकीकृत जांच चौकी और गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक में करतारपुर गलियारे की आवश्यकताओं के मद्देनजर तैनात किया गया है। इस वर्ष अब तक सुरक्षा एजेंसियों द्वारा 120 से अधिक ड्रोन बरामद किए गए हैं, जबकि 2023 के दौरान ऐसे 107 ड्रोन जब्त किए गए थे।

## जम्मू की सियासत : नेकां ने तीन बार पूर्ण बहुमत की बनाई सरकार

**अशोक ठाकुर, जम्मू**



जम्मू-कश्मीर की राजनीति में नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) एक मात्र क्षेत्रीय दल है जिसका हमेशा सत्ता में डंका रहा है। 1962 से 2014 तक विधानसभा चुनावों में नेकां ने प्रदेश में तीन बार पूर्ण बहुमत तो दो बार गठबंधन की सरकार बनाई। नेकां से छह बार मुख्यमंत्री बने। इनमें दो बार पार्टी संस्थापक शेख अब्दुल्ला, तीन बार अध्यक्ष फारुख अब्दुल्ला और एक बार उमर अब्दुल्ला प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।

1932 में शेख अब्दुल्ला और चौधरी गुलाम अब्बास ने ऑल जम्मू-कश्मीर मुस्लिम कांफ्रेंस बनाई। राज्य के सभी लोगों का प्रतिनिधित्व हो इसके लिए 1939 में नाम बदलकर नेशनल कांफ्रेंस कर लिया। नेशनल कांफ्रेंस ने 1977 में 47 सीटें जीतकर पुर्ण बहुत की सरकार बनाई और शेख अब्दुल्ला मुख्यमंत्री बने।

इसके बाद 1983 के चुनाव में नेकां ने 46 सीटें जीती और फारुख अब्दुल्ला दूसरी बार मुख्यमंत्री बने (शेख अब्दुल्ला के निधन के बाद फारुख अब्दुल्ला 1982 से 1984 तक पहली बार मुख्यमंत्री बने)। 1996 में नेकां ने 87 में से 57 सीटें जीतकर अपने दम पर सरकार बनाई। 1972 के विधानसभा चुनावों में नेशनल कांफ्रेंस 76 में 47 सीटें जीतकर सत्ता में आई और शेख मोहम्मद अब्दुल्ला 26 मार्च 1977 तक मुख्यमंत्री रहे। जुलाई 1977 तक राज्यपाल शासन के बाद हुए चुनावों में एक बार फिर नेशनल कांफ्रेंस ने 76 में से 46 सीटें जीती और शेख मोहम्मद अब्दुल्ला नौ जुलाई 1977 से लेकर दो जुलाई 1984 (मृत्यु) तक दूसरी बार मुख्यमंत्री रहे।

1982 से 1984 तक उनके पुत्र डॉ. फारुख अब्दुल्ला मुख्यमंत्री रहे। 1987 के चुनाव डॉ. फारुख अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुए और नेशनल कांफ्रेंस 76 में से 40 सीटें जीती। डॉ. अब्दुल्ला दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। इसके बाद 1990 से 1996 तक राज्यपाल शासन रहने के बाद हुए चुनावों में नेशनल कांफ्रेंस ने 87 में से रिकॉर्ड 57 सीटें जीतीं और डॉ. फारुख अब्दुल्ला तीसरे बार मुख्यमंत्री बने। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

## हिजबुल्लाह ने इसराइल पर दागे 300 से ज्यादा रॉकेट

### 11 मिलिट्री बेस को निशाना बनाया, इसराइल ने लगाई इमरजेंसी, नेतन्याहू ने बुलाई बैठक

**एजेंसी, तेल अवीव**

**हिजबुल्लाह** संगठन ने लेबनान से इसराइल पर 300 से ज्यादा रॉकेट से हमला किया है। हिजबुल्लाह ने इसराइल के 11 सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें और ड्रोन्स से भी फायर किए। हिजबुल्लाह ने यह हमला अपने टॉप कमांडर फुआद शुक्र की मौत का बदला लेने के लिए किया। इसराइल ने 30 जुलाई को बेरूत में एक एयरस्ट्राइक कर हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर को मार गिराया था।

हिजबुल्लाह के हमले के बाद इसराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने 48 घंटों के लिए इमरजेंसी की घोषणा कर दी। राजधानी तेल अवीव के बेन गुरियन एयरपोर्ट को बंद करते हुए आने-जाने वाली सभी फ्लाइट्स को 90 मिनट के लिए रोक दिया गया। हालांकि, बाद में सेवाएं वापस शुरू कर दी गईं। हिजबुल्लाह के हमले के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कैबिनेट की बैठक बुलाई है। उन्होंने कहा कि हम पर हजारों रॉकेट्स से हमला हुआ, जिसे नाकाम कर दिया गया। नेतन्याहू ने कहा कि हम देश की सुरक्षा के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। जो हमें नुकसान पहुंचाएगा, हम उसे नुकसान पहुंचाएंगे।



### जवाब हमला : इसराइल ने 100 फाइटर जेट्स से लेबनान में हिजबुलाह की रॉकेट लॉन्चिंग साइट्स को बनाया निशाना

**हिजबुल्लाह** के हमले के बाद इसराइली डिफेंस फोर्स ने लेबनान में 100 फाइटर जेट्स से हिजबुल्लाह की रॉकेट लॉन्चिंग साइट्स पर अटैक किया। लेबनान और इजराइल के बीच हमले उस वक्त हुए हैं जब गाजा में जारी जंग को रोकने के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा में बैठक चल रही है। हिजबुल्लाह ने सुबह-सुबह इसराइल पर हमला किया। वहीं, व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता सीन सैवेट ने कहा कि जैसे-जैसे इसराइल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन इसराइल और लेबनान में होने वाली घटनाओं पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। सीनियर अमेरिकी अधिकारी अपने इसराइली समकक्षों के साथ लगातार संवाद कर रहे हैं। हम इजरायल के खुद की रक्षा करने के अधिकार का समर्थन करते रहेंगे और हम क्षेत्रीय स्थिरता के लिए काम करते रहेंगे। बाइडेन ने नेशनल सिक्योरिटी टीम के साथ मीटिंग की है। वहीं, व्हाइट हाउस ने बयान जारी कर कहा है कि अमेरिका, इजराइल को सुरक्षित रखने में उनकी मदद करता रहेगा। आईडीएफ ने कहा कि इसराइल ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ 40 हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें दागीं। आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगरी ने कहा कि इन खतरों को दूर करने के लिए एक आत्मरक्षा कार्रवाई में आईडीएफ लेबनान में आतंकी ठिकानों पर हमला कर रहा है, जहां से हिजबुल्लाह, इसराइली नागरिकों पर हमले शुरू करने की योजना बना रहा था

## यमन के अपतटीय क्षेत्र में नौका के डूबने से 13 की मौत

**एजेंसी, काहिरा**

> नौका में इसके कप्तान और सहायक के अलावा 25 इथियोपियाई प्रवासी सवार थे

यमन के अपतटीय क्षेत्र में प्रवासियों को ले जा रही एक नौका के डूबने के बाद लापता बताए जा रहे 24 से अधिक लोगों में से 13 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी।

लगभग एक दशक लंबे गृह युद्ध के बावजूद यमन काम के लिए अमीर खाड़ी देशों तक पहुंचने की कोशिश करने वाले पूर्वी अफ्रीका के प्रवासियों के लिए एक प्रमुख मार्ग बना हुआ है।

अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने एक बयान में कहा कि नौका में इसके कप्तान और सहायक (दोनों यमनी नागरिक) के अलावा 25 इथियोपियाई प्रवासी सवार थे। घटना मंगलवार को तब हुई जब संबंधित नौका ताइज प्रांत अपतटीय क्षेत्र में पलट गई।

बयान में कहा गया कि अदन की खाड़ी को लाल सागर से जोड़ने वाले बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य के तट पर 11 पुरुषों और दो महिलाओं के शव बरामद किए गए, जबकि दो यमनी नागरिकों सहित 14 अन्य लापता हैं। आईओएम ने कहा कि प्रवासी जिबूती से रवाना हुए थे।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले 'आप' को बड़ा झटका, पांच पार्षद भाजपा में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। आप के पांच पार्षद भाजपा में शामिल हो गए हैं। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और बीजेपी नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी की मौजूदगी में 'आप' पार्षद भाजपा में शामिल हुए। रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) के पांच पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा में शामिल होने वाले पार्षदों में वार्ड 178 से सुगंधा बिधूड़ी, वार्ड 28 से राम चंद्र, वार्ड 30 से पवन सहरावत, वार्ड 180 से मंजू निर्मल, वार्ड 177 से ममता पवन शामिल हैं।

### अमेरिकी दौरा | भारतीय रक्षा मंत्री ने कार्डेरॉक में नौसैन्य सतह युद्ध सामग्री केंद्र का किया दौरा

## भारत और अमेरिका साथ मिलकर काम करने के इच्छुक : राजनाथ

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका मिलकर काम करने और एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ उठाने के इच्छुक हैं। उन्होंने मैरीलैंड में एक शीर्ष अमेरिकी नौसैन्य युद्ध सामग्री केंद्र का निरीक्षण करने के बाद यह टिप्पणी की। राजनाथ सिंह अमेरिका और भारत के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अमेरिका की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं।

उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि कार्डेरॉक में नौसैन्य सतह युद्ध सामग्री केंद्र का दौरा किया और इस केंद्र में किए जा रहे महत्वपूर्ण प्रयोगों को देखा। भारत और अमेरिका मिलकर काम करने और एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ उठाने के इच्छुक हैं। ऑस्टिन ने राजनाथ के साथ बैठक के दौरान अमेरिका-भारत संबंधों की गति की प्रशंसा की। उन्होंने विभिन्न रक्षा मुद्दों पर दोनों देशों के बढ़ते सहयोग का उल्लेख किया, जिसमें उनकी सेनाओं के बीच महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के प्रयास भी शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के विलियम बी मॉर्गन लार्ज कैविटेशन चैनल (एलसीसी) का दौरा किया है। अमेरिका के टेनेसी में नौसेना के सरफेस वॉरफेयर सेंटर में यह चैनल है। यह चैनल दुनिया की सबसे वृहद एवं तकनीकी रूप से सर्वाधिक उन्नत जल सुरंगों में से एक है। यह अमेरिका का वह केंद्र है, जहां पर पनडुब्बियों, टारपीडो और नौसेना के जहाजों व प्रोपेलरों का परीक्षण किया जाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सुरंग के वास्तविक प्रयोग से अवगत कराया गया। इस विजिट के दौरान अमेरिकी नौसेना के उप-अवर सचिव ने राजनाथ सिंह का स्वागत किया।

### तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट दो लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के डिंडीगुल जिले में रविवार को एक पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई। डिंडीगुल के एसपी प्रतीप ने कहा कि डिंडीगुल जिले के नाथम में पटाखा निर्माण फैक्टरी में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने कहा कि विस्फोट के पीछे का सही कारण स्पष्ट नहीं है। डिंडीगुल के एसपी प्रतीप ने कहा कि एसपी ने कहा कि विस्फोट के पीछे का सही कारण स्पष्ट नहीं है।

## यूपीएस में यू का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न : खड़गे

### बोले-बलेटरल एंट्री-ब्रॉडकास्ट बिल के बाद अब पेंशन स्कीम, पीएम के अहंकार पर जनता हावी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्र सरकार के नई पेंशन स्कीम के बाद यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लाने के फैसले के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यूपीएस में यू का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न है।

खड़गे ने 'एक्स' पर कहा कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद जनता की शक्ति पीएम के सत्ता के अहंकार पर हावी हुई है। सरकार ने पहले बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गैन/इंडेक्सेशन का फैसला वापस लिया। इसके बाद ब्रॉडकास्टिंग बिल, यूपीएससी के उच्च पदों पर लेटरल एंट्री का फैसला वापस लिया। हम सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करते रहेंगे। 140 करोड़ भारतीयों को इस सरकार से बचाते रहेंगे।

### शिवसेना बोली- विपक्ष के दबाव में लिया फैसला

**शिवसेना** उद्धव गुट के नेता आनंद दुबे ने कहा कि विपक्ष के दबाव के कारण सरकार ने यूपीएस को अपूव किया है। इस बार भाजपा सिर्फ 240 सीटें जीती हैं, इसलिए उन्होंने सेंट्रल गवर्नमेंट के कर्मचारियों के लिए स्कीम लाई है।

### भाजपा को अब होश आया : 'आप'

**'आप'** नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा को अब होश आया है। भाजपा अब अग्निवीर योजना जैसे अपने अन्य फैसले भी जल्द ही वापस लेगी। यह साबित हो गया है कि विपक्ष जो कह रहा था, वह सही था। केंद्र सरकार ही केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों का दमन कर रही थी। केंद्र सरकार के कर्मचारियों ने भाजपा के खिलाफ वोट किया। इसी के बाद भाजपा को होश आया है।

# नोवाक जोकोविच की निगाह रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब पर


## आज से शुरू होगा अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**


पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उत्साह से भरे नोवाक जोकोविच सोमवार से यहां शुरू होने वाले अमेरिकी (यूएस) ओपन टेनिस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे।

जोकोविच ने पेरिस में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता। उनके नाम पर 24 ग्रैंड स्लैम सहित कुल 99 खिताब दर्ज हैं और वह यहां अपने खिताबों का शतक पूरा करने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा सबसे अधिक सप्ताह तक विश्व का नंबर-1 खिलाड़ी बने रहने का रिकॉर्ड भी जोकोविच के नाम पर है। जोकोविच ने कहा,''लोग मुझसे पूछते हैं कि अब तो आपने स्वर्ण पदक भी जीत लिया है तो फिर अब हासिल करने के लिए क्या बचा है, लेकिन मेरे अंदर अब भी प्रतिस्पर्धा करने की भावना है। मैं आगे भी इतिहास बनाना चाहता हूं और अपने करियर के इस दौर का पूरा आनंद लेना चाहता हूं।''

सर्बिया के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी का अमेरिकी ओपन के पहले दौर में सामना मोल्दोवा के 138वीं रैंकिंग वाले राडू अल्बोट से होगा। अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के बाद कोई भी खिलाड़ी लगातार टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है और अब जोकोविच के पास यह मौका है। फेडरर ने 2004 से लेकर 2008 तक लगातार पांच खिताब जीते थे। जोकोविच को इस बार दूसरी वरीयता दी गई है। जोकोविच को स्पेन के 21 वर्षीय कार्लोस अल्कराज से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है, लेकिन वह अमेरिकी ओपन में अपना पांचवा खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



### इन पर भी नजरें



**कोको गॉफ** । अमेरिका की युवा गत चैंपियन कोको गॉफने पिछले वर्ष अपनी क्षमता से सबको चौंका दिया था। इस बार भी न्यूयार्क में वह प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगी। उनका आक्रामक खेल और गति यूएस ओपन के हार्ड कोर्ट पर उन्हें दावेदारों में सबसे आगे करता है।



**इगा स्वियातेक** । पोलैंड की विश्व नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक अपने ग्रैंडस्लैम की संख्या में वृद्धि करने के लिए पूरा जोर लगाएंगी। रोलां गैरो में चौथा खिताब जीतने वाली इस पोलिश खिलाड़ी ने ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीता था।



**अरीना सबालेंका** । अरीना सबालेंका पिछली बार कोको गॉफ से हार गई थीं। हालांकि, वह अपनी हार का बदला लेने के इरादे से इस बार न्यूयार्क में उतरेंगी। बेलारूस की इस खिलाड़ी ने भले ही ओलंपिक में भाग नहीं लिया था, परंतु वर्ष का अंतिम ग्रैंडस्लैम जीतकर वह इस वर्ष का अंत सुखद अंदाज में करना चाहेंगी।

# यूएस ओपन की तैयारियां पुख्ता, लिंडा ने अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता

**एजेंसी, मॉन्टेरी ( मैक्सिको )**

छठी वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा ने लुलु सन को 7-6 (6) 6-4 से हराकर मॉन्टेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता। इस तरह से नोस्कोवा ने पिछले हफ्ते सिनसिनाटी ओपन के पहले दौर में सन से सीधे सेटों में मिली हार का बदला ले लिया। उन्होंने यहां खिताब जीतकर सोमवार से शुरू होने वाले यूएस ओपन के लिए अपनी पुख्ता तैयारी का सबूत भी पेश किया।

### प्वाइंट कार्ड

| लुलु सन | | लिंडा नोस्कोवा |
|---|---|---|
| 13 | एस | 04 |
| 05 | डब्ल फॉल्ट | 03 |
| 63% | पहली सर्व | 54% |
| 75% | पहली सर्व जीती | 79% |
| 50% | दूसरी सर्व जीती | 64% |
| 1/7 | ब्रेक प्वाइंट | 2/6 |
| 00 | टाइब्रेक जीता | 01 |
| 77 | प्वाइंट जीते | 86 |



## स्पोर्ट्स विंडो


### तन्वी ने एशियाई अंडर-15 का खिताब जीता

नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ी तन्वी पत्री ने चीन के चेंग्दू में फाइनल में वियतनाम की थि थू हुयेन गुयेन को सीधे गेम में हराकर बैडमिंटन एशिया अंडर-17 एवं अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में अंडर-15 वर्ग में लड़कियों का एकल खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त 13 वर्षीय तन्वी ने 34 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में अपनी दूसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी पर 22-20 21-11 से जीत हासिल की। तन्वी इस जीत से सामिया इमाद फारूकी और तस्नीम मीर की सूची में शामिल हो गईं, जिन्होंने क्रमशः 2017 और 2019 में अंडर-15 लड़कियों का एकल खिताब जीता था। तन्वी ने पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा और उन्होंने जो पांच मैच खेले उनमें एक भी गेम नहीं हारा। फाइनल के पहले गेम में तन्वी एक समय 11-17 से पीछे चल रही थी, लेकिन इसके बाद वियतनाम की खिलाड़ी ने कई गलतियां की जिसका फायदा उठाकर भारतीय खिलाड़ी पहला गेम अपने नाम पर करने में सफल रही। तन्वी ने दूसरे गेम में अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया और मैच जीत कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस तरह से भारत ने इस प्रतियोगिता में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। ज्ञान दत्तू टीटी ने शनिवार को अंडर-17 वर्ग में लड़कों की एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।



### विवाह बंधन में बंधे क्रिस्टियानो रोनाल्डो!

**नई दिल्ली।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो 2016 से जॉर्जिना रोड्रिग्ज को डेट कर रहे है। इस 39 वर्षीय फुटबॉलर ने जॉर्जिना को अपनी 'पत्नी' बताकर फैंस को हैरान कर दिया। इस जोड़े के दो बच्चे हैं, जबकि जॉर्जिना उनके अन्य तीन बच्चों की सौतेली मां भी हैं। इस जोड़े ने सार्वजनिक रूप से अपनी शादी की घोषणा नहीं की है। हालांकि, रोनाल्डो ने एक इंटरव्यू में संकेत दिया कि उन्होंने और जॉर्जीना ने एक गुप्त समारोह में शादी कर ली है।



# युवराज बन सकते हैं दिल्ली कैपिटल्स के कोच

**एजेंसी, नई दिल्ली**

युवराज सिंह के चाहने वालों के लिए बड़ी खुशखबरी निकलकर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो जल्द ही वह एक नए अंदाज में देश की प्रतिष्ठित लीग आईपीएल में नजर आने वाले हैं। आज से करीब 5 साल पूर्व आईपीएल में अपना आखिरी मुकाबला खेलने वाले युवराज सिंह इस बार बतौर कोच लीग में एंट्री करने को तैयार हैं।

बताया जा रहा है कि आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर से संपर्क किया है। अगर सबकुछ सही रहा तो वह आगामी सीजन में दादा (सौरव गांगुली) के साथ काम करते हुए नजर आएंगे। बता दें दिल्ली कैपिटल्स का प्रदर्शन पिछले 3 सालों में बेहद खराब रहा है। उसके फ्लॉप प्रदर्शन का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि टीम अपने पिछले तीनों सालों में प्लेऑफ के लिए भी क्वालीफाई करने में नाकामयाब रही है। यही वजह है कि फ्रेंचाइजी आगामी सीजन से पूर्व अब एक्शन में आ गई है। पिछले कुछ सालों से टीम के मुख्य कोच रहे रिकी पोंटिंग से टीम ने किनारा कर लिया है। इस दौरान जाते जाते ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने हिंट दिया था कि फ्रेंचाइजी अब किसी हमवतन क्रिकेटर को ही इस पद पर देखना चाहती है। पोंटिंग के संकेत और अब मीडिया रिपोर्ट्स से मिल रही जानकारियों से ये कहीं न कहीं बात सच साबित होती हुई नजर आ रही है। अगर युवराज दिल्ली के कोच बनते हैं तो कहीं न कही उसकी साख में भी बढ़ोतरी होगी।



### टी-20 के एक्सपर्ट

**युवराज** को टी-20 क्रिकेट का एक्सपर्ट माना जाता है। उन्होंने आईपीएल में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। स्टार क्रिकेटर ने यहां 132 मुकाबले खेले हैं। इस बीच उनके बल्ले से 126 पारियों में 24.77 की औसत से 2750 रन निकले हैं।

आईपीएल में उनके नाम 13 अर्धशतक दर्ज है। वहीं बात करें उनके गेंदबाजी प्रदर्शन के बारे में तो उन्होंने यहां इतने ही मुकाबलों की 73 पारियों में 29.92 की औसत से 36 विकेट चटकाए हैं। आईपीएल में उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 29 रन खर्च कर 4 विकेट है।

### गुजरात टाइटंस में जाने की चर्चा को लगा विराम

**पिछले** महीने खबर आई थी कि युवराज सिंह गुजरात टाइटंस के कोच के रूप में आशीष नेहरा की जगह लेने की दौड़ में शामिल थे, लेकिन ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आशीष नेहरा के मुख्य कोच के रूप में बने रहने की संभावना है ।

### इन फ्रेंचाइजी के लिए खेल चुके हैं युवराज

**युवराज** ने भारत को टी-20 विश्व कप 2007 और वनडे विश्व कप 2011 जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल खिताब जीतने के बाद 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने पंजाब किंग्स, पुणे वॉरियर्स इंडिया, दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के लिए खेला।

## पैरालंपिक में पर्यवेक्षक होंगे रोहड़ू के ललित

**दशमी रावत, रोहड़ू।** 28 अगस्त से 9 सितंबर तक पेरिस में होने वाले पैरालंपिक खेलों में रोहड़ू के ललित ठाकुर देश की ओर से पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि ललित ठाकुर प्रदेश के पहले खेल अधिकारी हैं जो इस जिम्मेदारी को निभाएंगे। पेरिस पैरालंपिक प्रतियोगिता में भारत के 84 खिलाड़ी 12 खेलों में भाग ले रहे है और ललित ठाकुर पर्यवेक्षक के तौर पर इन सभी 12 खेलों का प्रवेक्षण करेंगें। इससे पहले भी ललित विश्व स्तरीय प्रतियोगिता और पैरा एशियाड में अहम भूमिका निभा चुके है। (अनंत ज्ञान)



## ग्रैंड शतरंज टूर में अलीरेजा फिरौजा ने बनाई एकल बढ़त

**एजेंसी, सेंट लुइस**

ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने यहां चल रहे सिंकफील्ड कप के 5वें दौर में अमेरिका के वेस्ले सो के खिलाफ मजबूत स्थिति को जीत में बदलने में विफल रहे जबकि विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश को नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रा खेलना पड़ा। फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा ने हॉलैंड के अनीश गिरी को हराया जबकि 10 खिलाड़ियों के राउंड-रोबिन टूर्नामेंट में अन्य मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। सफेद मोहरों से खेलते हुए फिरौजा ने गिरी को हराने के बाद एकल बढ़त बना ली।

फिरौजा के नाम अब साढ़े तीन अंक है और वह वेस्ले सो से अब आधा अंक आगे है। वेस्ले ने शानदार एकाग्रता दिखाते हुए प्रज्ञानानंदा को ड्रॉ पर रोका। फ्रांस के मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव, प्रज्ञानानंदा, गुकेश, चीन के डिंग लिरेन, रूस के इयान नेपोम्नियाच्ची और अमेरिका के फैबियानो कारूआना 2.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव दो अंकों के साथ 9वें स्थान पर हैं, जो गिरी से आधा अंक आगे हैं।



## ऑस्ट्रेलिया-ए ने भारत-ए को 45 रन से हराया

**गोल्ड कोस्ट।** टेस फ्लिंटॉफ (39 रन देकर तीन विकेट) और चार्ली नॉट (34 रन देकर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया-ए ने रविवार को यहां अनधिकृत महिला टेस्ट क्रिकेट मैच में भारत-ए को 45 रन से हरा दिया। भारतीय टीम 289 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 243 रन पर आउट हो गई।

भारतीय टीम ने सुबह छह विकेट पर 149 रन से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन उसके बाकी बचे बल्लेबाज खेल के चौथे दिन 94 रन ही जोड़ पाए। राघवी बिष्ट (26) और उमा छेत्री (47) ने सावधानी से बल्लेबाजी की और 61 रन की साझेदारी निभाई। फ्लिंटॉफ ने इन दोनों खिलाड़ियों को चार गेंद के अंदर आउट करके भारत का स्कोर आठ विकेट पर 212 रन कर दिया।

हरफनमौला सयाली सतघरे ने 36 गेंदों में 21 रन बनाए, लेकिन यह जीत के लिए पर्याप्त नहीं था।

# बांग्लादेश से 23 साल में पहली बार टेस्ट मैच में हारा पाकिस्तान

**एजेंसी, रावलपिंडी**

बांग्लादेश ने पाकिस्तान को दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में 10 विकेट से हराया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने पहली पारी में छह विकेट पर 448 रन बनाकर पारी घोषित की थी।

जवाब में बांग्लादेश ने 565 रन बनाए और 117 रन की बढ़त हासिल की। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में पाकिस्तान को 146 रन पर समेट दिया। 30 रन के लक्ष्य को बांग्लादेश ने 10 विकेट रहते हासिल कर लिया। मुशफिकुर रहीम को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। दोनों टीमों के बीच दूसरा और आखिरी टेस्ट 30 अगस्त से रावलपिंडी में ही खेला जाएगा।

बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच सबसे पहला टेस्ट 29 अगस्त 2001 से खेला गया था। करीब 23 साल में यह पहली बार है जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान को टेस्ट में हराया है। इस बीच दोनों देशों के बीच 14 टेस्ट खेले गए हैं और 12 टेस्ट पाकिस्तान ने जीते हैं। एक बांग्लादेश ने जीता है और एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। वहीं, पाकिस्तान की यह अपने घर में एक और शर्मनाक हार है। टीम चार मार्च 2022 के बाद अपने घर में नौ टेस्ट खेल चुकी है और पांच मुकाबले हार चुकी है।

### मुशफिकुर बने 'प्लेयर ऑफ द मैच'




पाकिस्तान के खिलाड़ी को आऊट करने के बाद खुशी मनाते बांग्लादेश के प्लेयर्स।

**क्रिकेट** इंग्लिश टीम ने श्रीलंका को पहले टेस्ट मैच में हराया, रूट का अर्धशतक

# इंग्लैंड ने पांच विकेट से जीता मैनचेस्टर टेस्ट

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

जो रूट ने नाबाद 62 रन की पारी खेली जिसकी मदद से इंग्लैंड ने खराब शुरुआत से उबरकर श्रीलंका को पहले टेस्ट मैच में पांच विकेट से हराया। इंग्लैंड के सामने 205 रन का लक्ष्य था, लेकिन उसकी टीम एक समय तीन विकेट पर 78 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। रूट ने यहीं से जिम्मेदारी संभाली।

उन्हें हैरी ब्रूक (32) का अच्छा सहयोग मिला जिससे इंग्लैंड लगातार चौथा टेस्ट मैच जीतने में सफल रहा। इंग्लैंड ने पांच विकेट पर 205 रन बनाए। इंग्लैंड ने इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। इससे पहले श्रीलंका की टीम अपनी दूसरी पारी में 326 रन पर आउट हो गई थी। उसकी तरफ से 7वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे कामिंडु मेंडिस ने सर्वाधिक 113 रन बनाए। इन दोनों टीम के बीच दूसरा टेस्ट मैच लॉर्ड्स में गुरुवार से खेला जाएगा।




### रूट ने तोड़ा द्रविड़-बॉर्डर का रिकॉर्ड, सचिन के रिकॉर्ड को तोड़ने से महज पांच अर्धशतक दूर

**इंग्लैंड** के स्टार बल्लेबाज जो रूट एक बाद एक रिकॉर्ड तोड़कर नित नए इतिहास रच रहे हैं। मैनचेस्टर में श्रीलंका के खिलाफ पहला टेस्ट 5 विकेट से जीतने के साथ ही जो रूट टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले इंगलिश खिलाड़ी बन गए। इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा अर्धशतक के राहुल द्रविड़ और एलन बॉर्डर के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है।

अब वह इस मामले में शीर्ष पर काबिज महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ने से महज पांच अर्धशतक दूर हैं। इतना ही नहीं जो रूट मैनचेस्टर में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर करने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं।

टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक टेस्ट अर्धशतकों की सूची में 68 अर्धशतकों के साथ भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर टॉप पर हैं। वहीं, वेस्टइंडीज के शिवनारायण चंद्रपॉल 66 अर्धशतक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

मेनचेस्टर टेस्ट की चौथी पारी में अर्धशतक के साथ जो रूट के अब 64 अर्धशतक हो गए हैं। उन्होंने इस मामले में राहुल द्रविड़ (63) और एलन बॉर्डर (63) को पीछे छोड़ते हुए तीसरे पायदान पर काबिज हो गए हैं।

